दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — हमारे पुरखों ने जंगलों को सहेज कर रखा...
4 अभिव्यक्ति — विश्व एक नए शीत युद्ध की ओर...
9 मनोरंजन/खेल — उर्वशी को सता रही है बीच की याद...
11 व्यापार — छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज आधारित...

www.navpradesh.com बिलासपुर, शनिवार 6 जून 2020, आषाण कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-57 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

यह कतई जरूरी नहीं है कि हर पढ़ा लिखा व्यक्ति समझदार ही हो। उनमें से कई उव्वल दर्जे के मूर्ख भी हो सकते है। तभी तो कुछ लोग पढ़े लिखे गवांर कहलाते है। फिर पढ़े लिखे अपराधी बनने लगे, पढ़े लिखे नेता भी बनने लगे। फिर पढ़े लिखे आतंकवादी बनने लगे। अब पढ़े लिखे जानवर भी बनने लगे है। सबसे शिक्षित प्रदेश केरल में हाथिनी के साथ जो क्रूरता हुई है उसके गुनाहगारों को यदि कानून ऐसी ही दर्दनाक मौत की सजा दें तो भी कम है। वाकई सही कहा है किसी ने कि इस दुनिया में सबसे खतरनाक जानवर इंसान है।

अच्छी खबर

अब प्रवासियों को भी मिलेगा खाद्यान्न

रायपुर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ में अब राशनकार्डधारकों के अलावा उन प्रवासियों को भी खाद्यान्न मिलेगा जिनके पास राशनकार्ड नहीं है। यह योजना मई और जून के लिए लागू की गई है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिमाह 5 किलो चावल व प्रति राशनकार्ड प्रतिमाह एक किलो चना दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस योजना के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी कर दिया है। आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत सभी प्रवासी व्यक्तियों और श्रमिकों को राशन दुकानों से निःशुल्क चावल व चने का वितरण किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें 30 जून तक अनिवार्य रूप से वितरण करने के लिए कहा गया है।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	2,33,576	6,440
अमेरिका	19,27,961	110,329
ब्रिटेन	283,311	40,261
ब्राजील	618,554	34,072
इटली	234,013	33,689
फ्रांस	152,444	29,065
स्पेन	287,740	27,133
मैक्सिको	105,680	12,545
बेल्जियम	58,907	9,566
जर्मनी	184,923	8,736
ईरान	167,156	8,134
कनाडा	93,726	7,637
नीदरलैंड	47,152	6,005
रूस	449,834	5,528
टर्की	167,410	4,630
स्वीडन	41,883	4,562

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 34287.24
निफ्टी- 10142.15
गोल्ड- 45720 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 47259 (1 कि ग्रा.)

क्वारंटाइन में रह रहे लोगों से सीएम भूपेश ने की बात, सुझाव भी मांगे

अफसरों से कहा- सुनिश्चित करें कि सेंटरों पर किसी प्रकार की कोई कमी न हो

रायपुर/नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ के क्वारंटाइन सेंटर की सीएम भूपेश बघेल लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस क्रम में सीएम बघेल ने शुक्रवार को प्रदेश के विभिन्न क्वारंटाइन सेंटरों में ठहरे लोगों के साथ बातचीत की। मुख्यमंत्री बघेल ने इसके साथ ही जिलाधीशों व सरपंचों से भी बात की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान लोगों से क्वारंटाइन सेंटरों की व्यवस्था के बारे में पूछा

और लोगों से सुझाव भी मांगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि क्वारंटाइन सेंटरों पर किसी प्रकार की कोई कमी न हो।

सतर्कता बरतने के दे चुके निर्देश

गौरतलब है कि गुरुवार को ही मुख्यमंत्री बघेल ने सभी कलेक्टरों को कोरोना से बचाव के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। इस संबंध का परिपत्र मुख्य सचिव आरपी मंडल की ओर से गुरुवार को जारी किया गया था। इसमें कलेक्टरों व अधिकारियों को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री ने रोपे पौधे, जनता से भी की पौधा रोपण की अपील

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास परिसर में अमरूद, आम और बोहार (लसोड़) के पौधे लगाए। बघेल ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने घरों में या आसपास एक पौधा अवश्य लगाएं और इसे जीवित रखने की जिम्मेदारी लें।

सीएम व विस अध्यक्ष ने किया संत कबीर का स्मरण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने शुक्रवार को संत कबीर दासजी की जयंती के अवसर पर उनका स्मरण किया। डॉ. महंत ने संत कबीर का स्मरण करते हुए उनके छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलवित कर शिस नवाकर प्रणाम किया। विस अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने संत कबीर जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी, शुभकामनाएं संदेश में कहा- 'साईं इतना दीजिये, जा मे कुटुम समाय। मैं भी भूखा न रहूँ, साधु ना भूखा जाय॥' विस अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा है कि संत कबीरजी मध्यकालीन भारत के स्वाधीनचेता महापुरुष, सफल साधक, भक्त कवि, मतप्रवर्तक एवं समाज सुधारक थे। सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता के उनके संदेश को मेरी तरह अनेकों छत्तीसगढ़ के लोगों ने भी आत्मसात किया है।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय जारी कर चुका आदेश

केंद्र ने दो को छोड़ सभी नई योजनाओं पर लगाई रोक

वर्ष 2021 तक सिर्फ आत्म निर्भर भारत व गरीब कल्याण योजना ही रहेगी जारी

नई दिल्ली/ए.। कोरोना संकट और लॉकडाउन की वजह से सुस्त नजर आ रही देश की अर्थव्यवस्था को देखते हुए मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने नई योजनाओं की शुरुआत पर रोक लगा दी है।

हालांकि सरकार के इस फैसले का असर आत्मनिर्भर भारत और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजनाओं पर नहीं पड़ेगा। इन पर कोई रोक नहीं रहेगी। सरकार की ओर से जारी आदेश में साफ तौर पर कहा गया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना या आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत घोषित योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करें। वित्त मंत्रालय ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा मार्च 2021 तक स्वीकृत नई योजनाओं की शुरुआत को रोक दिया है। यह आदेश उन योजनाओं पर भी लागू होगा जिनके लिए वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने सैद्धांतिक अनुमोदन दे दिया है।

'संसाधनों का विवेकपूर्ण ढंग से करना होगा उपयोग'

वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग की ओर से 4 जून को जारी आदेश में कहा गया, 'कोरोना महामारी के मद्देनजर सार्वजनिक वित्तीय संसाधनों पर अभूतपूर्व मांग है और बदलती प्राथमिकताओं के साथ संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करने की आवश्यकता है।' इस आदेश में कहा गया, 'स्थायी वित्त ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निजी अस्पतालों में कोरोना इलाज की अधिकतम सीमा बताएं केंद्र : सुको

नई दिल्ली/(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने निजी अस्पतालों में कोरोना महामारी के इलाज पर आने वाले खर्च की ऊपरी सीमा तय करने संबंधी याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार का पक्ष जानना चाहा। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय खंडपीठ ने अभिषेक गोयनका की याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए केंद्र सरकार से अपना पक्ष रखने को कहा। न्यायालय ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को एक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मजदूरों की बदहाली मामले में फैसला 9 को

उच्चतम न्यायालय लॉकडाउन के कारण विभिन्न प्रांतों में फंसे मजदूरों की बदहाली पर स्वतः संज्ञान मामले में आगामी मंगलवार को अपना फैसला सुनाएगा। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम आर शाह की खंडपीठ ने सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायालय ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा नेत्री ने अफसर पर बरसाई चप्पल

■ तमाशबीन बना रहा पुलिस अफसर, सोनाली फोगाट का वीडियो वायरल

हिसार/(वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी नेता व टिकटॉक स्टार सोनाली फोगाट ने शुक्रवार को हरियाणा के हिसार जिले में बालसमंद की अनाज मंडी में हिसार मार्केट कमेटी के एक अधिकारी ने चप्पल जड़ दिए। जिसके वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गये। वायरल वीडियो में फोगाट एक पुलिस अधिकारी की मौजूदगी में अधिकारी सचिव सुलतान सिंह के मुंह, सिर आदि पर चप्पल से पिटाई करते हुए साफ तौर पर दिखाई दे रही है। फोगाट अधिकारी को गालियां भी देते सुनाई देती हैं। सूत्रों के अनुसार फोगाट किसानों के लिए शेड बनाने के मुद्दे पर बात करने गई थीं, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भला बुरा भी कहा

मंडी में ही एक व्यक्ति के बनाये घटना के वायरल पहले वीडियो में फोगाट थप्पड़ मारने से पहले मार्केट कमेटी के अधिकारी से कहती दिख रही है, 'तुम्हें जितने थप्पड़ मारे जाएं कम हैं। तुम्हारे लिए कोई माफी नहीं। औरत के साथ भद्दा मजाक, भद्दी बात बोलना किसने सिखाया आपको? तुम्हारे घर में मां-बहन नहीं हैं?

पृथ्वी की सभी वनस्पतियों एवं जीवों की सुरक्षा करें सुनिश्चित

नई दिल्ली/(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देशवासियों का आह्वान किया कि वे पृथ्वी पर सभी वनस्पतियों एवं जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। मोदी ने यहां ट्वीटर पर कहा, विश्व पर्यावरण दिवस पर हम अपनी धरती की समृद्ध जैव विविधता को संरक्षित करने का अपना संकल्प दोहराते हैं। उन्होंने कहा, 'आइए, हम सभी सामूहिक रूप से यथासंभव ठोस प्रयास कर पृ?वी

पर अपने साथ फल-फूल रही वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अथक प्रयासों से हम इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर स्थान बना सकते हैं।

राज्यसभा के लिए कर्नाटक से उम्मीदवार बने खड़गे

नई दिल्ली/ (वार्ता)। कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खडगे को राज्यसभा के लिए चुनाव मैदान में उतारा है और उन्हें कर्नाटक से उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उनके नाम को मंजूरी दी है। उन्हें राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में पार्टी ने कर्नाटक से उम्मीदवार बनाया है। खड़गे 16वीं लोकसभा में कांग्रेस के सदन के नेता थे लेकिन 17वीं लोकसभा चुनाव में वह हार गये। वह पार्टी के महाराष्ट्र के प्रभारी महासचिव हैं जहां कांग्रेस उद्धव ठाकरे सरकार में सहयोगी पार्टी है।

कोरोना : कोरबा से 40 समेत 90 नए पॉजिटिव केस मिले

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को 7:30 बजे तक कोरोना के 90 नए मरीज मिले हैं। इनमें कोरबा-40, रायगढ़- 13, बलौदाबाजार-15, बिलासपुर-14, रायपुर-3, राजनांदगांव-2 तथा दुर्ग, कोरिया व बलरामपुर से 1-1 शामिल हैं। वहीं शुक्रवार को 25 कोरोना मरीजों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज भी कर दिया गया है। इनमें एम्स रायपुर से 10, कोविड अस्पताल माना रायपुर से 15 लोग शामिल हैं। इस तरह अब राज्य में एक्टिव पॉजिटिव की संख्या बढ़कर 628 हो गई है। वहीं कुल मामलों की बात करें तो यह आंकड़ा बढ़कर 861 हो गया है। इनमें से 231 को डिस्चार्ज किया गया है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कल सामने आए थे 145 मरीज

प्रदेश में चिंता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि गुरुवार को करीब 24 घंटे के भीतर ही 145 नाए कोरोना मरीज सामने आए थे। वहीं शुक्रवार को पॉजिटिव पाए गए 90 मरीजों के साथ ही प्रदेश में एक्टिव कोरोना पॉजिटव की संख्या 600 पार पहुंच गई है।

गरमा-गरम

अनुमान तिब्बत, बोलविया और इक्काडोर में किए गए अध्ययन के आधार पर शोधकर्ताओं का दावा

पहाड़ी इलाकों में रहने वालों को कोरोना से कम खतरा

नई दिल्ली/नवप्रदेश। कोरोना को ऊंचाई से डर लगता है। पढ़कर आश्चर्य हो रहा होगा, लेकिन यह हकीकत है। समुद्र तल से अधिक ऊंचाई पर स्थित पहाड़ी इलाकों में लोगों को कोरोना संक्रमण का खतरा कम है। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में ये निष्कर्ष निकाला है। मीडिया में इस संबंध की रिर्पोट प्रकाशित हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक शोधकर्ताओं ने तिब्बत, बोलविया, इक्काडोर में किए गए अध्ययन के मुताबिक, समुद्रतल से अधिक ऊंचाई पर रहने वाले लोगों को कोरोना वायरस का खतरा कम होता है। अध्ययन के मुताबिक समुद्रतट से 3000 मीटर या इससे अधिक ऊंचाई पर रहने वाले लोगों को इससे कम ऊंचाई पर रहने वाले लोगों की तुलना में कोरोना वायर का खतरा कम होता है। भारत में उत्तराखंड ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इन वजहों से पहाड़ी इलाकों के लोगों में कम होता है खतरा

शोधकर्ताओं के मुताबिक, पहाड़ी भागों में दिन व रात के तापमान काफी अंतर होता है। इसके अलावा हवा भी शुष्क होती है। इसकी वजह से बीमारी फैलने की आशंका कम होती है। इसके अलावा सूर्य से आने वाली अल्ट्रावायलेट किरणें भी समतल भाग की तुलना में अधिक होती है। अल्ट्रावॉयलेट किरणें प्राकृतिक सैनिटाइजर का काम करते हैं। ऊंचे स्थानों पर अल्ट्रावॉयलेट किरणों से वायरस निष्क्रय होकर फैलता नहीं है। इसी प्रकार हवा का दाब भी वायरस के प्रभाव को कम करने में मदद करता है।

ऑक्सीजन की कमी भी साबित होती है कारगर

ऊंचाई वाले स्थानों पर ऑक्सीजन की कमी शरीर में एसीई 2 रसेप्टर्स पर प्रभाव डालती है। इसी रिसेप्टर के जरिए कोरोना वायरस शरीर की मांसपेसियों पर अटैक करता है। ऊंचाई वाले स्थानों पर रहने वाले लोगों में ऑक्सीजन की कमी से होने वाले हायपॉक्सिया यानी शरीर में ऑक्सीजन का स्तर कम होने की स्थित के विरुद्ध लड़ने की क्षमता विकसित होती है। ऊंचाई पर रहने वाले लोग एक्युट रेसपिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (श्वसनसंबंधी समस्या) से बचाव होता है।

लद्दाख सीमा विवाद पर चीन के साथ आज होगी बातचीत

नई दिल्ली/ए.। भारत और चीन के बीच लद्दाख में चल रहे तनाव के बीच शनिवार को डेलिगेशन लेवल की बातचीत होगी। इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं क्योंकि दोनों पक्षों के बीच पहले कई दौर की मीटिंग बेनतीजा खत्म हुई थी। इस बार की बताचीत के लिए भारत ने चीन के घेरने के लिए चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। अभी गलवान घाटी समेत कई इलाकों में दोनों तरफकी सेनाएं आमने-सामने हैं और तनाव चरम पर है। माना जा रहा है कि इस बैठक में 4-5 मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। शनिवार को होने वाली बातचीत में भारत का नेतृत्व लेफ्टिनेंट नजरल हरिंदर सिंह करेंगे। उनके साथ मेजर नजरल बापट और ब्रिगेडियर एवं कर्नल लेवल के अधिकारी भी शामिल होंगे। इस बैठक में 4-5 अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। चुशूल-मोलदो सीमा पर भारत 4-5 जगहों के लेकर चीन को घेरेगा।

किम जोंग उन की बहन की धमकी से डरा दक्षिण कोरिया, माननी पड़ी यह बात

प्योंगयांग ए.। उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन की बेहद ताकतवर बहन किम यो जोंग एक फिर से चर्चा में हैं। किम यो जोंग की हनक का आलम यह है कि दक्षिण कोरिया को उनकी लंबे समय चली आ रही एक मांग को मानने के लिए मजबूर होना पड़ा है। दरअसल, उत्तर कोरिया के विद्रोही दक्षिण कोरिया की सीमा पर गुब्बारे उड़ाते रहते हैं। इन गुब्बारों पर किम जोंग उन की तानाशाही के विरोध वाले मेसेज लिखे होते हैं। किम यो जोंग ने इन गुब्बारों को लॉन्च करने वाले उत्तर कोरियाई विद्रोहियों को 'मानव मल' और अपने देश को धोखा देने वाला 'दोगला कुत्ता' करार दिया था। तानाशाह की बहन ने दक्षिण कोरिया को धमकी दी कि अगर उसने इस विरोध प्रदर्शन को नहीं रोका तो वह दोनों देशों के बीच हुआ सैन्य समझौता रद्द कर देंगी। किम यो जोंग की मांग के आगे झुकते हुए दक्षिण कोरिया ने ऐलान किया है कि वह इस तरह के विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए नया कानून बनाएगा।

द. कोरिया ने पहले खारिज कर दी थी मांग

दक्षिण कोरिया को उम्मीद इस कानून के बाद उसके उत्तर कोरिया से सामान्य संबंध बने रहेंगे। इससे पहले दक्षिण कोरिया कई बार पुलिस को भेजकर इस तरह के गुब्बारों को उड़ाने से रोकता रहा है। हालांकि दक्षिण कोरिया उत्तर कोरिया के बैन लगाने की मांग को पहले खारिज करता रहा है। दक्षिण कोरिया से उत्तर कोरिया को गुब्बारे भेजने की प्रक्रिया पछिले कई वर्षों से चल रही है। उत्तर कोरिया इसे अपनी सरकार पर हमला मानता रहा है।

द. कोरिया से सैन्य समझौता तोड़ने की धमकी

हाल के दिनों में विद्रोहियों ने उत्तर कोरियाई तानाशाह के परमाणु बम बनाने की महत्वाकांक्षा और मानवाधिकारों को लेकर आलोचना वाले गुब्बारे उड़ाए थे। इसके बाद किम जोंग उन की बहन ने सैन्य समझौते को तोड़ने की धमकी दे दी। किम यो जोंग ने कहा कि अगर दक्षिण कोरिया ने कार्रवाई नहीं की तो वह संपर्क कार्यालय और एक फैक्ट्री स्थल को बंद कर देंगी जो दोनों देशों के बीच संबंधों के बेहतर होने का प्रतीक माना जाता है।

तानाशाह किम जोंग उन से ज्यादा क्रूर है बहन

अंग्रेजी अखबार मिरर के मुताबिक एक्सपर्ट्स इस बात की चेतावनी देते हैं कि किम यो जोंग बेहद क्रूर हैं। माना जाता है कि यो जोंग इस बात का फैसला करती थीं कि जोंग उन तक कौन से मुद्दे ले जाए जाने के लिए अहम हैं। कहा जाता है कि यो जोंग पार्टी के लोगों को उन्हें सम्मान और डर से पेश आने के लिए कहती थीं। नॉर्थ कोरिया की मीडिया हमेशा उनका जिक्र करती है क्योंकि वाइस डायरेक्टर का पद भले ही न मिला हो, हैसियत वही है। ऑर्गनाइजेशन ऐंड गाइडेंस डिपार्टमेंट में किम यो जांग के बढ़ते कद ने उन्हें वर्कर्स पार्टी के ब्यूरोक्रैट्स की नजरों में नॉर्थ कोरिया का नंबर 2 बना दिया। उत्तर कोरिया के लाइव फायर मिलिट्री अभ्यास का दक्षिण कोरिया ने विरोध किया तो किम यो जोंग ने कहा था कि 'डरे हुए कुत्ते भौंक रहे हैं।' इससे पहले मार्च महीने में किम यो जोंग ने सार्वजनिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्र भेजने के लिए प्रशंसा की थी। उन्होंने आशा जताई थी कि उत्तर कोरिया और अमेरिका के बीच संबंध बेहतर होंगे। उत्तर कोरियाई मामलों के जानकार लिओनिड पेट्रोव कहते हैं, 'किम यो जोंग की अपने भाई तक सीधी पहुंच है। यही नहीं उत्तर कोरियाई शासक पर उनकी बहन का गहरा प्रभाव है। किम यो जोंग अपने भाई की सबसे वफादार हैं ।

चीनी मीडिया ने जी-7 के विस्तार पर दी धमकी

आग से खेल रहा है भारत

पेइचिंग ए.। लद्दाख सीमा पर चले सैन्य तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत को जी 7 में शामिल करने की योजना से चीन आगबबूला हो गया है। चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने एक चीनी विशेषज्ञ के हवाले से कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप के जी 7 का विस्तार करके जी 11 या जी 12 किए जाने पर सकारात्मक जवाब दिया है। चीनी समाचार पत्र ने धमकाने के अंदाज में कहा कि जी 7 के विस्तार में शामिल होने की कोशिश कर भारत आग से खेल रहा है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि जी 7 के विस्तार का विचार भूराजनीतिक गणित पर आधारित है और इसका मकसद चीन की घेरेबंदी करना है। अमेरिका भारत को इसमें इसलिए शामिल कराना चाहता है क्योंकि नई दिल्ली न केवल दुनिया की पाचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि भारत अमेरिका की इंडो-पैसफिक रणनीति का एक अहम पिलर बन गया है। चीन को इंडो-पैसफिक इलाके में संतुलित करने के लिए अमेरिका लंबे समय से भारत की भूमिका बढ़ाने के प्रयास कर रहा है।

पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल में चीन के प्रति रवैया बदला

चीनी अखबार ने कहा कि भारत का ट्रंप की योजना पर सकारात्मक जवाब आश्चर्यचकित करने वाला नहीं है। बड़ी शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा रखने वाले भारत की लंबे समय से बड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भागीदारी की इच्छा रही है। सीमा पर भारत और चीन के बीच जारी ताजा तनाव को देखते भारत अमेरिका के जी7 विस्तार के विचार का समर्थन देकर चीन को संदेश भेजना चाहता है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि जब से मोदी अपने दूसरे कार्यकाल में वापस आए हैं, उनका चीन के प्रति रवैया बदल गया है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के साथ Quadrilateral Strategic Dialogue में अपनी भागीदारी बढ़ा दी है। डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के दौरान भारत ने ऐलान किया था कि वे अपने संबंधों को 'व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी के स्तर' तक ले जाएंगे।

सैन्य बातचीत से पहले बोला चीन- भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने को प्रतिबद्ध

बीजिंग ए.। एक महीने से अधिक समय तक लद्दाख में सीमा पर तनातनी के बाद अब चीन के सुर बदल गए हैं। शनिवार को लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की बातचीत से पहले चीन ने कहा है कि वह भारत के साथ सभी प्रासंगिक मुद्दों को उचित तरीके से सुलझाने को प्रतिबद्ध है। इससे पहले दोनों देशों की सेनाएं भी कुछ पीछे हट चुकी हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जेंग शुआंग ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा, ''चीन और भारत के बीच सीमा क्षेत्र में हालात स्थिर और नियंत्रणयोग्य है।'' शनिवार को सैन्य अधिकारियों के बीच होने जा रही बैठक को लेकर सवाल पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा, ''हमारे पास सीमा सबंधी अच्छा तंत्र मौजूद है और हम सैन्य व कूटनीतक चैनलों के जरिए करीबी संपर्क में रहते हैं। हम प्रासंगिक मुद्दों के उचित समाधान को प्रतिबद्ध हैं।' कल सीमा पर भारत और चीन के सैन्य अधिकारी विवाद को सुलझाने की कोशिश करेंगे। बताया जा रहा है कि लेह स्थित 14 कॉर्प्स के लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह भारत की ओर पक्ष रख सकते हैं। यह बातचीत सीमा पर ही होगी। इससे पहले स्थानीय कमांडर्स और मेजर जनरल रैंक के अधिकारियों के बीच 10 दौर की बातचीत हो चुकी है। लेकिन कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकला है।

'भारत और चीन के बीच संबंध खराब होंगे'

अखबार ने कहा कि इसका मतलब यह है कि भारत अमेरिका के इंडो पैसफिक रणनीति को लागू करने के लिए तैयार है। बदले में भारत अमेरिका से बड़ी शक्ति का दर्जा हासिल करने और अन्य योजनाओं को पूरा करने में मदद चाहता है। यह कहना सही होगा कि भारत चीन को निशाना बनाने के लिए अमेरिका की कई योजनाओं में सक्रिय है। कोरोना के बाद अगर चीन आगे बढ़ता है और अमेरिका नीचे आता है तो चीन को घेरने के लिए भारत के अमेरिका का साथ देने की पूरी संभावना है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि अगर भारत हड़बड़ी में चीन को दुश्मन मानने वाले जी7 जैसे छोटे से ग्रुप में शामिल होता है तो इससे भारत और चीन के बीच संबंध खराब होंगे। यह भारत के हित में नहीं है। वर्तमान समय में भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय संबंध पहले ही खराब दौर से गुजर रहे हैं।

नाराज चीन ने कहा था, 'नहीं चलेगी गुटबंदी'

ट्रंप के भारत और तीन अन्य देशों को जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने से चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने पिछले दिनों चीन का रुख साफकिया था। झाओ ने कहा, 'चीन का मानना है कि सभी अंतरराष्ट्रीय संगठनों और सम्मेलनों को विभिन्न देशों के बीच आपसी विश्वास बढ़ाने वाला होना चाहिए, जिससे बहुपक्षीयता कायम रह सके और विश्व शांति और विकास को बढ़ावा मिल सके।' उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि यह दुनिया भर के देशों की भारी बहुमत की भूमिका है। उन्होंने कहा कि चीन के खिलाफकोई भी गुटबंदी का प्रयास विफल होगा।

कोरोना : वैश्विक आंकड़ा 66 लाख के पार, 3.89 लाख मौतें

नई दिल्ली ए.। कोरोना वायरस से संक्रमित हुए लोगों का वैश्विक आंकड़ा बढ़कर 66 लाख के पार पहुंच चुका है। वहीं, महामारी की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या 3 लाख 89 हजार से अधिक हो गई है। अमेरिका की जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी ने यह जानकारी दी है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने नवीनतम आंकड़े जारी कर कहा, दुनियाभर में शुक्रवार सुबह तक कुल 66 लाख 01 हजार 349 लोग कोविड-19 संक्रमण से संक्रमित हुए, जिनमें से मरने वालों की संख्या 3 लाख 89 हजार 645 रही। सीएसएसई ने कहा कि दुनिया में महामारी से संक्रमित हुए और इससे मरने वालों लोगों की संख्या अमेरिका में सबसे अधिक है।

कोरोना संक्रमण से सबसे अधिक प्रभावित देश अमेरिका में कुल 1 लाख 8 हजार 208 मौतों के साथ ही संक्रमण के सवार्धिक 18 लाख 72 हजार 557 मामले दर्ज किए गए हैं। कोविड-19 संक्रमण के 5 लाख 84 हजार 16 मामलों के साथ ब्राजील इसके बाद दूसरा सबसे प्रभावित देश है, जबकि रूस 4 लाख 40 हजार 538 मामलों के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं, 2 लाख 83 हजार 79 मामलों के साथ ब्रिटेन, 2 लाख 40 हजार 660 मामलों के साथ स्पेन, 2 लाख 34 हजार 13 मामलों के साथ इटली, 2 लाख 26 हजार 713 मामलों के साथ भारत, 1 लाख 89 हजार 569 मामलों के साथ फ्रांस, 1 लाख 84 हजार 472 मामलों के साथ जर्मनी, 1 लाख 83 हजार 198 मामलों के साथ पेरू, 1 लाख 67 हजार 410 मामलों के साथ तुर्की, 1 लाख 64 हजार 270 मामलों के साथ ईरान, 1 लाख 18 हजार 292 मामलों के साथ चिली और 1 लाख 5 हजार 680 मामलों के साथ मेक्सिको महामारी से अन्य सबसे अधिक प्रभावित हुए देशों में शामिल हैं।

पाकिस्तान : बम विस्फोट में स्कूल के दो अध्यापकों की मौत

पेशावर ए.। अफगानिस्तान की सीमा से सटे पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी प्रांत में सड़क किनारे बम फटने से स्कूल के दो अध्यापकों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बजुआर जिले के डामाडोल क्षेत्र में दो शिक्षक बाइक पर जा रहे थे जब एक नहर के पास विस्फोट हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार विस्फोट के कारण एक निजी स्कूल में अध्यापक अब्दुर्रहमान और सरकारी स्कूल में अध्यापक इस्माईल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी है। अभी तक किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन तालिबान अकसर ऐसे हमलों को अंजाम देता रहता है।

ट्रंप, बाइडेन के अभियानों को हैक करने की कोशिश की गई : गूगल

बोस्टन, एजेंसी। गूगल ने कहा है कि कुछ हैकर्स ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पूर्व उप राष्ट्रपति जो बाइडेन के अभियान को निशाना बनाने की कोशिश की हालांकि उनके सफल होने के कोई सबूत नहीं मिले हैं। कंपनी के थ्रेट अनैलिसिस ग्रुप के निदेशक शेन हंटली के ट्विटर पर इसकी जानकारी देने के बाद कम्पनी ने इसकी पुष्टि की है।

हंटली ने कहा कि चीन के समूह हरकेन पैंडा ने ट्रम्प के अभियान के सदस्यों और ईरान के समूह चार्मिंग किटन ने बाइडन के अभियान के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने की कोशिश की। इस तरह के फिशिंग (हैक करने के) प्रयासों में आमतौर पर फर्जी ईमेल शामिल होते हैं, जिसमें मैलवेयर के जरिए पासवर्ड चुराने या यंत्रों को

दूषित करने कोशिश की जाती है।

मैलवेयर एक प्रकार का वायरस है, जिसका इस्तेमाल कंप्यूटर पर किसी की पहचान चोरी करने या गोपनीय जानकारी में सेंध लगाने के लिए किया जाता है। कम्पनी के बयान के अनुसार दोनों अभियान से जुड़े लोगों के निजी ईमेल अकाउंट पर सेंध लगाने की कोशिश की गई। गूगल के एक प्रवक्ता ने कहा, 'यह हाल ही में किया गया है और दोनों अभियानों से जुड़े कुछ लोगों को निशाना बनाया गया।' गूगल ने कहा कि उसने लक्षित उपयोगकर्ताओं को सतर्क किया और मामले को संघीय कानून प्रवर्तन को सौंप दिया।

अटलांटिक काउंसिल के डिजिटल फोरेंसिक रिसर्च लैब के निदेशक ग्राहम ब्रूकी ने इस घोषणा को साइबर की मदद से अभियान को प्रभावित करने संबंधी एक प्रमुख खुलासा बताया, जैसा कि 2016 में देखा गया था। उनका इशारा डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी और हिलेरी क्लिंटन के 2016 के राष्ट्रपति अभियान को रूस द्वारा हैक किए जाने की ओर था, जिसके खुलासे के बाद 2016 राष्ट्रपति चुनाव में रूसी हस्तक्षेप और ट्रंप की जीत पर कई सवाल उठे। ट्रंप और बाइडेन की ओर से हैकिंग के इस हालिया प्रयास पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

मुजफ्फरनगर : अपने खेत में गन्ना किसान ने दे दी जान, प्रियंका का योगी पर निशाना

मुजफ्फरनगर ए.। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक गन्ना किसान ने अपने ही खेत में खड़े पेड़ से लटककर जान दे दी। बताया जा रहा है कि लॉकडाउन के दौरान

किसान का गन्ना बिक नहीं पाया था। इस घटना से आक्रोशित किसानों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफकेस दर्ज करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने सड़क जाम कर दी। मांगें पूरी होने तक शव का दाह संस्कार करने से इनकार कर दिया। उधर, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने किसान की आत्महत्या पर योगी सरकार पर निशाना साधा है। हालांकि पुलिस गन्ने की बिक्री न होने पर आत्महत्या की बात से इनकार कर रही है। प्रियंका ने ट्वीट किया, 'अपनी गन्ने की फसल को खेत में सूखता देख और पर्ची न मिलने के चलते मुजफ्फरनगर के एक गन्ना किसान ने आत्महत्या कर ली। बीजेपी का दावा था कि 14 दिनों में पूरा भुगतान दिया जाएगा लेकिन हजारों करोड़ रुपया दबाकर चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं।' उन्होंने दूसरे ट्वीट में लिखा, 'मैंने 2 दिन पहले ही सरकार को इसके लिए आगाह किया था। सोचिए इस आर्थिक तंगी के दौर में भुगतान न पाने वाले किसान परिवारों पर क्या बीत रही होगी।

केरल : गर्भवती हथिनी को मारने के आरोप में एक गिरफ्तार

नई दिल्ली ए.। केरल के पलक्कड़ में 27 मई को गर्भवती हथिनी की निर्ममता पूर्वक की गई हत्या के मामले में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार किए गए शख्स का नाम पी विल्सन है और जिन संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है, उनके नाम फिलहाल सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए पी विल्सन मसाले की खेती से जुड़े एक एस्टेट में काम करते हैं। केरल के वन मंत्री के राजू ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में शाम तक कुछ और गिरफ्तारी हो सकती है।

केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने ट्वीट कर हथिनी के हत्यारों को सजा दिलाए जाने की बात कही थी। उन्होंने गुरुवार को ट्वीट किया था कि जांच जारी है और तीन संदिग्धों पर फोकस है। पुलिस और वन विभाग संयुक्त रूप से इस घटना की जांच कर रहे हैं। जिला पुलिस प्रमुख और

जिला वन विभाग के अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया। हम वो हरसंभव करेंगे जिससे हत्यारों को सजा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि आपमें से कई लोग हमारे पास आए। हम आपको यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आपकी चिंता व्यर्थ नहीं जाएगी। इंसाफकी जीत होगी। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग इस हादसे का इस्तेमाल कर घटिया कैंपेन कर रहे हैं।

रूस : हजारों टन डीजल मिलने के बाद सफेद से लाल हुई साइबेरियाई नदी

मास्को ए.। रूस के साइबेरिया में एक पॉवर प्लांट से 20 हजार टन डीजल के रिसाव के बाद नजदीक से बहने वाली नदी का रंग सफेद से लाल हो गया है। बता दें कि इस रिसाव के भयावहता को देखते हुए गुरुवार को राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने स्टेट इमरजेंसी का ऐलान किया था। जिस प्लांट से तेल का रिसाव हुआ है वह साइबेरिया के नोर्लिस्क शहर में स्थित है।

नदी का रंग सफेद से हुआ लाल

पॉवर प्लांट से डीजल बहकर अंबरनाया नदी में मिल गया है। जिससे इस नदी का रंग बदल गया है। रूसी विशेषज्ञ इस नदी को साफकरने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास कर रह हैं। वहीं कई पर्यावरण विशेषज्ञों ने दावा किया है कि

इस नदी को साफकरने की लागत 1.16 बिलियन यूरो तक पहुंच सकती है। ऐसी आशंका है कि प्रदूषण ग्रेट आर्कटिक स्टेट नेचर रिजर्व में फैल सकता है। बता दें कि इस रिजर्व में प्रदूषण के पहुंचने से जलीय जीवन को भारी नुकसान हो सकता है। रूसी पर्यावरण विशेषज्ञों ने आने वाले दिनों में साइबेरिया क्षेत्र में जल और मृदा संकट की आशंका जताई है। उन्होंने कहा है कि इस रिसाव से 350 वर्ग मील से ज्यादा एरिया प्रभावित है। यहां की अंबरनाया नदी में 15 हजार टन पेट्रोलियम उत्पाद मिल गए हैं। जिसकी सफाई करना अब बहुत मुश्किल काम है। यह नदी आगे जाकर एक झील से मिलती है।

क्यों हुआ डीजल लीक

बताया जा रहा है कि प्लांट में तेल का रिसाव फ्यूल टैंक का एक पिलर धंसने से कारण शुरू हुआ था। यह टैंक बर्फीली कठोर जमीन पर बना हुआ था जो तापमान बढ़ने के बाद पिघलने लगी। हालांकि साइबेरिया क्षेत्र में ऐसी घटना कम ही देखने को मिलती है। बता दें कि इस घटना के बारे में कंपनी नोर्लिस्क निकिल की तरफ से अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

शुक्रवार से ही शुरू हुआ था डीजल का रिसाव

साइबेरिया के जिस प्लांट से डीजल का रिसाव हुआ है वह नोर्लिस्क निकिल की एक इकाई है। यह कंपनी निकेल और पैलैडियम धातु का उत्पादन करने के मामले में दुनिया के शीर्ष कंपनियों में शामिल है। इस कंपनी में तेल का रिसाव शुक्रवार से ही शुरू हो गया था लेकिन, पर्याप्त रोकधाम के उपाय न करने के कारण दो दिनों में 20 हजार टन डीजल बह गया।

बोधगया मठ में सालों से दुकान लगा रहे शख्स ने की आत्महत्या

गया ए.। बिहार के बोधगया में एक दुकानदार ने पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह उसका शव सड़क किनारे पेड़ से लटका हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने जैसे ही उसे इस स्थिति में देखा तो तुरंत ही पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को उतारने की कोशिश की। हालांकि, कामयाबी नहीं मिलने पर क्रेन के सहारे मृतक की बॉडी को नीचे उतारा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि दुकानदार काफी समय से परेशान था। परिजनों के मुताबिक, उसे अपने दुकान को लेकर तनाव था। पूरा मामला बोधगया थाने पचहट्टी इलाके का है। मृतक शख्स की पहचान मोहम्मद रफीक के तौर पर हुई है, जो बोधगया मठ में कई साल अपनी दुकान लगाता था, इसी दुकानदारी से उसका घर चलता था। हालांकि, लॉकडाउन की वजह से पिछले कुछ समय से उसकी दुकान बंद थी, जिससे वो आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। यही नहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि मठ की ओर से भी उस पर अपनी दुकान को खाली करने का दबाव बनाया जा रहा था।

न्यूज गैलरी

संत कबीर के विचारों ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया : सीएम

रायपुर। संत कबीर साहेब की जयंती पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने ट्वीटर संदेश पर उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लिखी। अपने बधाई संदेश में उन्होंने लिखा-संत कबीर साहेब न सिर्फ एक आध्यात्मिक संत थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे। उनके विचारों ने भारत समेत पूरी दुनिया को प्रभावित किया। सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता के उनके संदेश को छत्तीसगढ़ के लोगों ने भी आत्मसात किया है। सभी प्रदेशवासियों को संत कबीरदास जी की जयंती पर बधाई एवं शुभकामनाएं।

छत्तीसगढ़ में कोविड-19 पीड़ित हर व्यक्ति का नि:शुल्क इलाज

रायपुर। सोशल मीडिया में इन दिनों रायपुर के देवेन्द्र नगर का बताकर वायरल किया जा रहा स्वास्थ्य कर्मी युवती का वीडियो फेक है। यह वीडियो छत्तीसगढ़ का नहीं है। विभिन्न सोशल मीडिया में वायरल इस फेक वीडियो में एक युवती स्वयं को कोविड-19 पीड़ित बताती हुई मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से इस तरह के फेक वीडियो और समाचारों से सावधान रहने की अपील की है। इस तरह के वीडियो और खबरों से भ्रम, डर और आपाधापी की स्थिति निर्मित होती है। प्रदेश में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जा रहे हर व्यक्ति का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। इसके संभावित मरीजों के सैंपल संकलित कर तत्काल जांच के लिए भेजा जा रहा है। शासन-प्रशासन द्वारा प्रदेश में कोविड-19 पीड़ितों और उनके परिवार को प्राथमिकता से चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के साथ ही उन्हें हर तरह का सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर ऑनलाइन संरक्षा सेमीनार संपन्न

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रेनों के परिचालन को लेकर रेल परिचालन से जुड़े विभागों के कर्मचारियों एवं सुपरवाइजरों, मंडल यातायात निरीक्षक, स्टेशन मास्टर, गार्ड एवं पॉइंट्समैन के लिए किया गया। इस संरक्षा संगोष्ठी में शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, गाड़ियों का सिक्योरिंग, ट्रैक मशीन परिचालन के लिए प्राधिकार एवं ट्रेन पासिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।

हमारे पुरखों ने जंगलों को सहेज कर रखा अब हमारी बारी

सीएम भूपेश ने कहा- छत्तीसगढ़ भाग्यशाली यहां 44 प्रतिशत क्षेत्र जंगल से आच्छादित, विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएम ने रोपे विभिन्न प्रकार के पौधे

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उन्हें पानी दिया।

श्री बघेल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम जारी संदेश में कहा कि आप सभी अपने घरों में या आसपास एक पौधा अवश्य लगाएं और इसे जीवित रखने की जिम्मेदारी लें। चाहे वो फलदार वृक्ष का पौधा हो, चाहे इमारती लकड़ी का या फूल का हो। इससे हमारे आसपास का वातावरण अच्छा होगा, शुद्ध ऑक्सीजन हमको मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा हरियाली होगी। श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ काफी भाग्यशाली है कि यहां 44 प्रतिशत क्षेत्र में जंगल हैं। हमारे पुरखों ने इन जंगलों को सहेज कर रखा। इसके महत्व को हमारे पूर्वज बेहतर समझते थे। हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारा जनजीवन इनसे जुड़ा हुआ है, यदि पेड़-पौधे नहीं होते, तो तापमान कितना बढ़ जाता। प्रकृति का संतुलन बिगड़ जाता है और इससे बड़े भारी नुकसान का सामना हमको करना पड़ता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि पेड़ वाईफाई देते, तो पता नहीं कितने पेड़ लग जाते, लेकिन यह केवल ऑक्सीजन देते हैं। ऑक्सीजन हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज पूरे देश में कोरोना संक्रमण फैला हुआ है और केवल देश में ही नहीं पूरे विश्व में, ऐसे समय में शुद्ध वातावरण का कितना महत्व है यह हर व्यक्ति समझ रहा है। छत्तीसगढ़ इस मामले में भाग्यशाली है कि यहां 44 जंगल है, जिसे हम सबने बचा के रखा है और इसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी हम सब की है। पर्यावरण दिवस के अवसर पर मैं सभी से आग्रह करना चाहता हूं कि एक पेड़ अवश्य लगाएं और उसे जीवित रखने की जिम्मेदारी स्वयं लें ताकि पेड़-पौधे बढ़े, हरियाली हो चाहे वह पौधा फलदार हो, चाहे इमारती लकड़ी का हो, चाहे फूल के पौधे हो, जिससे हमारे आसपास में वातावरण अच्छा हो, शुद्ध ऑक्सीजन हमको मिल सके और ज्यादा से ज्यादा हरियाली हो।

मुख्यमंत्री बघेल ने संत कबीर साहेब के दोहों पर केन्द्रित पोस्टरों का किया विमोचन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संत कबीर साहेब की जयंती के अवसर पर आज यहां अपने निवास परिसर में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कबीर विचार संचार अध्ययन केन्द्र द्वारा प्रकाशित तीन पोस्टरों का विमोचन किया। इन पोस्टरों में संत कबीर साहेब जी के चित्र के साथ उनके बीस दोहे जो आज के परिपेक्ष्य में प्रासंगिक हैं, प्रकाशित किए गए हैं। इस अवसर पर कबीर संचार अध्ययन केन्द्र के अध्यक्ष श्री कुणाल शुक्ला, विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. आनंद बहादुर और श्री विवेक ठाकुर भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कुल सचिव श्री आनंद बहादुर के कहानी संग्रह 'ढेला' तथा भारत के वरिष्ठ कलाकार श्री संजीव के उपन्यास 'प्रत्यंचा' का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को कबीर जयंती की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि संत कबीर साहेब आध्यात्मिक संत के साथ-साथ एक समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक मार्गदर्शक थे। जिन्होंने पूरी दुनिया को मानवतावादी समाज की रचना के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों पर कठोरता से प्रहार किया। सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में उनके अनुयायी हैं। श्री बघेल ने कहा कि संत कबीर साहेब के विचारों को प्रसारित करने का कबीर विचार संचार अध्ययन केन्द्र द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है।

प्रदूषण रोकने हर संभव प्रयास करें : राज्यपाल

राज्यपाल उइके ने राजभवन परिसर में किया पौधरोपण

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने अमरूद, अनार, आंवला, कटहल, काला जामुन, स्वर्ण चम्पा और अमलतास पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने आम जनता से पर्यावरण संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एक दिन ही औपचारिकता न निभाएं बल्कि प्रदूषण रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करें। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले वस्तुओं का कम से कम उपयोग करें। प्रदूषण रोकने का सही उपाय वृक्षारोपण करना है। अपने आसपास के खाली जगहों पर वृक्षारोपण करें और उचित देखभाल करें।

राजधानी में कोरोना का कोहराम
तीन और इलाके हुए सील

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर में गुरुवार को कोरोना के नए मरीज मिलने के बाद जिला प्रशासन ने तीन इलाकों को कंटेनमेंट जोन घोषित करते हुए इन इलाकों को सील कर दिया है। कंटेनमेंट जोन घोषित तीन इलाकों में सभी दुकानें, ऑफिस और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश बंद रहेंगे। केवल होम डिलीवरी के जरिए ही आवश्यक समाग्री दी जा सकेगी। केवल मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर कोई भी अंदर से बाहर और बाहर से अंदर नहीं जा सकेगा। वो भी सिर्फ एक द्वार से प्रवेश मिलेगा. सोशल डिस्टेसिंग और मास्क लगाना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जिला रायपुर में नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत बिरगांव, शहीद नगर थाना उरला में नया कोरोना पॉजिटिव केस पाए जाने के बाद क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने पूर्व में प्रिंस किराना के सामने और श्री सिन्हा के मकान के पास, पश्चिम म सुरेश भारती का मकान और नाला के पास, उत्तर में सूरज किराना स्टोर्स और दक्षिण में रामचरण साहू का मकान को कंटेंटमेंट जोन घोषित किया है। इसी तरह हिमालयन हाइट्स, देवपुरी, थाना टिकरापारा में नया कोरोना पॉजिटिव केस मिलने के बाद क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। पूर्व में हिमालयन हाइट्स फेस-02 मैन गेट-03 और मेन गेट, उत्तर-पूर्व में हिमालयन हाइट्स मेन गेट-02, दक्षिण-पूर्व में हिमालयन हाइट्स में गेट-01 को कंटेंटमेंट जोन घोषित किया गया है। रायपुर के आजाद चौक थाना इलाके के रामसागर पारा में नए कोरोना मरीज मिलने के बाद कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। इसके लिए पश्चिम में दिनेश खंडेलवाल का मकान, उत्तर-पूर्व में राजेंद्र शर्मा का मकान, दक्षिण में गुरु कृपा टेंट सप्लायर के सामने शनि मंदिर प्रवेश द्वार को कंटेंटमेंट जोन घोषित किया है।

एम्स रायपुर ने तैयार की अनूठी एंबुलेंस
चलती-फिरती मिनी आईसीयू की होंगी सुविधाएं

रायपुर (नव प्रदेश)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने रोगियों के लिए एक नई तरह की एंबुलेंस तैयार की है जो चलती-फिरती मिनी आईसीयू के समान कार्य करेगी। इसमें गंभीर और दुर्घटनाग्रस्त रोगियों के जीवन रक्षा के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिनमें ट्रांसपोर्ट वेंटीलेटर और डिजीटल आक्सीजन डिलीवरी सिस्टम शामिल होगा। इसमें जीपीएस भी लगा है जिससे पल-पल इसके परिवहन पर नजर रखी जा सकेगी। नई एंबुलेंस को नेशनल एंबुलेंस कोड के मुताबिक तैयार किया गया है। इसमें आमतौर पर मिलने वाली एंबुलेंस में ही कई और सुविधाएं जोड़कर नए रूप में रोगियों की सेवा के लिए तैयार किया गया है। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि इसमें आईसीयू के समान पूरा सेटअप प्रदान किया गया है। इसमें ऑटो लोडिंग स्ट्रक्चर, व्हील चेयर, सक्शन पंप और सिरिंज पंप शामिल होंगे।

प्रो. नागरकर के मुताबिक नई एंबुलेंस में गंभीर या दुर्घटनाग्रस्त रोगी को घटनास्थल से अस्पताल तक पहुंचाने के दौरान दी जाने वाली आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इसे नौ घंटे तक नियमित रूप से प्रयोग किया जा सकता है जिसके लिए इंवर्टर और बैटरी सुविधाएं भी दी गई हैं।

रोगी की सुविधा के लिए इसमें स्पाइन बोर्ड और स्कूप स्ट्रेचर है जिससे रोगी को आसानी के साथ एंबुलेंस में उठाकर रखा जा सकता है। एडवांस एनाउंसमेंट सिस्टम और डिजीटल मॉनीटर भी इसमें लगा हुआ है। एंड्रायड एप और जीपीएस के माध्यम से इसे हर पल ट्रैक भी किया जा सकता है। प्रो. नागरकर ने इसे प्रदेशवासियों की सेवा के लिए लोकार्पित किया। इस अवसर पर उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नितिन कुमार बोरकर, डॉ. रमेश चंद्राकर और एमएसएसओ सौरभ कुमार धसमाना आदि उपस्थित थे।

बेहतर कल | महिला समूहों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए तैयार किए एक लाख बांस के ट्री-गार्ड

बालिका गृह और नारी निकेतन में लगाए गए छायादार और फलदार पौधे

महिला बाल विकास की संचालक के साथ बालिकाओं ने रोपे पौधे

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के खम्हारडीह स्थित शासकीय बालिका गृह और नारी निकेतन परिसर में महिला बाल विकास विभाग की संचालक श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के साथ बालिकाओं और अधिकारियों ने छायादार और फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर अमरूद, आम, चीकू, मौसंबी और नीम के पौधे लगाए गए। फल आने पर पौधे बालिका गृह की बालिकाओं और नारी निकेतन में रह रहीं महिलाओं की पौष्टिकता बढ़ाने के काम आएंगे। पौधों को स्वसहायता समूह द्वारा तैयार लकड़ी के ट्री-गार्ड लगाकर सुरक्षित भी किया गया।

संचालक ने पौधा लगा रहीं बालिकाओं से कहा कि सभी अपने लगाए गए पौधों पर अपने नाम की तख्ती लगाएं और पौधों का पूरा ध्यान रखें। जिससे पौधे जीवित रहें और अच्छी तरह बढ़ सकें। इसके निरीक्षण के लिए वह समय-समय पर आती रहेंगी। विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डे ने बताया कि महिला स्वसहायता समूहों ने कौशल विकास केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर लगभग एक लाख लकड़ी के ट्री-गार्ड बनाकर वन विभाग को दिया गया है। महिला समूहों द्वारा तैयार ट्री-गार्ड पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। पौधा रोपण में पशु चिकित्सक डॉ. पदम जैन का विशेष सहयोग रहा।

पर्यावरण को सरंक्षित करने संकल्पित होने की जरूरत : ब्रह्माकुमारी

रायपुर। क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी ने कहा कि वर्तमान समय प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि हरेक को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। पर्यावरण को सरंक्षित और सवंर्धित करने के लिए जहाँपर भी खाली जगह मिले वहाँ पेड़ लगाने के लिए संकल्पित होकर कार्य करें। प्रकृति से जुड़ें। ब्रह्माकुमारी कमला दीदी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शान्ति सरोवर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि हम लोग विकास की दौड़ में अपने धरातल को छोड़कर आगे बढ़ रहे हैं। यह दौड़ हमें पाश्चात्य संस्कृति की ओर ले जा रही है। अब हमें फिर से अध्यात्म की ओर लौटना होगा। दैनिक जीवन में प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुँचा रहा है। इसका उपयोग प्रतिबन्धित करने की जरूरत है। आजकल पर्यावरण सरंक्षण के लिए संकल्पित होने की आवश्यकता है। लोग घरों में जगह कम होने के कारण बोन्साई पेड़ लगा रहे हैं किन्तु इससे पर्यावरण का सरंक्षण नहीं हो सकता।

मोदी के आपदा में अवसर के मंत्र का प्रयोग करना भाजपा नेता बंद करें

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक मनगढ़ंत आधारहीन आरोप लगाने कर रहे हैं राजनीति

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के बयान पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक अपने घर के होम क्वॉरेंटाइन से बाहर निकले बगैर क्वॉरेंटाइन सेंटर के नाम से मनगढ़ंत असत्य आधारहीन बयान बाजी कर नेता प्रतिपक्ष होने का दायित्व की औपचारिकता निभाना बंद करें । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दायित्व का जिम्मेदारियों और अपने कर्तव्यों का संकट काल में 24 घंटा सातों दिन निर्वहन कर रहे हैं। प्रवासी मजदूरों के घर वापसी से लेकर क्वॉरेंटाइन सेंटर से उनके घर पहुंचने तक निरंतर उनके खाने-

पीने रहने से लेकर उनके लिये चरणपादुका रोजगार उनके बच्चों की शिक्षा महिलाओं की सुरक्षा की चिंता छत्तीसगढ़ सरकार कर रही हैं । वही दूसरी ओर धरमलाल कौशिक नेता प्रतिपक्ष होने के दायित्व को निर्वहन करने में असफल सिद्ध हुए हैं । नेता प्रतिपक्ष होने का मतलब कतई यह नहीं है कि सिर्फ झूठे आधारहीन आरोप लगाकर बयानबाजी ही की जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भाजपा द्वारा कमाने खाने बाहर गए छत्तीसगढ़ के मजदूरों के लिए प्रयोग की जा रही भाषा पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा के नेता प्रवासी मजदूरों के साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे ये मजदूर चीन जापान अमेरिका से आये हो। सच्चाई तो यह है कि मोदी सरकार द्वारा अदूरदर्शितापूर्ण बिना तैयारी के किये गए लॉक डाउन के दुष्परिणाम भारत के मजदूरों को भुगतने पड़े हैं। गरीबों को असहनीय कष्ट उठाने पड़ रहे हैं। मजदूरों को अपने देश में अपने प्रदेश में अपने गांव में अपना घर होने के बावजूद मोदी सरकार के गलत नीतियों के परिवार सहित 14 दिन क्वॉरेंटाइन सेंटर में शरणार्थियों की तरह रहना पड़ रहा है। लॉक डाउन से उत्पन्न विपत्ति के कारण मजदूरों की भूख, प्यास ,तबियत बिगड़ने और दुर्घटनाओं में मौत हुई । महामारी आपदा काल में मोदी सरकार के लापरवाही गैरजिम्मेदाराना रवैया हठधर्मिता जिद्द के चलते देशभर में 600 से अधिक मजदूरों की अकाल मृत्यु हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा के नेता वातानुकूलित कमरों में बैठकर क्वॉरेंटाइन सेंटर के विषय में बयानबाजी न करें।

संपादकीय

पर्यावरण संरक्षण जरूरी

हर साल की तरह इस बार भी पांच जून को देश में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने पौधे रोप कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। सोशल मीडिया पर भी पर्यावरण दिवस को लेकर सीख दी गई। इन सब को देखकर यही प्रतीत होता है की लोग पर्यावरण को लेकर अब जगरूक होने लगे है, यह अच्छी बात है। किन्तु पर्यावरण के प्रति हमारा यह प्रेम एक दिन विशेष के लिए सिमट कर नहीं रह जाना चाहिए। पौधा रोपण निरंतर करना होगा और उन पौधों की एक संतान की तरह परवरिश करनी होगी तभी पर्यावरण संरक्षित होगा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार जगरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में स्थिति यह है कि वनों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है जिसकी वजह से देश में वन आच्छादित क्षेत्र घटते जा रहे है। शहरों से लेकर गांव कसबों तक में हरे भरे वृक्ष विकास की भेंट चढ़ रहे है। कही सड़क बनाने के लिए तो कहीं निर्माण कार्यो के नाम पर हजारों वृक्षों को काट दिया जाता है। वन कम हो रहे है और उनकी जगह कांक्रीट के जंगल उगाए जा रहे है। पर्यावरण को संरक्षित रखना है तो वृक्षों को सुरक्षित रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा भी मयस्सर नहीं होगी और इस गुनाह के लिए वो हमें कभी माफ नहीं करेगी। पर्यावरण की उपेक्षा और प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही यह दुष्परिणाम है कि हमें कभी भीषण सूखा और कभी अतिवृष्टि के रूप में प्रकृति के प्रकोप का सामना करना पड़ता है। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बाकायदा पर्यावरण मंत्रालय बनाया है, यहां तक की इसके लिए भारी भरकम बजट भी मुहैया कराया जाता है लेकिन पर्यावरण संरक्षण सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाता है। वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए पौधों का लाखों की संख्या में रोपण किया जाता है लेकिन उनके देखरेख की कोई व्यवस्था नहीं की जाती, नतीजतन अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले ही नहीं पाते। बेहतर होगा कि पर्यावरण संरक्षण के काम में सरकार स्वयं सेवी संगठनों की भगीदारी सुनिश्चित करें और उन्हे पौधों को पुष्पि और पल्लवित करने की जिम्मेदारी सौंपे। जब तक पर्यावरण संरक्षण के लिए एक ठोस निति नहीं बनाई जाएगी तब तक पर्यावरण संरक्षण के नाम पर महज औपचारिकता निभाकर ही लोग अपने कर्तव्य ही इतिश्री कर लेंगे।

विचार

चीनी माल का बहिष्कार करें या न करें ?



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इस सवाल का दो–टूक जवाब देना आसान नहीं है कि चीनी माल का हम लोग बहिष्कार करें या न करें। जब से लद्दाख में भारतीय और चीनी सेनाएं एक दूसरे के आमने-सामने आ खड़ी हुई हैं, देश के कई संगठन, कई नेता, कई बाबा और कई लाला लोग मांग कर रहे हैं कि भारत सरकार चीन का हुक्का-पानी बंद कर दे। उनकी नाराज़गी जायज है, क्योंकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने चीनी नेताओं के साथ काफी अच्छे संबंध बना रखे हैं। इतना ही नहीं, कोरोना वायरस के मामले में दुनिया के लगभग सवा सौ देश चीन की तरफ उंगली उठा रहे हैं। ऐसे में भारत बिल्कुल मौनी बाबा बना हुआ है। हम चीन से लगभग 5-6 लाख करोड़ रु. का व्यापार भी कर रहे हैं, जिसमें उसी का पलड़ा भारी भी है। इसके बावजूद लद्दाख में चीन ने भारत की सीमा में घुसकर अपने ट्रक, टैंक और जहाज अड़ा दिए हैं। बातचीत से विवाद हल करने का बहाना वह बना रहा है लेकिन बात आगे बढ़ ही नहीं रही है। ऐसे में यदि भारत के कुछ लोग चीन को आर्थिक सबक सिखाना चाहते हैं तो यह स्वाभाविक है। लेकिन यदि भारत सरकार हमारे इन गुस्साए हुए लोगों के इशारे पर व्यापारबंदी घोषित कर दे तो क्या ठीक होगा ? मैं समझता हूं कि यह ठीक नहीं होगा। सरकार यदि चीन के साथ व्यापारबंदी घोषित कर दे तो यह ठीक है कि चीन का लगभग 74 बिलियन डॉलर का माल भारत आना बंद हो जाएगा लेकिन हमारा भी लगभग 18 बिलियन डॉलर का माल वह क्यों खरीदेगा ? इसके अलावा हमारे लाखों व्यापारी और कर्मचारी दुतरफा व्यापारबंदी के कारण बेरोजगार हो जाएंगे। पहले ही कोरोना ने करोड़ों लोगों को घर बिठा दिया है। इस विभीषिका को हम अचानक क्यों तूल देना चाहते हैं ? इसके सिवाय चीन की कई कंपनियां भारत में कार्यरत हैं। भारत की कई कंपनियों में चीन ने पैसा भी लगा रखा है। यदि सरकार व्यापारबंदी करेगी तो अचानक बहुत मुश्किलें खड़ी हो जाएगी लेकिन चीन को खुले-आम भारतीय बाजारों पर कब्जा करने देना बिल्कुल भी उचित नहीं है लेकिन यह काम बड़ी तरकीब से और धीरे-धीरे किया जाना चाहिए। चीनी माल को नहीं खरीदने का अभियान-गैर सरकारी संगठनों और राजनीतिक दलों को चलाना चाहिए। हम जो 60-70 बिलियन डॉलर का माल चीन से खरीदते हैं, उसमें 10 बिलियन डॉलर के माल की खरीद शायद टाली नहीं जा सकती, लेकिन कपड़े, खिलौने, जूते, मोबाइल फोन, एयरकंडीशनर्स, रेफ्रिजेटर्स, मूर्तियां आदि तो हम खुद ही बना सकते हैं। चीन के कई एप और वेबसाइटों के बहिष्कार की बात भी सोची जा सकती है। यदि हमें भारत को आत्मनिर्भर बनाना है तो चीन से क्या, हर देश से माल खरीदने में हमें काफी संकोच और सावधानी से काम लेना चाहिए।

अभिव्यक्ति

विश्व एक नए शीत युद्ध की ओर

कुमार रमेश

> जल्द ही अमेरिका कंप्रिहेंसिव न्यूक्लियर टेस्ट बन ट्रीटी से भी अलग होने जा रहा है ताकि 1992 के बाद फिर से परमाणु परीक्षण करके अपना सामर्थ्य दुनिया को दिखा सके। लेकिन यह सब यहीं नहीं रुकने वाला है अमेरिका चीन को रोकने के लिए जी7 समूह का विस्तार करना चाहता है, जिसमें भारत भी शामिल किया जा सके। इसके अलावा ब्रिटेन भी एक डी10 यानी डेमोक्रेसी 10 समूह बनाने का प्रस्ताव लाया है इसमें भी भारत को शामिल किए जाने की वकालत की गई है, जिसका उद्देश्य चीन की 5जी टेक्नोलॉजी को रोकना है। इधर भारत चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना को काउंटर करने के लिए वन सन-वन वर्ल्ड-वन ग्रिड की कार्ययोजना पर विचार कर रहा है जिसके तहत इंटरनेशनल सोलर एलाइंस से जुड़े सभी देशों को एक पॉवर ग्रिड से जोड़ा जा सके, जिसका प्रमुख लाभार्थी अफ्रीका महाद्वीप होगा।

भारत के चाणक्य नीति की तरह चीन के झोऊ राजवंश के फौजी जनरल सून-ज़ू ने छठवीं सदी में अपनी प्रसिद्ध पुस्तक द आर्ट ऑफ वॉर में यह बताया था कि किस तरह बिना लड़े ही दुश्मन को जंग में हराया जा सकता है, और आज कुछ इसी टैक्टिक्स का प्रयोग करते हुए चीनी सरकार ने ग्लोबल टाइम्स के जरिए भारत को धमकी देते हुए कही है- कि वह चीन और अमेरिका के बीच कोल्ड वॉर में अमेरिका का प्यादा ना बने, वरना भारत के पास पाने के लिए तो बहुत कम चीजें होंगी लेकिन वह खो बहुत कुछ देगा। देखा जाए तो 2020 की शुरुआत से ही दुनिया एक नए मोड़ पर पहुंच चुकी है, अब विश्व एक नए ध्रुवीकरण, नए सुपरपावर, नए वैश्वीकरण, नए आत्मनिर्भरता और शायद नए देशों के जन्म पर जाकर खत्म हो। यकीनन इसमें दशकों का वक़्त लगेगा और हथियारों की प्रतिस्पर्धा भी बढ़ जाएगी, लेकिन अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध से शुरू होकर कोरोनावायरस के माध्यम से जो परिस्थितियां आज दुनिया झेल रही है उसमें जियोस्ट्रेटजी, जिओपॉलिटिक्स, एकाधिकारवाद, नवसम्राज्यवाद और वॉर टेक्टिक्स भी शामिल है। इसने दो महाशक्तियों को कठघरे में लाकर खड़ा कर दिया है, एक तरफ अमेरिका है जिसने शक्तियों का प्रयोग करके कई देशों पर प्रतिबंध लगाए साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय संधियों से खुद को बाहर भी कर लिया; तो दूसरी तरफ चीन है जिसने सिर्फ़ एक अंतरराष्ट्रीय स्वतंत्र जांच कराने के प्रस्ताव को अपनी अस्मिता से जोड़कर अपने पड़ोसियों पर आक्रामक राजनयिक व सैन्य उत्पीड़न करने में लगा है। लेकिन सच्चाई तो यह है कि दोनों ही राष्ट्रप्रमुख इस हार-जीत में अपना चेहरा बचाने में लगे हुए हैं जिसके लिए इन्होंने राष्ट्रवाद और संप्रभुता को अपना हथियार बनाया है। समझने वाली बात यह है कि जब मामला कोरोनावायरस का था तो सैन्य गतिविधियां क्यों प्रारंभ हुई, और भारत, जापान, वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया, इंडोनेशिया जैसे देश इन मामलों में कैसे फंस गए। इसके दो कारण है पहला यह कि वर्तमान में उपर्युक्त सभी देश अमेरिकी गुटों के करीब आ चुके हैं और दूसरा यह कि सभी देशों के चीन से सीमा विवाद हैं। लेकिन इस परिदृश्य में ताइवान, हांगकांग और तिब्बत के आजादी की मांग भी पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। चूंकि इसमें किसी को शक नहीं कि चीन एक मजबूत देश है और वह एक सुपरपॉवर के रूप में उभर रहा था, लेकिन कोरोना महामारी ने उसकी साख को तगड़ा झटका दिया है। हालांकि इससे दुनिया का कोई भी देश फायदे में नहीं है लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान और खामियाजा अगर किसी को भुगतना पड़ रहा है तो वह चीन है।

फिलहाल सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि दुनिया महामारी का समाधान ढूंढने की जगह शीत युद्ध की ओर क्यों बढ़ चली है, तो इसका कारण है चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वकांक्षा। एक वह भी दौर था जब 1949 में चीन को कोई मान्यता तक नहीं दे रहा था, उस समय माओत्से-तुंग तो

राष्ट्रध्यक्ष के रूप में सशस्त्र क्रांति के साथ चीनी सत्ता को संभालने में लगे रहे लेकिन दूसरे देशों से राजनयिक संबंध स्थापित करने, 1950 में तिब्बत को कब्जाए जाने के बाद प्रतिबंधों से बचने, 1972 में संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से लेकर सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता पाने के पीछे जो नीतियां थीं, उसके नीतिनिर्माता थे प्रधानमंत्री झोउ-एनलाई। जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर पूरी विदेश नीति संभाली और चीन को अकेला होने से बचाया। इस परंपरा को सत्तर के दशक में सांस्कृतिक क्रांति लाने वाले चीनी राष्ट्रपति डेंग-शियाओ-पिंग ने भी नहीं बदली जिनके राज में चीन साम्यवाद से पूंजीवाद की ओर मुड़ गया था। लेकिन जब से शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति की कमान संभाली है तब से उन नीतियों में अप्रत्याशित उलटफेर किया है, उन्होंने जीवनपर्यंत सत्ता चलाने के लिए खुद को संविधान में भी सम्मिलित करा दिया है अब सारा खेल इसी शी डॉक्ट्रिन का है। क्योंकि चीन को महाशक्ति बनाने के लिए शी ने जो 10 महान सपने बनाएं हैं अब उनमें दरारें आने लगी हैं। चीन के नजरिए से देखें तो दुनियाभर में खराब होती आर्थिक सेहत की वजह से वह राष्ट्र पति शी जिनपिंग के सपने को पूरा करने पर फोकस नहीं कर पा रहा है। जबकि यही एक पार्टी के शासन वाले चीन में शी जिनपिंग की वैधानिकता का एकमात्र स्रोत है। इसलिए शी के सपने को पूरा करने की बजाय अब चीन राष्ट्र वाद और संप्रभुता जैसे मुद्दों को हवा दे रहा है, और चीन के रुख में यह बदलाव अमेरिका के बढ़ती उसकी प्रतिद्वंद्विता की वजह से आया है। चीन अबतक 595 बिलियन डॉलर बेल्ट एंड रोड परियोजना में ख़र्च कर चुका है और कोरोनावायरस पर जानकारी छुपाने के लिए ट्रिलियन डॉलर्स की जो परियोजनाएं रद्द हुईं, वो अलग। हाल ही में इस्राएल द्वारा 5 बिलियन डॉलर का डिसेलिनेशन प्रोजेक्ट और ऑस्ट्रेलिया द्वारा 3 बिलियन डॉलर का विनार्माण प्रोजेक्ट रद्द कर देना इसी में शामिल है। ये सारे नतीजे चीन को डराने वाले हैं इसमें सबसे बड़ा झटका तो अफ्रीकन देशों ने दिया है।

इतना सब होने के बाद भी शी जिनपिंग ने अपनी महत्वाकांक्षाओं को अधूरा नहीं छोड़ा है इसलिए वे सभी चीजों से ध्यान भटकाने और अपने चेहरे को बचाने के लिए पूरे देश में संप्रभुता और राष्ट्रवाद का सहारा ले रहे हैं ताकि उनके प्रतिद्वंदी और चीनी जनता में कोई आक्रोश उत्पन्न ना हो। उन्होंने सबसे पहले ताइवान के प्रतास द्वीपसमूह को सैन्य कार्यवाही से चीन में मिलाने की योजना पर काम किया, तत्पश्चात हांगकांग में सुरक्षा कानून लागू कर एक देश - दो विधान की नीति को रौंदते हुए उसकी स्वायत्तता खत्म कर दी। तिब्बत की भी स्वायत्तता खत्म करने के लिए चीन वहां अलगाववादी प्रोपेगेंडा चला रहा है। जब इतने से कुछ नहीं हुआ तो उन्होंने भारत के साथ सिक्किम और लद्दाख में सीमा विवाद शुरू करके उसे दबाव में लाना प्रारंभ किया। चीन भले ही भारतीय सीमा पर स्थिति को स्थिर और नियंत्रण योग्यस बता रहा हो लेकिन यह पिछले कई सालों में दोनों देशों के बीच सबसे बड़े सैन्यो जमावड़े में से एक है। वास्तविक रूप में देखें तो यह उस बात की खीझ है, जिसके तहत भारत ने चीन से आने वाले एफडीआई और एफपीआई पर रोक लगा दी है। चीन इस बात से भी चिढ़ा हुआ है कि भारत अमेरिका के साथ रिश्ते मजबूत करने के साथ उसके सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रीक?चर प्रॉजेक्ट बीआरआई का विरोध कर रहा है और दलाई लामा को शरण भी दी है, इसलिए सभी पड़ोसियों धमकाकर चीनी राष्ट्रपति देश की नजरों में हीरो बनने की कोशिश कर रहे हैं। इतने में ही महत्वाकांक्षा पूरी नहीं हुई तो शी यह भी उम्मीद कर रहे हैं कि अपने देश में कोरोनावायरस को पूरी तरह रोकने के लिए दुनिया सज़ा देने की जगह उनकी तारीफ़ करे।

अब जब इतना सब कुछ हो रहा है तो प्रत्युत्तर आना निश्चित था। एकतरफ अमेरिकी कांग्रेस में तिब्बत को स्वतंत्र देश घोषित करने संबंधी प्रस्ताव तो दूसरी ओर वन चाइना पॉलिसी को किनारे रखकर ताइवान को संप्रभु देश के रूप में मान्यता देने की कोशिश, तीसरी तरफ हांगकांग की व्यापार संबंधी स्पेशल स्टेटस को खत्म करते हुए अधिकारियों पर प्रतिबंध, और अंत में अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर निकालने के ट्रंप के फैसले ने दुनियाभर को चौका दिया है।

केंद्रीकृत नीति के अभाव में परेशान होता जनमानस

रामेश्वर मिश्रा

> बेहतर होता कि रेल मंत्रालय द्वारा प्रवासियों के पंजीयन हेतु एक केंद्रीकृत पोर्टल बनाया गया होता जिस पर पंजीकृत हुए प्रवासियों की विस्तृत जानकारी होती और जिसके माध्यम से यात्रियों की संख्या अनुसार ट्रेनों का संचालन किया गया होता तो स्थिति इतनी भयावह न होती। इन सब के लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार के आदेश का पालन राज्य सरकारों ने उस वक्त सख्ती से किया जब कई राज्यों में कोरोना संक्रमण की एक भी घटना नही थी और सब ने लॉकडाउन अपनाया लेकिन आज जब लगभग हर राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है तो सरकार ने अपने दायित्वों से मुँह मोड़ लिया और राज्य सरकारों के हाथों में निर्णय छोड़ दिया जिससे आगे आने वाले दिनों में सुदृढ़ केंद्रीय नीति के अभाव में संक्रमण और बढ़ेगा।

आज भारत में कोरोना से संघर्ष को लेकर अलग-अलग राज्यों द्वारा अलग-अलग रणनीति अपनाई जा रही है, वर्तमान परिदृश्य में कोरोना संक्रमण भारत में बड़ी तेजी से पैर पसार रहा है। एक मई को हमारे देश में कोरोना संक्रमण मात्र पैंतीस हजार सात सौ बानबे था और माह के अंत में यह संक्रमण लगभग दो लाख तक पहुँच गया जो भारत को वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान पर खड़ा कर दिया, गौरतलब यह है की कोरोना संक्रमण की रफ्तार को यदि नियंत्रित नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं की जून माह के अंत में हमारा देश संक्रमण की दृष्टि से विश्व में तीसरे पायदान तक पहुँच जायेगा जो कि हमारे देश और जनमानस के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। कोरोना संकट को लेकर हमारे समाज में अनेक मन्वन्तर बने हुए हैं, समाज का हर नागरिक इस संकट से डर भी रहा है और कार्यों की बेबसी में बाहर निकलकर भीड़ का हिस्सा भी बन रहा है। कोरोना संक्रमण को लेकर केंद्र सरकार के उत्तरदायित्व को लेकर आम जनमानस काफी निराश है और हो भी क्यों न क्योंकि सुनियोजित केंद्रीकृत नीति के अभाव में सर्वाधिक परेशानियों का सामना आम जनमानस को ही करना पड़ रहा है। कोरोना संक्रमण के भारत में तीव्रता से फैलाव के पीछे जो निहित कारण है वह यह है कि संक्रमण की रोकथाम हेतु कोई केंद्रीकृत नीति न ही बनायी गयी और न ही अपनायी गयी।

हमारी सरकार प्रारम्भ से ही कोरोना संकट को लेकर कोई केंद्रीकृत नीति नहीं तय कर सकी जिसका परिणाम आज यह हुआ कि राज्यों से राज्यों के हित टकराने लगे, राष्ट्र की परिकल्पना का स्थान राज्यों ने ले लिया। हम इस तथ्य को देखकर संतुष्ट हैं कि अमुक राज्य में संक्रमण निम्नतम है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात और दिल्ली में कोरोना का संक्रमण अधिक है, दूसरे राज्य इन राज्यों के आंकड़ों से तुलना करके गौरव महसूस कर रहे हैं, ऐसा लग रहा है जैसे ये राज्य और यहाँ के नागरिक हमारे देश के नागरिक नही हैं और जैसे यह राज्य हमारे देश का हिस्सा ही नही है। इन विचारों के उदभव के लिए एक सुदृढ़ केंद्रीकृत नीति का न होना उत्तरदायी है जिसके परिणामस्वरूप राज्यों से राज्यों के हित टकरा रहे हैं। कोरोना संकट को लेकर सरकार को यह भान ही नही था कि इसका हल इतनी आसानी से नही निकला जा सकता है जिसका परिणाम यह हुआ कि सरकार किसी भी क्षेत्र में कोई केंद्रीकृत नीति नही बना सकी जिसके माध्यम से कोरोना संकट से संघर्ष किया जाता। सरकार ने चुनिंदा स्वास्थ्यकर्मियों की किसी भी टीम का गठन नही किया जिसके माध्यम से संघर्षरत राज्यों को कोरोना के बदतर स्थिति में सहायता मिलती और जिनके देख-रेख में कोरोना संकट से राज्य सरकारें लड़ती। जिस प्रकार से अहमदाबाद में कोरोना संक्रमितों की संख्या में वृद्धि पर केंद्र सरकार द्वारा एम्स में निदेशक डॉक्टर रणदीप गुलेरिया को अहमदाबाद भेजा गया और वहाँ कोरोना संकट से लड़ने में एक मजबूत केंद्रीकृत नियंत्रण देखने को मिल रहा है। उसी प्रकार से महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली में क्यों नही हुआ ? महाराष्ट्र ने केरल सरकार से इस सम्बन्ध में सहायता माँगी। इन सब कार्यों के बीच आज महाराष्ट्र का आम जनमानस कोरोना संकट से घिरा हुआ है और स्थिति भयानक बनी हुई है।

> सरकार द्वारा ऐसी ही गलती प्रवासियों के घर वापसी के समय हुई, इन प्रवासियों के घर वापसी समय कोई ठोस रणनीति नही बनायी गयी जिसका परिणाम यह हुआ कि महाराष्ट्र में रह रहे प्रवासियों के साथ-साथ वहाँ का आम जनमानस अव्यस्थित एवं महामारी का शिकार हुआ। इसके साथ ही महाराष्ट्र और पश्चिमी बंगाल की सरकारों का ट्रेनों की संख्या को लेकर रेल मंत्रालय से विवाद हुआ, इन सब के साथ-साथ ट्रेनों के सही संचालन के अभाव में भूख-प्यास से मृत लोगों के शव ट्रेनों में मिले।

सुदृढ़ केंद्रीकृत नीति के अभाव में कभी उत्तर-प्रदेश द्वारा तो कभी हरियाणा द्वारा तो कभी दिल्ली द्वारा अपने राज्यों की सीमाएं सील कर दी जाती हैं और सीमा सील करने का निर्णय राज्य सरकारों द्वारा उस वक्त लिया जाता है जब आम जनमानस अपने-अपने कार्यों के उद्देश्य हेतु घरों से निकल चुका होता है और गाड़ियों की लम्बी-लम्बी कतारों में अपने बारी की प्रतीक्षा कर रहा होता है तो तपती धूप में घंटों खड़े रहने के पश्चात उसे पता चलता है कि अमुक राज्य ने सीमा सील कर दी है, इन सब निर्णयों का आम जनमानस शिकार होता है। इस प्रकार की अव्यवस्था के लिए असल में केंद्रीकृत नीति का न होना है। इसी प्रकार केंद्र सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण से हमारे संरक्षक पुलिसकर्मियों के लिए कोई विशेष-नीति या जोखिम भत्ते की व्यवस्था नही की गयी। आज लगभग पैंतीस सौ पुलिसकर्मी कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं जिनके लिए अलग-अलग राज्य सरकारों द्वारा अलग-अलग नीतियों को अपनाया जा रहा है। इनके लिए कोई केंद्रीकृत नीति नही बनायी गयी।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैंने अपने वजूद

मैंने अपने वजूद की जड़ें सहजता से फैला रखी है मौलिकता की जमीन के अन्तस में मुझे मालूम है , बुरे वक्त तुम आरी , कुल्हाड़ी बन काटोगे मेरी सम्भावंनाओं की शाखाएं और एक दिन मुझे जरूर करोगे ठूंठ मेरी साहसिक उम्मीदों की कोंपलें खिलखिलायेंगी बार बार तुम्हारी न्यस्त असफलताओं पर।

-परमेश्वर वैष्णव

मूंगफली के दानें

मूंगफली के दानें हो जैसे काजू अखरोट भरे हो वैसे अमरुद सा भी स्वाद मिला हो प्यार मुझसे तुम करना ऐसे ।। थोड़ा बादल भी छाया हो रिमझिम पानी भी बरसा हो सोंधी मिट्टी सी खुशबू हो जैसे प्यार मुझसे तुम करना ऐसे ।। भाव मनाने के न आते मुझको रुठना भी नहीं भाता तुझको दौड़ते - भागते रहें संग दोनों प्यार मुझे तुम करना ऐसे।।

- सत्या शर्मा कीर्ति

ख़ास पाती | समन्दर किनारे बीता भीगा

समन्दर किनारे बीता भीगा पल याद आता है, एक-दूजे को यूं ही सा चाहना याद आता है! मेरा वो ठहरा सा बचपन और नदी सा अल्हड़पन, किनारा बनकर तुम्हारा समेटे रखना याद आता है! रेत पर लिखकर नाम दोनों का उंगलियों से अपनी, घरौंदा छोटा सा पैरों पर बनाना याद आता है! महक कुछ अलग सी आयी थी उन फूलों से, बालों में तुम्हारा उनको लगाना याद आता है! सहारे बहुत ज़िन्दगी ने यूं तो दिए हैं मुझको भी, जाने क्यों कांधे पर तेरे सिर टिकाना याद आता है!

- मधु शर्मा कटीहा

दिल मेरा बीमार अभी है

दिल मेरा बीमार अभी है रोता है लाचार अभी है किसे सुनाये , कौन सुनेगा सबका ग़म अख़बार अभी है आँखों के अंदर है दरिया ज़ख्मों का बाज़ार अभी है चंदा - सूरज से मिलने को अंधेरा तैयार अभी है फूलों पर मडराती तितली बाग़ों में गुलज़ार अभी है सहरा - सहरा , दरिया-दरिया दुश्मन की दीवार अभी है आँखों से जब दिल में उतरा प्यार हुआ , इज़हार अभी है कहिये कुछ तो 'ऐनुल' साहिब हाथों में क्यूँ ख़ार अभी है।

- 'ऐनुल' बरौलवी

एक मनुष्य ने भगवान से पूछा

एक मनुष्य ने भगवान से पूछा : भगवान, कोरोना के कारण मेरे जीवन से 60दिन जो कम हो गये हैं,वो 60 दिन मेरे जीवन में जुड़ जाएंगे न? भगवान ने जवाब दिया : अरे मूर्ख,यही 60 दिन तो तूने जिए हैं, बाकी सारी जिंदगी तो सिर्फ भटका है।

- गुनगुन पटेल

दर्द बनना तुम्हीं दवा बनना

दर्द बनना तुम्हीं दवा बनना आरजू मेरी हमनवां बनना रूठने लगे किस्मत मेरी जब जबहमदम मेरे.....बस खुदा बनना सपनों में भी ग़र डर जाऊं कहीं सीने से लगा मुझे..दुआ बनना मैं तन्हाइयों से जूझती रही ताउम्र तुम साथ चलना..... साया बनना इतना आसां नहीं उस पार पहुंचना हाथ थाम कर मेरा.. कारवां बनना सोयी तकदीर को जगा देने वाले अरूणिमा समेटे..इक समां बनना नादानियां कितनी भले करे सीमा कांटों के दौर में.. गुलिस्तां बनना। - सीमा भाटिया

कहने को वे जानते बनते

कहने को वे जानते,बनते कैसे बॉस। घर में रहते मौन वे,धमका देती सास। धमका देती सास, रहे वे घर में छिपकर। धोते बरतन साथ,दिये थे ये भी लिखकर। निभाते वचन आज,चले वे मिलकर रहने। बाहर गरजन शेर, बने हैं अपनी कहने। - नवीन कुमार तिवारी

बेजुबान सी ही थी मैं अभी

बेजुबान सी ही थी मैं अभी तो आई भी नहीं ठीक से जबानें की ठोकर ने मार ही डाला मुझे बस चंद पल की खुशी की खातिर कैसे कोई जी सकता हैं मुझ बेजुबान को मारके कहने को गणपति का सिर भी मुझसे ही हैं उसका भी ध्यान नहीं रहा।

- सोनू कुमार आकाश

साथ साथ वही है जो वक्त

साथ साथ वही है जो वक्त को साथ हराए दिन-दोपहर, रात या बारिश हर मौसम में इक वो.. हौसला बन मुस्कुराए... वक़्त ही वक़्त हो साथ.. वक़्त की सिलवटों में.. हर याद प्यार का रंग दे जाए.. साथ वही है जो नंदिता के साथ कदम से कदम और वक़्त बेवक्त ज़िंदगी बन जाए! - नंदिता तनूजा

QUIZ TIME

1) जापान में जिस नए साम्राज्य युग के आरम्भ की घोषणा की गई है, उसका क्या नाम है?
(क) तेड़वा (ख) हिक्कादी (ग) रेड़वा (घ) हातोमोरी

2) भारत के किस क्षेत्र में 'ढिम्सा नृत्य' का आयोजन होता है? (सियांग घाटी / अराकू घाटी)

3) ओडिशा के कंधमाल के किस उत्पाद को जीआई टैग प्रदान किया गय है?

4) किस टीम ने सुल्तान अजलान शाह हॉकी टूर्नामेंट 2019 जीता?

5) व्यक्ति का नाम बताए जिन्होंने रेडिफ मेल का स्थापना किया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रेइवा (2) अराकू घाटी (3) हल्दी (4) दक्षिण कोरिया (5) अजीत बालकृष्णन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1520 - फ्रांस और इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड संधि पर हस्ताक्षर किये। 1674 - शिवाजी का रायगढ़ के किले में राज्याभिषेक और उन्हें छत्रपति की उपाधि प्रदान की गयी। 1744 - फ्रांस और फारस ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किया। 1808 - नेपोलियन के भाई जोसफ को स्पेन का राजा बनाया गया था। 1844 - लंदन में यंग मेन्स क्रिस्चियन एसोसिएशन (वाईएमसीए) की स्थापना की गयी। 1882 - न्यूयॉर्क के हेनरी डब्ल्यू सिले ने इलेक्ट्रिक आयरन का पेटेंट लिया। 1916 - अमेरिका के ईस्ट क्लीवलैंड में महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया गया।1919 - फिनलैंड ने बोल्शेविक के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1926 - मिस्र में एडली पाशा के नेतृत्व में सरकार बनी।

कोरोना काल में भगवान जगन्नाथ भी हो गए बीमार, अगले 15 दिनों के लिए किए गए होम क्वॉरेंटाइन

■ **अब आयुर्वेदिक दवाओं से पुजारी करेंगे उपचार**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । इस वर्ष भले ही जेठ महीने में तेज गर्मी नहीं पड़ रही है लेकिन इसी गर्मी में पहले लू लगने से और फिर बहुत अधिक स्नान करने से भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ गए हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी जयेष्ठ महीने की पूर्णिमा पर श्री जगन्नाथ मंदिर में स्नान यात्रा का महोत्सव मनाया गया। मान्यता अनुसार इस महीने में तेज गर्मी से राहत पाने के लिए भगवान श्री जगन्नाथ में स्वयं राजा को अपने मंदिर के सम्मुख एक वट वृक्ष के समीप कुआं खुदवा कर उसके शीतल जल से स्नान कराने का आदेश दिया था इसे भगवान की स्नान लीला कहा जाता है।

इस अवसर पर मंदिर के पुजारी और दुहितगण भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा को 108 कलश के जल से स्नान कराते हैं। जिसके बाद वह बीमार पड़ जाते हैं और 15 दिनों के एकांतवास पर चले जाते हैं इस अवधि को अनवसर कहा जाता है। बिलासपुर रेलवे क्षेत्र स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भी शुक्रवार को स्नान उत्सव मनाया गया। सबसे पहले मंदिर के गर्भ गृह से भगवान जगन्नाथ ,बलभद्र और देवी सुभद्रा की काष्ठ प्रतिमाओं को बाहर निकाला गया। फिर उन्हें सूती के वस्त्र पहनाए गए ,फिर यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ औषधीय जल से भगवान को स्नान कराया गया । कहते हैं बहुत अधिक स्नान करने से भगवान को ज्वर हो गया है और वह एकांतवास पर रहकर अपना इलाज कराएंगे।

इस पूरे काल में मंदिर के दरवाजे भक्तों के लिए बंद रहेंगे । मंदिर के पुजारी इस दौरान अलग-अलग जड़ी बूटियों से भगवान का इलाज करेंगे और उन्हें आहार में अन्न के स्थान पर फल आदि सुपाच्य भोग चढ़ाया जाएगा। बिलासपुर के श्री जगन्नाथ मंदिर में भी सुबह पूजा अनुष्ठान के बाद श्री विग्रह को स्नान मंडप में लाया गया ,जहां सुना कुआं यानी सोने के सोने के कुए से 108 पवित्र कलश का जल लाकर भोग मंडप में रखा गया। पुजारी द्वारा इन घड़ों में हल्दी ,अक्षत, चंदन पुष्प और सुगंध मिश्रित किया गया जिसके बाद पुजारी और भक्तों ने विधि विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को स्नान कराया । जलाभिषेक के पश्चात भगवान जगन्नाथ और बलभद्र को हाथी के भेष वाले पोशाकों से सुसज्जित किया गया तो वही बहन सुभद्रा को कमल वाली पोशाक पहनाई गई।

कोरोना का असर स्नान उत्सव पर भी दिखा। नियमानुसार यहां सीमित संख्या में ही श्रद्धालु अनुष्ठान पूर्ण करने पहुंचे । कहते हैं इस स्नान उत्सव से भगवान बीमार पड़ गए हैं और अब राजवैद्य के रूप में पुजारी अगले 15 दिनों तक उनका उपचार करेंगे । इस दौरान मंदिर में पूजा नहीं होगी ,न हीं आरती होगी ।यहां तक की घंटे भी नहीं बजेंगे। मंदिर की घंटियों को भी कपड़े से बांध दिया गया है। जड़ी बूटियों से उपचार और 15 दिनों तक अन्य नहीं करने से भगवान अब 20 जून को स्वस्थ होंगे। मगर इस तिथि पर ग्रहण होने से मंदिर में 22 जून को नेत्र उत्सव और नवयौवन उत्सव एक साथ मनाया जाएगा। तो वही 23 जून को त्रिदेव प्रतिमा यानी जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा रथ यात्रा के माध्यम से मौसी मां के घर गुंडीचा मंदिर जाएंगे जहां मौसी का आतिथ्य स्वीकार करने के बाद 1 जुलाई को बहुड़ा यात्रा के रूप में उनकी वापसी होगी। इस वर्ष कोरोना का असर सभी पर्व और उत्सव पर पड़ा है ।आशंका है कि रथ यात्रा पर भी इसका असर पड़ेगा और संभव है कि पूर्व वर्षों की तरह सार्वजनिक आयोजन ना हो सके।

न्यूज गैलरी

सिम्स से इस्तीफा देने वाले दो डॉक्टर कोरोना की गिरफ्त में

बिलासपुर । कोरोना केस की संख्या दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है। कोरोना के 17 नये मामले सामने आने के बाद इनमें से चार पीड़ित बिल्हा के हैं जिनकी उम्र 22 से 47 साल के बीच है। बिलासपुर शहर से 10 केस हैं जिनमें तीन सरकंडा इलाके से हैं, एक-एक कोनी और जूना बिलासपुर से भी है। एक बलौदा बाजार का मरीज भी यहीं भर्ती है। इसे एम्स रायपुर इलाज के लिए भेजा गया है, शेष सभी को कोरोना संभागीय अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है। सिम्स से बीते एक जून को इस्तीफा देने वाले 60 डॉक्टरों में से दो को कोरोना पॉजिटिव आज पाया गया है। सिम्स के इन जूनियर डॉक्टरों ने वेतन और सेवा शर्तों के नाम पर इस्तीफा दिया था लेकिन कहा जा रहा था कि ये कोरोना के फ्रंट लाइन में काम करने की जिम्मेदारी दिये के कारण काम छोड़ रहे हैं। तबियत खराब होने के कारण कोरोना आईपीडी से ड्यूटी छोड़ने के साथ ही इनका सैम्पल लिया गया था। सिम्स प्रबंधन के मुताबिक ये दोनों क्वारांटीन पर थे। बताया जा रहा है कि इन डॉक्टरों का इस्तीफा स्वीकार न करके मांग के अनुसार अनिवार्य ग्रामीण ड्यूटी में जाने की छूट दी गई थी। कोविड अस्पताल बिलासपुर में भर्ती किये गये मरीजों में ये दोनों शामिल हैं। बिलासपुर कोविड हॉस्पिटल से अब तक 14 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। मुंगेली से सर्वाधिक 39 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

कोरोना वायरस से बचने आयुष विभाग पिला रहा काढ़ा

बिलासपुर । कोरोना बीमारी में प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि एवं बचाव हेतु एडवायजरी जारी की गई है, जिसके अनुसार बिलासपुर आयुष विभाग द्वारा कोरोना के फ्रंट लाईन वारियर्स जो बिलासपुर स्टेशन तथा बहतराई स्टेडियम में कार्य कर रहे हैं, उन्हें 3 जून से 15 जून 2020 तक लगातार त्रिकटू काढ़ा का वितरण आयुष विभाग बिलासपुर एवं ब्राम्हण चिकित्सा परिषद के द्वारा किया जायेगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.प्रदीप शुक्ला एवं ब्राम्हण चिकित्सा परिषद के डॉ.संदीप तिवारी, डॉ.स्नेहिल दीवान, डॉ.विवेक दुबे द्वारा बहतराई स्टेडियम में कार्यरत चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी, पुलिस आदि सभी लोगों को काढ़ा पिलाया गया, साथ ही रेल्वे स्टेशन में भी लगभग 200 कोरोना सैनिकों को काढ़ा वितरित किया गया है। ज्ञात हो कि बिलासपुर जिले के आयुष चिकित्सक, फार्मासिस्ट फंड कोरोना वारियर्स के रूप में अपनी सराहनीय सेवायें प्रदान कर रहे है एवं अधिकांश ब्लाक स्तरीय क्वारेंटाईन सेंटर्स एवं पंचायत स्तरीय क्वारेंटाईन सेंटर्स का देखरेख करते हुए अब तक लगभग पूरे जिले में 30 किलो त्रिकटू चूर्ण से काढ़ा तैयार कर वितरित किया जा चुका है। आगामी क्वारेंटाईन सेंटर्स का संचालन होते तक यह कार्यक्रम विभाग द्वारा किया जायेगा।

सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत सायकल वितरण

मुंगेली। सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत सायकल वितरण शासकीय उच्च माध्यमिक विद्या. चकरभाठा मुंगेली में जनपद सदस्य श्री मती जानकी देवी पूर्व जनपद सदस्य रामकुमार साहू ग्राम सरपंच श्रीमती संतोषी देवी साहू शाला विकास समिति के अध्यक्ष लखन साहू बंसी साहू प्राचार्य के आर लहरे ,और समस्त पालको की उपस्थिति में किया गया ,कोरोना महामारी के छात्राये पालक सभी मास्क लगाकर एवं सोसिअल दिस्तानसिंग का पालन करते हुवे उपस्थित हुवे कुल 28 सायकल का वितरण किया गया।

कोरोना पॉजिटिव के 55 मरीज अब तक स्वस्थ

मुंगेली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर मे बेहतर ईलाज के फलस्वरूप मुंगेली जिले के 15 कोरोना पॉजिटिव मरीज आज और स्वस्थ हो गये है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायपुर मे ईलाज के बाद ठीक होने पर उन्हे छुट्टी दे दी है । इसे मिलाकर जिले के कोरोना पॉजिटिव 55 मरीज स्वस्थ हो गये है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महादेव तेदवें ने बताया कि डिस्चार्ज हुए मरीज प्रवासी श्रमिक है।

जिस क्षेत्र में मिले कोरोना के मरीजी उस इलाके को कर दिया गया सील

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । जिस क्षेत्र में मिले कोरोना के मरीज उस इलाके को नाकेबंदी कर सील कर कंटेंटमेंट जोन की घोषित कर दिया है वही इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है ।

शहर में 17 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद दहशत का माहौल है क्षेत्र में मरीज पाये गये है उसे पूरी तरह सील कर दिया गया है । पहली बार शहरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में एक साथ मरीजों की पुष्टि होने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच हुआ है और जिस इलाके में मरीज रह रहे थे उन इलाकों को कंटेंटमेंट जोन घोषित करते हुए वहां की नाकेबंदी की गई है। कुदुदंडक्षेत्र में 65 वर्षीय बुजुर्ग संक्रमित पाए गए हैं जिसके बाद पूरे इलाके को बेरिकेडिंग से घेर दिया गया है इसी तरह एफसीआई रोड बिलासपुर में भी एक 23 वर्षीय युवक संक्रमित पाया गया है जिसके बाद बिलासपुर रेलवे स्टेशन से एफसीआई गोदाम जाने वाली व्यापार विहार की सड़क पर बांस बल्ली से बैरिकेडिंग कर दी गई है।

जूना बिलासपुर के उस खास इलाके को भी कंटेंटमेंट जोन घोषित किया गया है जहां एक युवक संक्रमित पाया गया है। सरकंडा क्षेत्र से भी तीन मरीज मिले हैं लिहाज इस इलाके में भी सुरक्षा पुख्ता कर दी गयी है।

शुक्रवार को भी नए मरीजों के सामने आने का सिलसिला बरकरार है। अब तक 63 नए कोरोनावायरस सामने आ चुके हैं जिनमें से एक साथ कोरबा से ही 40 नए पॉजिटिव मामले आए हैं। इसके अलावा बलौदा बाजार से दो ,राजनांदगांव से दो, बलरामपुर से एक, रायपुर से 3 ,कोरिया से एक और रायगढ़ से 13 नए मरीज मिले हैं। कोरबा से जो 40 संक्रमित मरीज पाए गए हैं वह सभी प्रवासी श्रमिक है। इनमें से 36 को को कुदुरमाल सेंटर में एक साथ रखा गया था, जबकि दो पाली में और 2 एक होटल में ठहराये गए थे। गुरुवार को कुल 93 नए मरीज सामने आए थे और शुक्रवार को अब तक 63 मरीज सामने आ चुके हैं जिससे लग रहा है आज भी 100 के करीब मरीज सामने आएंगे ।बिलासपुर ,कोरबा, मुंगेली और रायगढ़ जिले से लगातार बड़ी संख्या में संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं।

बिलासपुर के विनोबा नगर में पुलिस ने कराई नाकेबंदी

बिलासपुर । यहाँ के विनोबा नगर इलाके में कल एक पॉजिटिव केस मिलने के बाद भी निगम ने इस इलाके को सील नहीं किया था। आज सुबह मरीज के घर के आसपास की सभी दुकाने खुली थीं और सामान्य चहल पहल दिखायी दे रही थी। उसी समय पुलिस महानिरीक्षक यहाँ का जायजा लेने आये और उन्होंने टी आई, तारबाहर को कहा कि अगर निगम ने अभी तक बेरिकेटिंग नहीं कि है तो आप कीजिये । तब तारबाहर पुलिस ने गायत्री मंदिर से मैग्नेटो मॉल जाने वाले रास्ते को तनखा मेमोरियल स्कूल के पहले शिशु मंदिर तक के रास्ते की सारी दुकाने बंद कराईं और बेरिकेटिंग कर इस इलाके को सील किया। बाद में पार्षद रविन्द्र सिंह भी पहुंचे।

श्रमिक स्पेशल गाड़ियों में निःशुल्क भोजन व बोतलबंद पानी का वितरण अनवरत जारी

■ **3 जून तक 2 लाख 60 हजार से अधिक भोजन पैकेट व बोतलबंद पानी नि:शुल्क उपलब्ध कराये गये हैं**

बिलासपुर । रेलवे प्रशासन द्वारा लॉकडाउन के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे प्रवासी मजदूरों, तीर्थयात्रियों, पर्यटकों, छात्रों और अन्य व्यक्तियों के लिए मिशन ''घर वापसी'' के तहत अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक स्पेशल गाड़ियों का परिचालन कर श्रमिकों को उनके गृह राज्य पहुंचाया जा रहा है। लॉकडाउन के कठिन परिस्थिति में भी वाणिज्य विभाग द्वारा आईआरसीटीसी के माध्यम से मण्डल से गुजरने व समाप्त होने वाली सभी गाड़ियों में श्रमिकों के लिए नाश्ता, भोजन तथा पीने के पानी का प्रबंध नि:शुल्क किया जा रहा है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक पुलकित सिंघल के मार्गदर्शन में मण्डल रेल प्रशासन सभी श्रमिकों को समुचित मात्रा में भोजन उपलब्ध कराने के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मठ कर्मचारियों द्वारा बिलासपुर मण्डल से गुजरने वाली सभी श्रमिक स्पेशल गाड़ियों में यात्रा करने वाले सभी श्रमिकों को तय समय में खानपान की सुविधा योजनाबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा रही है। बिलासपुर मण्डल द्वारा 01 मई से 03 जून के दौरान 199 श्रमिक स्पेशल ट्रेनों में 02 लाख 60 हजार से अधिक भोजन पैकेट व 05 लाख से अधिक लीटर बोतलबंद पानी उपलब्ध कराये गए हैं। इसके आलवा नए प्रयोग द्वारा सभी कोचों के यात्रियों को कोच के पास ही पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है साथ ही साथ आवश्यकतानुसार बच्चों के लिए दूध व गर्मी से राहत दिलाने हेतु बटर मिल्क भी उपलब्ध कराई जा रही है ।

नवनिर्मित ऑडिटोरियम का नामकरण राजीव गांधी के नाम पर

कोरबा । शहर के हृदय स्थल पर निर्मित प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में नवनिर्मित ऑडिटोरियम का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम किया गया। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नियमानुसार स्वीकृति प्रदान करते हुए कोरबा कलेक्टर, आयुक्त नगर पालिक निगम सहित संबंधित विभागों को सूचित कर दिया है। तत्कालीन विधायक एवं वर्तमान राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की पहल पर तत्कालीन महापौर रेणु अग्रवाल ने निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम किए जाने के लिए एमआइसी एवं सामान्य सभा के अनुमोदन पश्चात एक मार्च 2019 को एक प्रस्ताव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन को भिजवाया था।

रात भर भाई ब्लड चढ़ाने की लगाता रहा गुहार, लेकिन नर्स ने कर दिया अनसुना

सिम्स में नर्स की लापरवाही से गई युवक की जान

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । एक तरफ सिम्स के डॉक्टर और नर्स लगातार कोरोना से संक्रमित हो रहे हैं तो दूसरी ओर सिम्स की अपनी पुरानी बीमारी भी खत्म होने का नाम नहीं ले रही। आरोप है कि एक बार फिर एक नर्स की लापरवाही से इलाज करा रहे युवक की मौत हो गई । मल्हार निवासी 23 वर्षीय रूपेश भारद्वाज को सिकलसेल की बीमारी थी। सिकलिन के इलाज के लिए उसे विगत कई वर्षों से सिम्स लाया जाता रहा है, जिसके इलाज के रूप में उसे ब्लड चढ़ाया जाता था । गुरुवार को भी सुबह 6:00 बजे उसके भाई पुष्पराज भारद्वाज उसे लेकर सिम्स पहुंचे ,जहां उसे इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया ।चिकित्सक द्वारा मरीज के लिए खून की व्यवस्था करने कहा गया। पुष्पराज द्वारा गुहार लगाए जाने के बाद जूदेव सेना के धनंजय गोस्वामी और उनके साथियों ने रक्तदान कर ब्लड उपलब्ध कराया। इस रक्त को ब्लड बैंक में जमा करा कर कहा गया कि जरूरत के समय वे ले जाएंगे । बताते हैं कि रात करीब 11:00 बजे रूपेश भारद्वाज की तबीयत बिगड़ने लगी और वह तकलीफसे कराहने लगा। जिसके बाद उसके भाई पुष्पराज ने वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद नर्स से निवेदन किया कि वह उसके भाई को ब्लड चढ़ा दे , लेकिन नर्स ने उसकी बातों को अनसुना कर दिया। रूपेश भरद्वाज के भाई का कहना है कि उसने रात 12:00 बजे एक बार फिर नर्स से विनती की, लेकिन इस बार भी उसे डांट कर भगा दिया गया। रात 1:00 बजे जब मेडिकल स्टाफ को बताया गया कि रूपेश भारद्वाज की हालत बिगड़ती जा रही है तो उन्होंने कहा कि अब सुबह ही उसे ब्लड चढ़ाएंगे, लेकिन इसकी जरूरत नहीं पड़ी । क्योंकि तड़के ही रूपेश भारद्वाज ने दम तोड़ दिया । जाहिर है कि ड्यूटी पर मौजूद नर्स की लापरवाही से ही युवक की जान गई है। बताया जा रहा है कि जिस युवक की मौत हुई है उसकी 6 माह की अबोध बच्ची भी है, जो अब अनाथ हो चुकी है। सिम्स में भर्ती सिकलिन के मरीज के इलाज में जाहिर तौर पर डॉक्टर और नर्स ने बड़ी लापरवाही की है और इसी कारण युवक की मौत हो गई । इस मामले में मृत युवक के भाई पुष्पराज भारद्वाज ने कलेक्टर से शिकायत की है। लेकिन यह इकलौता मामला नहीं है। इससे पहले भी सिम्स पर इसी तरह के लापरवाही के कई आरोप लगे हैं और फिर जांच कमेटी ऐसे सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर देती है। लगता है रूपेश भारद्वाज की मौत भी ऐसे ही किसी फाइल में दफन हो जाएगी।

जिला पंचायत सदस्य ज्योत्स्ना राजवाड़े ने क्षेत्र का किया दौरा

■ **विधायक द्वारा प्रदत्त सहायता राशि चेक का किया वितरण**

बैकुंठपुर। जिला पंचायत सदस्य सोनहत श्रीमती ज्योत्स्ना राजवाड़े ने विधायक द्वारा प्रदत्त विभिन्न जरूरतमंद हितग्रहियों व समूहों को सहायता राशि चेक का वितरण किया , ज्योत्स्ना राजवाड़े ने विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय , ब्लाक महामंत्री अनित दुबे व लव प्रताप सिंह उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र राजवाड़े के साथ ग्राम केशगवा तन्जरा ठाकुरहत्थी क्षेत्र का दौरा किया इस दौरान उन्होंने सहायता राशि चेक वितरण किया साथ ही विधायक गुलाब कमरो जी के द्वारा लगातार क्षेत्र के लिए कराए जा रहे कार्यो की भी जानकारी दी, इस बीच ग्रामीण महिला समूह की महिलाओं ने अपनी समस्याएं बताई जिस पर जिला सदस्य व विधायक प्रतिनिधियों ने तत्काल विधायक से बात कर समस्या के निराकरण कराए जाने की बात कहा ।

अधूरे निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने रखी मांग

ग्राम पंचायत तन्जरा व अन्य ग्राम के ग्रामीणों ने अधूरे निर्माण कार्य की जानकारी जिला पंचायत सदस्य को दिया ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में कुछ कार्य पूर्व सरकार के समय से अधूरे पड़े है, जिस पर जिला सदस्य ने सम्बंधित विभाग व विधायक गुलाब कमरो जी से चर्चा कर जल्द अधूरे कार्यो को पूर्ण कराए जाने के सबन्ध में आवश्यक पहल किये जाने हेतु भरोषा दिलाया ।

6 हजार 663 हेंडपंपों और 93 नल-जल योजना के माध्यम से लोगों को उपलब्ध हो रहा है शुद्ध पेयजल

■ **तीन गांवो के लिए भी नए नल-जल योजना की स्वीकृति, घर-घर पहुॅचेगी पेयजल**

मुंगेली। जल ही जीवन है। इसलिए स्वच्छ पेयजल हर घर तक उपलब्ध कराना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। इसे देखते हुए मुंगेली जिले मे 6 हजार 663 हेंडपंपो और 93 नल-जल योजना के माध्यम से लोगो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इसके अलावा राज्य शासन द्वारा जिले के तीन गांव क्रमशः विकास खण्ड लोरमी के बिजराकापा कला, ढोलगी और विकास खण्ड पथरिया के ग्राम सकेत मे नए नल-जल योजना की स्वीकृति दी गई है। ग्रीष्म ऋतु में इन तीन ग्रामो मे पेयजल की स्थिति गंभीर हो जाती थी। अब इन गांवो मे नल-जल योजना प्रारंभ होने पर उनके घरो तक पेयजल पहुॅचेगी। जो उनके लिए वरदान साबित होगी।

नहीं थम रही क्वारंटाईन सेंटरों में बाहरी लोगों की आवाजाही

मुंगेली। जिले में जहां पुराने पाजीटिव केसो के ठीक होने से जहां राहत मिल रही है वही दुसरी तरफ नये केसों का मिलना भी अनवरत जारी है, बीते दिनों कलेक्टर की पहल पर गर्भवती महिलाओं के लिए बनाये गये क्वारंटाईन सेंटर में विगत दिनों महिलाओं के लिए बनाये गये क्वारंटाईन सेंटर में कोरोना पाजिटिव केस मिलने के बाद आसपास के क्षेत्र में भी दहशत का माहैल बनने लगा है।

नगर के रेम्बो हायरसेकेण्डरी स्कूल परिसर में बने क्वारंटाईन सेंटर में गर्भवती महिला और उसके परिजन के रहने की व्यवस्था की गई है ताकि परिसर से लगे मिशन हास्पिटल में उनके लिए व्यवस्था कराई जा सके, वर्तमान में लगभग 1465 क्वारंटाईन सेंटर में कुल 365 गर्भवती महिलाये है जिनको चिन्हांकित किया जा चुका है, जिनमें से लगभग 35 महिलाये हैं, जिनकी डिलवरी का समय निकट आ चुका है जिसको देखते हुए नव पदस्थ कलेक्टर पी एस एल्मा ने पहल की है, ताकि मां और बच्चे को बेहतर स्वास्थ सुविधाये मुहैया कराई जा सके, ज्ञात हो कि बीते दिनों मुंगेली विकासखंड के निरजाम क्वारंटाईन सेंटर में एक महिला ने नवजात बच्चे को जन्म दिया था।

जिला में एक पुलिस आरक्षक के कोरोना संक्रमित होने के बाद अब पूरे थाना को सील कर क्वारंटाइन सेंटर बना दिया गया है. वहीं थाना में कार्यरत तमाम पुलिस कर्मियों को थाना के भीतर ही क्वारंटीन कर दिया गया है.बताया जा रहा है कि जिले के फास्टरपुर थाना में पदस्थ एक आरक्षक के संक्रमित पाए जाने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है. जिसके बाद थाना को ही क्वारंटाइन सेंटर बना दिया गया और तमाम स्टाफ को उसके अंदर क्वारंटाइन कर दिया गया. इसके साथ ही सभी 37 पुलिस कर्मियों का सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया।

भीड़ पर नहीं रहा कंट्रोल

कलेक्टर के आदेशों के बावजूद भी लोगो का हुजुम बाजार खुलते ही सकडो पर उतरने से बाज नही आ रहा है, शनिवार और रविवार को पूर्ण लाकडाउन के बाद सोमवार को बेखौफघुमते लोगो की भीड सुबह से ही चालू हो जाती है जो 3 बजे तक जारी रही है, बैंक, किराना दुकानो, सब्जी बाजार सहित सभी चैक चैराहों में लोगो की भीड पर अब नियंत्रण रखना मुशिकिल नजर आने लगा है।

मास्क जरूरी

मस्क को जहां सरकार ने अनिवार्य कर दिया है वही कुछ लोगो द्वारा आज भी नियमों की अवहेलना की जा रही है प्रशासन द्वारा प्रयास तो किया जा रहा है बगैर मास्क के दिखने वाले लोगो को चैक चैराहो पर उठक बैठक तो कर समझाईश दी जा रही है, जबकी नगर पालिका के द्वारा मास्क न पहनने , सार्वजनिक स्थानों में थूकने पर जुर्माना लगाया जाना है इसके बावजूद भी लोगो में इसको लेकर कोई गंभीरता नजर नही आ रही है।

■ न्यूज गैलरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण

महासमुन्द। ग्राम खरोरा में विश्व पर्यावरण दिवस पर माँ शीतला उद्यान में वृक्षरोपण किया गया। बदलते परिवेश में पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन आवश्यक हो गया है। धरती माँ हराभरा रहे व प्राण दायिनी शुद्ध हवा सबको मिले इसलिये ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती सुनीता देवदत्त चंद्राकर के मार्गदर्शन में पंच व संवेदना संस्था के सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया है। सभी के द्वारा भारत माता की जय का जयघोष लगाकर पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत खरोरा के सरपंच श्रीमती सुनीता देवदत्त चंद्राकर,पंच गणश्री मती शीला कनौजे, प्रेमींन,कमला राकेश, मनोज,संजय साहू,सरपंच प्रतिनिधि देवदत्त चंद्राकर,संवेदना समूह के जितेंद्र कुमार चंद्राकर.ओम प्रकाश चंद्राकर.मनीष,हेमू चंद्राकर व ग्रामीण जन तुषार कनोजे राजेश.गीतांश बूटू ,हीरालाल .मुन्ना बांधे आदि ने वृक्षारोपण किया।

अज्ञात वाहन की चपेट में बाइक सवार दो मृत

महासमुंद। ग्राम नरतोरा के पास वाहन की चपेट में बाइक सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पटेवा पुलिस के अनुसार ग्राम डोकरपाली निवासी भारत सिंह दीवान पिता हेमसिंह दीवान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार को उसके पिता हेमसिंह दीवान तथा ऋषि कुमार दीवान दोनों बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएच 5830 से गांव डोकरपाली जा रहे थे। बाइक को ऋषि कुमार दीवान चला रहा था, जैसे ही दोनों बागबाहरा झलप मार्ग पर यादव कॉम्पलेक्स के आगे पहुंचे थे कि बागबाहरा की तरफसे आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। घटना में हेमसिंग दीवान की मौके पर ही मौत हो गई वहीं ऋषि गंभीर रूप से घायल हो गया।

जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने महामाया वार्ड कन्टेंनमेंट जोन घोषित

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने बताया कि जिले के मरीजों का सैम्पल जांच के लिए भेजा गया है। महासमुंद वार्ड 15 महामाया वार्ड के एक व्यक्ति की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने के कारण वार्ड के नीचे चौहद्दी को कन्टेंनमेंट जोन घोषित किया गया है। इसमें उत्तर दिशा में मुख्य मार्ग महासमुंद से रायपुर, दक्षिण दिशा में महामाया रोड, पूर्व दिशा में इंदिरा मार्केट प्रवेश द्वार एवं पश्चिम दिशा में साकरकर गली शामिल है। इसके अलावा उक्त कन्टन्टमेंट जोन के अलावा 03 किलोमीटर की परिधि को बफर जोन घोषित किया गया है।

दुकान से मोबाइल चोरी

महासमुंद। खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम मुडियाडीह में अज्ञात चोरों ने दुकान की दीवार तोड़कर 7 नग मोबाइल पार कर दिए। दुकान संचालक विरेन्द्र निषाद पिता हजारी राम की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। चोरी की गई मोबाइल की कीमत करीब 10 हजार रूपए बताई गई है।

युवक से तीन अज्ञात युवकों ने की मारपीट

महासमुंद। गली में खड़े युवक के साथ तीन अज्ञात युवकों ने मारपीट कर दी। लिमउगुड़ा निवासी प्रेमलाल चौहान ने पुलिस को बताया कि वे अपने घर की सामने गली में खड़ा था तभी अचानक तीन युवक बाइक से पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। सरायपाली पुलिस ने 3 अज्ञात के खिलाफ 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

अधेड़ ने लगाई फांसी

महासमुंद। ग्राम लभरा खुर्द निवासी जयलाल साहू पिता भुनूराम साहू (60) ने घर के पीछे स्थित ब्यारे के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

युवक से 10 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद। सरायपाली पुलिस ने झिलमिला निवासी श्याम लाल चौहान पिता दुलारे चौहान से 10 लीटर महुआ शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

बागबाहरा में 1 के खिलाफ एफआईआर

महासमुंद। नोडल अधिकारी की रिपोर्ट पर क्वारेंटाईन सेंटर में रह रहे श्रमिकों से अनाधिकृत रूप से मिलने पर बागबाहरा पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188, 269, 270 महामारी अधिनियम धारा 3 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

क्वारेंटाईन सेंटर में सामग्री प्रदाय के समय पर्याप्त दूरी बनाए रखें जनप्रतिनिधि

महासमुंद। कोविड-19 के संक्रमण के प्रसार को रोकने एवं बचाव के लिए शासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर एडवायजरी जारी की गई हैं और उसका अक्षरशः पालन करने के लिए समय-समय पर नागरिकों से अपील भी की गई है, ताकि कोरोना का संक्रमण न फैलने पाएं। इस संबंध में जिला प्रशासन ने आम नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों से विशेष रूप से अपील जारी की है कि जारी निर्देशों के तहत् फिजिकल डिस्टेंस का ख्याल रखें। जिला प्रशासन द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि जनप्रतिनिधि क्वारेंटाईन सेंटर में सामग्री प्रदाय करते समय पर्याप्त दूरी (कम से कम दो मीटर) बनाए रखें। उन्होंने नागरिकों से भी आग्रह करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता सामग्री देते समय क्वारेंटाईन सेंटर में रह रहे श्रमिकों से पर्याप्त सोशल एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग बनाए रखें ताकि कोरोना का संक्रमण न फैलने पाए।

क्वारंटाईन सेंटर से भागने, अनाधिकृत प्रवेश पर 7 के खिलाफ एफआईआर

■ विभिन्न धाराओं के तहत होगी कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। जिला प्रशासन द्वारा क्वारेंटाईन सेंटर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले एवं क्वारेंटाईन सेंटर से बाहर जाने वाले एवं नियम तोडने़ वाले 7 लोगों के खिलाफतीन अलग-अलग प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराई गई है। सरायपाली अनुविभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने बताया कि पहला मामला बसना ब्लॉक के ग्राम संतपाली का है जहां 15 मई को क्वारेंटाईन की अवधि में रहते हुए एक दिन दीवार फांदकर निकट ग्राम के अंतर्गत अपने मित्र के पास जाकर शराब का सेवन किया। वरिष्ठ करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत बसना की रिपोर्ट पर मामले का संज्ञान लेते हुए थाना सरायपाली पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 34, 188, 269, 270 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

दूसरा मामला बसना ब्लॉक के भूकेल ग्राम पंचायत का है जहां आरोपी 02 व्यक्तियों का बेटा अन्य राज्य से लौटकर आया था एवं उसे शासकीय उच्च प्राथमिक शाला क्वारेंटाईन सेंटर में रखा गया था। क्वारेंटाईन की अवधि के दौरान क्वारेंटाईन सेण्टर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया एवं बेटे से मुलाकात की। मुलाकात के कुछ दिन बाद 31 मई 2020 को बेटे की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पायी गयी तब जानकारी हुई कि उक्त लोगों ने अनाधिकृत रूप से क्वारेंटाईन सेंटर में प्रवेश किया था। वरिष्ठ करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत बसना की रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए बसना पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188, 269, 270 महामारी अधिनियम धारा 03 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

तीसरा मामला बसना ब्लॉक अंतर्गत जलकोट का है जहां क्वारंटिन में रह रहे व्यक्ति के बुलावे पर उसे 2 अन्य मित्रों द्वारा क्वारेंटाईन सेंटर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया एवं मुलाकात की। मुलाकात के कुछ दिन बाद 31 मई को अन्य राज्य से लौटे व्यक्ति की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पायी गयी। वरिष्ठ करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत बसना की रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई।

आदेश का उल्लंघन, हो सकती है 6 माह की सजा

गौरतलब है कि भारतीय दण्ड संहिता. की धारा 188 के तहत शासकीय सेवक के द्वारा जारी विधिवत आदेश के उल्लंघन पर 06 माह की जेल का प्रावधान है। धारा 269 के तहत किसी बीमारी को फैलाने के लिए किया गया गैर जिम्मेदाराना काम करने पर छह महीने की जेल या जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है। धारा 270 के तहत किसी जानलेवा बीमारी को फैलाने के लिए घातक या फिर नुकसानदायक काम करने पर दो साल जेल की या जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है। कोरोना वायरस के संक्रमण के खतरे को ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देशों के तहत क्वारेंटाईन सेंटर से क्वारेंटाईन अवधि में बाहर जाना एवं किसी भी बाहरी व्यक्ति का अनाधिकृत प्रवेश वर्जित है।

मनरेगा से डेढ़ लाख से अधिक श्रमिकों को मिल रहा रोजगार

■ कार्यस्थल पर 12 बिंदुओं में 'क्या करें और क्या नहीं करें, का दिया जा रहा संदेश

महासमुंद। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से कार्यस्थल पर कोरोना से बचने के लिए 'क्या करें और क्या नहीं' के संदेश का वाचन किया जा रहा है। नोवेल कोरोना वायरस से निपटने और इसके संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए तैयार किया गया 12 बिन्दुओं का जनजागृति संदेश मनरेगा के मजदूरों सहित ग्रामीणों में सकारात्मक प्रभाव डाल रहा है, जिसका प्रभाव यह हो रहा है कि वे इस संदेश का वाचन शपथ की तरह लेकर कर रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा रवि कुमार मित्तल ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक कार्तिकेया गोयल के द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना कोविड-19 के संक्रमण के प्रसार की रोकथाम के लिए लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं। उन्होने लॉकडाउन के दौरान ग्रामीण श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने, कार्यस्थल पर फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करने, मास्क लगाने और हाथों को पानी, साबुन एवं सैनिटाइजर से धोने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बताया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिए गये निर्देशों के माध्यम से मनरेगा कार्यस्थल पर मजदूरों, ग्रामीणों को संक्रमण से बचने के उपाय बताये जा रहे है। इसके तहत 12 बिन्दुओं पर दी गई जानकारी का प्रसार सतत किया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा। 4 जून को पिथौरा विकासखण्ड मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार दीवान द्वारा ग्राम पंचायत गोड़बहाल में वाचन किया तो रोजगार सहायक के माध्यम से निस्तारी तालाब गहरीकरण में कार्य का वाचन हुआ। इसके अलावा जनपद पंचायत पिथौरा के ग्राम पंचायत कोकोभांठा में तालाब गहरीकरण के दौरान रोजगार सहायक के द्वारा मजदूरों को 12 बिन्दुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान लगभग 84 मजदूर उपस्थित रहे। जनपद पंचायत पिथौरा के ग्राम पंचायत गोड़बहाल में संदेश को मजदूरों ने ध्यान से सुना एवं अपने प्रतिदिन के कार्यों में शामिल करने की शपथ ली।

फोरलेन 53 में कार एक्सीडेंट, एक महिला की मृत्यु तीन घायल

■ एयरफोर्स अधिकारी सहित परिवार सवार था, एयरफोर्स आफिसर खुद कार चला रहें थे

पिथौरा। फोरलेन नेशनल हाईवे 53 पर कार का दुखद हादसा हुआ कार में परिवार के दो बच्चों सहित चार लोग सवार थे जिसमें एक महिला की मृत्यु हो गई सभी कार सवार झारखंड के हैं और कार व परिवार एयरफोर्स के अफिसर बताया जा रहें है।

पिथौरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार होंडा सिटी कार जिसका नम्बर JH01CT4824 नागपुर से झारखंड जा रहे थे पिथौरा के पास मुंबई-कोलकाता हाईवे 53 फोरलेन में एक साईकिल सवार को बचाते हुए रोड से नीचे उतर गई स्पीड अधिक होने के कारण कंट्रोल नहीं कर पायें ड्राइवर और कार चार पांच पल्टी मारते हुए रोड से काफी दूर नीचे जा गिरी इस हादसे में एक महिला की मृत्यु हो गई और बाकी दो बच्चों व वायुसेना अधिकारी गंभीर रूप से घायल हुए घायलों को स्थानीय अस्पताल पहूंचाया गया जहाँ इलाज किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार होंडा सिटी कार चालक खुद मालिक बताया जा रहें है और एयरफोर्स अधिकारी है नागपुर के वायुसेना नगर रहने वाले थे नागपुर से झारखंड जा रहे थे ।

स्व-सहायता समूह की महिलाएं निर्माण कर रही हैं सेनेटाईजर

महासमुंद। विश्वव्यापी कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण के दौर को देखते हुए जहाँ कोई भी व्यक्ति घर से निकलने को तैयार नही है, वहीं इस समय नारी शक्ति अलग-अलग स्थलों पर अपनी भागीदारी निभाकर त्याग और समर्पण के साथ श्रेष्ठता के शिखर पर पहुँच रही हैं। महासमुन्द विकासखण्ड के स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने जिला प्रशासन के मागदर्शन में 1800 लीटर हैण्ड-सेनेटाईजर का निर्माण कर कुल 3000 बॉटल्स तैयार किया है। जिसे विकासखण्ड मुख्यालयों में 750 बॉटल्स सभी विकासखण्डों के क्वारंटाइन सेंटर एवं आम जनमानस को आसानी से उपलब्ध हो पाए इसलिए वितरित की गई है।

फनेश वर्मा बने जिला बलौदाबाजार छ. ग. कूर्मि क्षत्रिय समाज के IT सेल प्रभारी

अर्जुनी। छत्तीसगढ़ प्रदेश मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल के निर्देशानुसार फनेश वर्मा ग्राम सकरी (देवसुन्द्रा) को बलौदा बाजार-भाटापारा जिला इकाई कुर्मी क्षत्रिय समाज का आईटी सेल प्रभारी नियुक्त किया गया। टेसूलाल धुरंधर जिलाध्यक्ष के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वर्मा को शुभकामनाएं देते हुए राजप्रधान देवक राम वर्मा (पलारी), नरेंद्र कश्यप (बलौदा बाजार), भुनेश्वर कुमार वर्मा (अर्जुनी) हेमंत टिकरिहा भारत स्वाभिमान न्यास जिलाध्यक्ष , युवाध्यक्ष नूतन कुमार बंछोर, योग प्रचारक दीपक वर्मा, मनीष, पार्थ, दिनेश, प्रवीण सहित कुर्मी समाज ने हर्ष व्यक्त किया है।

रावन, छिराही, देवसुन्द्रा सहित आसपास के गांवों में पेड़, पौधे और फलदार वृक्ष रोपे गए

अर्जुनी। शुक्रवार को मनाए गए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर में जगह-जगह रोपे गए पेड़,पौधे और फलदार वृक्ष समीपस्थ ग्राम छिराही में श्वेता कोसले,राजनंदनी, लक्ष्मी खुटे बालिकाओं टेमन दिवाकर ने अमरूद और सीताफल लगाएं। वहीं रावन में दीपक कुमार वर्मा पतंजलि प्रथम योग प्रचारक जिला बलौदाबाजार ने कहा÷ पर्यावरण को साफ रखने के लिए पहले अपने आसपास को स्वच्छता बनाए रखें÷। वहीं गली, मोहल्ले,नदी, तालाब, पोखर आदि को कचड़ा फेंक कर दूषित न करें। पर्यावरण को बचाने के लिए जितना संभव हो साइकिल से बाहर निकले, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ आपका स्वास्थ्य भी सही रहेगा।पर्यावरण को बचाने के लिए कम से कम प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाएं और उसके विकास में भी भागीदारी बनें। और जानकारी देते हुए भुपेन्द्र वर्मा ने बताया हमारे ग्राम देवसुन्द्रा में निस्वार्थ सेवा संगठन के द्वारा मुक्ति धाम में वृक्षारोपण किया गया वृक्षारोपण में मुख्य रूप से सुरेश वर्मा (पुर्व उपसरपंच) दिलीप वर्मा, राजेंद्र वर्मा किसान मित्र , जितेन्द्र, आशिष, वेदप्रकाश वर्मा, के उपस्थिति थे। इससे पहले यह संगठन अनेक सामाजिक कार्य किए हैं पूर्व में मुक्ति धाम में पहले भी बहुत से वृक्षारोपण , मुक्ति धाम में बैठने के लिए कुर्सी भी लगवाए है ऐसे बहुत से जनहितों के लिए हैं, कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

तहसील परिसर पहुंच मार्ग निर्माण निरीक्षण करने पहुंची वार्ड पार्षद

डौण्डीलोहारा। तहसील परिसर पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड पार्षद एवम उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या शर्मा एवं अध्यक्ष श्रीमती लोकेश्वरी साहू द्वारा विगत दिनों किया गया था तभी से तेजी से निर्माण कार्य प्रगति पर है।कार्य की गुणवत्ता सही रखने लगातार वार्ड पार्षद श्रीमती विद्या शर्मा जो कि उपाध्यक्ष भी है स्वयं मौके पर आकर कार्यरत ठेकेदार एवम श्रमियो को वर्तमान में सोसियल डिस्टेसिंग का पालन करने तथा कार्य की सही गुणवत्ता नियमानुसार निविदा प्राकलन के अनुरुप काम करने की बात कही। गुणवत्ता को सही रखना ही मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। श्रीमती विद्या शर्मा ने कहा कि इसके पूर्व 15 साल पहले मैं जब प्रथम बार पार्षद बनी तब यह रोड का निर्माण मान. श्री मोतीलाल वोरा जी के कृपा से सांसद निधि से मात्र 03 लाख रुपये में ऋश्व.रु. विभाग क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा पूरा किया गया था जव इस रास्ते की हालत बेहद खराब थीं।वर्तमान में मेरे पुनः पार्षद उपाध्यक्ष कार्यकाल में इस महत्वपूर्ण रास्ते मे सड़क निर्माण हम सबके प्रयास से हो रहा है जिससे वार्डवासी एवम नगरवासी में खुशी है।.....श्रीमती विद्या शर्मा उपाध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही मेरे वार्ड में नाका से कन्या स्कूल संजयनगर पीछे रास्ते मे सी सी रोड निर्माण स्वीकृत होकर कार्य प्रारंभ होगा जिससे आमजन को लाभ मिलेगा।

ग्रामीण क्षेत्र में आवारा जानवरों की बेरोक-टोक आवाजाही जारी

खरोरा। सडक हादसों की कई वजहों में से एक वजह यह भी है कि यहां पर आवारा जानवरों के बेरोक-टोक आवाजाही रहती है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाओं मे लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है।

आपको बता दें कि खरोरा गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन बनने की उम्मीद जगी थी कि अगर सडक चौड़ीकरण होती है तो दुर्घटनाओं में कमी आएगी, लेकिन न तो फोरलेन बना और हालात जस के तस है, क्योंकि ना तो हाईवे ऑथोरिटी और ना जिला प्रसाशन इस और खास ध्यान दे रहे है, और न ही यहां पर मौत के कटों को बंद किया गया और ना ही राजमार्ग पर घुमते आवारा जानवरो पर अंकुश लगाई गई7 आये दिन हुआ हादसा भी इसी की बानगी भर है7 वहीं हाईवे पेट्रोलिंग ऑफिसर हो रहे हादसो की वजह आस-पास लोगों द्वारा जानवर छोडने को बताकर पल्ला झाडते नजर आए।

स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना महामारी से निपटने के लिए सुविधाओं का अभाव

छुरा। गरियाबंद जिला के प्रभारी मंत्री जी एक बार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों या उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी निरीक्षण कर महामारी से निपटने की व्यवस्था का जायजा लें। प्रीतम सिन्हा(पूर्व मण्डल अध्यक्ष, भाजपा) के अनुसार, जिला गरियाबंद के स्वास्थ्य विभाग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना महामारी से निपटने के लिए सुविधाओं का अभाव है।

जिला गरियाबंद के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की दबे जुबान अब लोगों तक पहुंच रहा है कि ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कोरोंटिन सेंटर में नियमित स्कार्फ/रुमाल/गमझे और बगैर हैंड ग्रोल्बस के भरोसे ड्यूटी कर प्रवासी मजदूरों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। जिनसे जोखिम बढ़ रहा है।स्वास्थ्य कर्मी के जान से ज्यादा डर इस बात का है कि विभाग ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको से कोरोनटाइन सेंटर में नियमित ड्यूटी के अलावा गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, प्रसव एवम् शिशुओं का टीकारण, स्वास्थ्य परीक्षण जैसे कार्य नियमित रूप से ले रहे है।

अवैध शराब को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। ग्राम फरहदा में वर्षो से अवैध शराब बिक रही है, ग्राम वासियो के द्वारा ग्राम में शराब बिक्री का बहुत समय तक विरोध किया गया उसके बाद भी यहां की शराब की बिक्री में कोई प्रभाव नही पड़ा है इस कोरोना जैसे महामारी के कारण जहां देश भर में पूरा लॉकडाउन था, जिसके कारण कुछ जरूरी चीजों को छोड़ कर सभी दुकाने फैक्ट्रियां और शराब दुकाने भी बंद थी, फिर भी इस ग्राम मे पूरे लॉकडाउन भर यहां शराब धड़ल्ले से बेचा जा रहा था शराब बिक्री के कारण से हमेशा ही चौक चौराहों और गलियों में अशांति का माहौल रहता है जिसका समय-समय पर विरोध होता है, फिर भी इस पर किसी प्रकार की अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई है, इसे देखते हुए आज ग्राम फरहदा के पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा इन शराब कोचियों का विरोध किया गया, जिसमे ग्राम फरहदा के सरपंच , उपसरपंच , महिलाएं एवं पास के ही गांव के सरपंच भी शामिल हुए और खरोरा थाना में अवैध शराब बिक्री को लेकर आवेदन दिया इसके अलावा इसकी एक प्रतिलिपी मुख्य पुलिस अधिक्षक एवं आभकारी विभाग के अधिकारियों के साथ साथ कलेक्टर को भी देने की बात कही । गौर करने वाली बात यह है कि ग्राम फरहदा अवैध शराब बिक्री का केंद्र बन गया है जहाँ आस पास के लोग भी शराब लेने पहुंचते है और शाम होते ही गांव का मौहल खराब होने लगता है । सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कई प्रयास के बावजूद शराब बंदी करने में असफल रहे और आपको बता दे की ग्राम फरहदा आस पास के छेत्रो मे शराब बिक्री के नाम से काफी प्रसिद्ध है इसे अवैध शराब का होलसेल मार्केट भी कहा जाता है इसके अलावा गांव के व पास गांव के 3-4 लोगो पर अवैध शराब बेचने का आरोप है ।

> जब हमने शराब बेचने वाले को मना किया तो शराब बेचने वाले का कहना है मैं शराब बेचूँगा आपको जहाँ शिकायत करनी है करदो मेरा कुछ नही हो सकता ।
>
> **सत्रुहन साहू,** सरपंच पति ग्राम फरहदा
>
> सारी गलती सरकार की है जब सरकार अपना जी डी पी बढ़ाने के लिए शराब बेच सकती है तो वह ग्रमीण अपना घर चलाने के लिए क्यों नही सरकार को तो अब हर किराना दुकानों में भी शराब बेचवा देना चाहिए ।जनता कांग्रेस सरकार को कभी माफ नही करेगी।
>
> **योगेश यादव,** सामाजिक कार्यकर्ता

पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रीय स्वयं संघ द्वारा पौधारोपण किया गया

लवन। 5 जून दिन शुक्रवार को पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया गया । इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का थीम रखा गया ÷प्रकृति के लिए समय ÷जिस को ध्यान में रखते हुए नेहरू युवा केंद्र बलौदा बाजार के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ईश्वर प्रसाद बंदे के द्वारा विकासखंड बलौदा बाजार के अंतर्गत ग्राम पंचायत अहिल्दा के मुकुंदा तालाब के पार पर नीम एवं पीपल का पेड़ लगाकर वृक्षारोपण किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य है कि आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करना। ईश्वर प्रसाद बंदे राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के द्वारा पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने समस्त ग्रामवासियों से अपील किया गया साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने एवं इसके स्थान पर जुट व कपड़ों से बने हुए थैला का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया ।

शिक्षक समूह इंद्रधनुष, विविध माध्यमों से बच्चों को जोड़ रहा शिक्षा से

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागॉव। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के चलते जहां देश मे लाकडाउन की स्थिती के चलते राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थाएं बंद करनी पड़ी ऐसी स्थिति में बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए कोंडागांव के नवाचारी शिक्षक समूह इंद्रधनुष के शिक्षकों ने पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी घर बैठे मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इसमें जिले के शिक्षकों पालक एवं बच्चों को व्हाट्सएप, टेलीग्राम और गूगल फार्म के द्वारा विषय आधारित सामान्य ज्ञान की जानकारी देते हुए प्रदत्त कार्य दिया जाता है।

टीम इंद्रधनुष के शिक्षक शिवचरण के अनुसार बच्चे लाकडाउन का पालन करते हुए सीखने सिखाने की प्रक्रिया से हमसे जुड़े हुए हैं समय-समय पर बच्चों को कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करते हुए हम उनके संज्ञानात्मक और सहसंज्ञानात्मक, रचनात्मक क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए घर में रहकर पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा कर बच्चों को मोबाइल के माध्यम से पढ़ाई से संबंधित विषय आधारित जानकारी और गृह कार्य दिया जाता है जिसे बच्चे घर पर ही पूर्ण करते हैं और अपना गृह कार्य को पूरा कर हमें मोबाइल में संदेश के माध्यम से मस्ती की पाठशाला ग्रुप में साझा करते हैं। इस प्रकार बच्चे हमसे ऑफ्लाइन और ऑनलाइन इस कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं।

बच्चे हमेशा मोबाइल से ना जुड़े रहे इसका ध्यान रखते

हुए गतिविधि को पूरा करने के लिए तीन दिन का समय भी निर्धारित किया है,प्रदत्त कार्य के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा, पर्यावरण जागरूकता ,बेजुबान पशु पक्षियों के लिए गर्मी में दाने पानी की व्यवस्था, शारीरिक व्यायाम, योगासन, स्थानीय खेल गतिविधियां, सामग्री से रंगोली, चित्रकारी, मिट्टी के कार्य, पतंग बनाने संबंधी गतिविधि बच्चों को घर पर ही रहते हुए करने के लिए दिया जाता है साथ ही मस्ती की पाठशाला से जुड़े पालको एवं शिक्षकों को राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं ऑनलाइन शिक्षक प्रणाली पढ़ाई तुम्हर द्वार से भी सिस्को वेबैक्स मीटिंग द्वारा ऑनलाइन कक्षा में शिक्षक एवं बच्चे जुड़ रहे हैं जिसका लाभ लॉकडाउन के समय में शिक्षक एवं बच्चों तक पहुंच रहा है । टीम इंद्रधनुष कोंडागांव जिले के नवाचारी शिक्षकों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बनाया गया समूह है जिसमें शिक्षक हीरालाल, नीरज ठाकुर, पीला दाऊ, अखिलेश शुक्ला, गोविंद राज ,सतीश जनगाम, शिवचरण शामिल है

न्यूज गैलरी

विश्व पर्यावरण दिवस पर 85 बटालियन सीआरपीएफ ने किया वृक्षा रोपण

बीजापुर। 85 बटालियन केरिपुबल द्वारा को विश्व पर्यावरण दिवस.मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत कमाण्डेंट यादवेन्द्र सिंह यादव द्वारा बटालियन के अधिकारियो एवं जवानो के साथ मिलकर कैम्प परिसर के अन्दर एवं कैम्प परिसर के आसपास 600 वृक्षो का रोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के दौरान बीजापुर के नयापारा एव इसके आसपास के इलाकों मे वृक्षारोपण किया गया और स्थानीय लोगो को भी पेड लगाने हेतु प्रेरित किया गया। कोविड -19 के मद्देनजर रखते हुए वृक्षारोपण के दौरान सोशल डिस्टेंसिग का पूरा ध्यान रखा गया। इस अवसर पर बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी हरविन्दर सिंह, उप कमाण्डेंट प्रकाश चन्द्र बादल एव दीपक कुमार यादव, चिकित्साधिकारी एम. उदय कुमार सहित अन्य अधीनस्थ अधिकारी एव कार्मिक उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

बीजापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों से अवगत होने आज कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने साल भर की कार्य योजना बनाकर कार्य करें और अधिक से अधिक किसानों को योजनाओं से जोड़ने और श्रमिकों को रोजगार दिलाने के निर्देश कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी अधिकारी अरूण सकनी को दिए। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी अधिकारी सकनी ने बताया कि 26 हेक्टेयर क्षेत्र में है। उसके पश्चात कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि इसमें धान, कन्दमूल, रागी, कुल्थी एवं विभिन्न प्रकार के फसल लगाने के लिए कहा। कलेक्टर अग्रवाल ने केन्द्र चारों तरफ का अवलोकन करते हुए कहा कि अलग-अलग प्रकार के फलदार वृक्ष लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मशरूम, कुक्कुट पालन, मछली पालन, बकरी पालन को बढ़ावा देने को कहा। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पोषणलाल चन्द्राकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद प्रदीप वैद्य उपस्थित थे।

सीआरपीएफ199 वीं वाहिनी ने एक दिवसीय सिविक एक्शन कार्यक्रम किया आयोजन

बीजापुर। 199 वीं वाहिनी केरिपुबल द्वारा ग्राम केसकुतूल, थाना-भैरमगढ, जिला बीजापुर में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम केशकेतुल के स्कूल पारा, पटेल पारा,पेरमापारा एवं केशवमुण्डी एवं करेग्वालीपारा के लगभग 350 से 400 पुरुष महिलाएं एवं छात्र - छात्राएं सम्मिलित हुए इस अवसर पर निर्धन छात्रों को 30 स्टीडी मटोरियल किट, केरम बोर्ड-2 नग,क्रिकेट किट 1नग,वॉलीबॉल 5 नग, वॉलीबॉल नेट एक नग एवं स्किपिग रोप 10 नग तथा ग्रामीणों को साड़ी 123 नग,धोती 55, पावड़ा 759 गायत्री 50 या 50 नौकरी 15227 इत्यादि सामानों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में 199 वादी द्वारा मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया इसमें आसपास के सभी ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों की वाणी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मेडिकल जांच बीमारी से ग्रस्त रोगियों को दवा वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त जिन ग्रामीणों को इलाज हेतु बड़े अस्पताल में जाने की आवश्यकता है उन्हें भी परामर्श एवं सहायता की गई उपरोक्त के अलावा ग्रामीणों को मौसम संबंधी बीमारी एवं क्षेत्र से संबंधित बीमारियों के बारे में भी जागरूक करते हुए कोविड -19 जैसी भयानक बीमारी के बारे में ग्रामीणों को विशेष रूप से जानकारी देते हुए उक्त बीमारी में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए इसके बारे में जागरूक किया गया।

आगामी मानसून में बाढ़ आदि विपत्तियों से निपटने आवश्यक व्यवस्था करने अधिकारियों को दिए निर्देश

बीजापुर। जिले में बाढ़ आदि नैसर्गिक विपत्तियो से निपटने के लिए गठित आपदा प्रबंधन समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर रीतेश अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी मानसून में बाढ़ एवं वर्षा से उत्पन्न विपत्तियों से निपटने की तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला एवं तहसीलस्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष सहित आपदा प्रबंधन के लिए कार्य योजना के संबंध में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। कार्य योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौपे गए दायित्व की समीक्षा की गई। बैठक में अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं प्रभारी आपदा प्रबंधन ए आर राना ने बताया कि बाढ़ एवं नैसर्गिक विपत्तियों में निपटने के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर दी गई है। इसी तरह पर तहसील स्तर कक्ष की स्थापना किए जाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।बैठक में विपत्तियों से निपटने हेतु विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। इसमें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम को पहुचविहीन क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति में जहां पहुच पाना संभव नहीं होता है।वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री नमक केरोसीन जीवन रक्षक दवाए आदि पहले से ही संग्रहित करने की जिम्मेदारी दी गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल की शुद्धता रखते हुए, कुआ, हेण्डपंप और अन्य पेयजल स्त्रोंतों के लिए बिलीचींग पाउडर इत्यादि की व्यवस्था किए जाने के निर्देष दिए गए।

विद्यालय का गोपनीय प्रायोगिक अभिलेख और अंक लीक

> मामले में एक जांच कमेटी का गठन किया जा रहा है, जिसकी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इस शिकायत पर गंभीरता से जांच कराई जाएगी। शिकायत में सत्यता पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।
>
> **सतीश कुमार पांडेय,** डीईओ

कोरबा। प्रायोगिक परीक्षा के लिए वितरित अंक की जानकारी उन्होंने अधीनस्थ शिक्षकों को दी थी, जो विद्यालय की गोपनीय सामग्री होती है। इस जानकारी को शिक्षकों ने व्हाट्सएप पर वायरल कर दी, जो गलत है। प्राचार्य पटेल ने जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से इसकी शिकायत करत हुए मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

उल्लेखनीय होगा कि इससे पहले संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग बिलासपुर के समक्ष करतला प्राचार्य पी पटेल के खिलाफएक शिकायत की गई थी। इसमें कहा गया था कि कक्षा 12वीं के चार छात्रों को विद्यालय की प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर भी नंबर दिए गए। यह भी आरोप लगाया गया कि इन छात्रों को उत्तीर्ण करने के एवज में एक-एक लाख रुपये भी लिए गए। उस शिकायत व आरोप को बेबुनियाद बताते हुए प्राचार्य पटेल ने यह शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार पांडेय से की है और जल्द निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पटेल ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि जिन चार छात्रों को अनुपस्थित रहते हुए पास करने का आरोप लगाया गया है, वे अग्रगमन केंद्र में पढ़ाई कर रहे थे। उनकी प्रायोगिक परीक्षा भी जिला शिक्षा विभाग से अग्रगमन केंद्र में ली गई थी। अंकों का निर्धारण भी जिला कार्यालय से प्राप्त अंकों के अनुसार ही दिया गया। सभी दस्तावेज विद्यालय में मौजूद हैं। इसके बावजूद विद्यालय के प्रायोगिक शिक्षकों ने गोपनीय अभिलेख किसी अन्य व्यक्ति को प्रदान कर दिया, जिसे माध्यम बनाकर मेरे विरुद्ध शिकायत की गई है। प्राचार्य पटेल ने अपने अधीनस्थ शिक्षकों व्याख्याता रसायन एवं केंद्र के परीक्षा प्रभारी केआर साहू, व्याख्याता भौतिक केपी कुर्रे व व्याख्याता जीव विज्ञान के साथ प्रायोगिक प्रभारी अनिता राठौर पर आरोप लगाया है कि विद्यालय की गोपनीयता को भंग कर बाहरी व्यक्ति को दस्तावेज प्रदान कर झूठी शिकायत की गई है। प्राचार्य ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

बीजापुर। छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राज्य के प्रत्येक जिलों में एक उत्कृष्ट अंग्रजी माध्यम स्कूल जो कक्षा पहली से बारहवीं तक संचालित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले में नगर के मध्यमें कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल बीजापुर के बगल में निर्मित लाइवलीहुड कालेज भवन में नई शिक्षा सत्र 2020-21 से प्रारंम्भ की जावेगी। प्रवेश प्रक्रिया सोशल डिस्टेंश का पालन करते हुए 08 जून 2020 से प्रारम्भ की जावेगी। संस्था में प्रवेश एवं शिक्षा निःशुल्क रहेगा। कक्षा 01 से कक्षा 03 तक कोई भी माध्यम के छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकेंगे, कक्षा 04 से 12वीं तक पूर्व में अग्रेजी माध्यम से अध्ययन किये छात्रों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

माँ से नाराज बेटे ने ईमली पेड़ पर लटकर जान दी

दंतेवाड़ा। ग्राम पंचायत नकुलनार के पटेलपारा में एक 19 वर्षीय नवयुवक ने माँ से हल्के विवाद के बाद घर के सामने ही ईमली पेड़ पर लटकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम छोटू कड़ती है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना सुबह की बताई जा रही है। दरअसल कल गांव में बीज निकालने का त्यौहार मनाया गया। देररात माँ-बेटे में विवाद हुआ था. जिसके बाद ही सुबह घटना घट गई। घटना के बाद मौके पर तुरंत सरपंच रंजना कश्यप पहुँचकर पुलिस और स्वास्थ्य महकमे को इंफॉर्मेशन देकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक के पिता ने भी कुछ वर्षों पहले जहर खुरानी कर आत्महत्या की थी। ग्राम में नवजवान की मौत के बाद से मातम पसर गया है।

जुआ खेलते 7 जुआरियों को धर दबोचा, कोंडागॉव पुलिस ने

कोंडागॉव। जिले में असमाजिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं,जिससे कानून व्यवस्था बनी रहे जिसके चलते पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव बालाजी राव के निर्देशन में अतिपुलिस अधीक्षक अनंत कुमार साहू के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कोण्डागांव निकिता तिवारी के पर्यवेक्षण में लगातार छापे मारी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस को शुक्रवार 5 जून को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम जोन्धरापदर के जंगल मे एवं ग्राम डोगरीपारा के भालु डोगरी जंगल में जुआरी पैसा का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोण्डागांव निकिता तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित कर घटना स्थल की घेराबंदी किया गया जहां पर कुल 07 जुआरी 01करण उइके पिता स्व आर एस उइके 02. बिन्देश देवांगन पिता लखमू राम देवांगन 03. गणेशराम गणपति पिता स्व0 जगदेव गणपति 04.प्रकाश वैष्णव पिता सांवल दास वैष्णव 05. हिरापात्र पिता केशव प्रसाद पात्र 06.राजेश रेडडी पिता राजू रेडडी 07. शिवा सेठिया पिता अलागर स्वामी सेठिया सभी निवासी कोण्डागांव को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनके कब्जे से 12400/- रूपये जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही कर आरोपीगणो से 12400 रूपये नगदी व तास के 52 पत्ती को जप्त किया गया, साथ ही सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नरेन्द्र पुजारी, उप निरीक्षक नरेन्द्र साहू, उप निरी रवि पाण्डेय, सउनि सुदर्शन मजूमदार, प्रआर 89 हेमु साहू, आर 431 वेदराम चंदेल का योगदान रहा।

बीजुपर जिले में 9.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

बीजापुर। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख बीजापुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले में 01 जून से 03 जून 2020 तक कुल 17.4 प्रतिशत मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 03 जून को तहसील बीजापुर में 1.0 प्रतिशत, भैरमगढ़ तहसील में 7.0 प्रतिशत, भोपालपटनम तहसील में 0.0 प्रतिशत एवं उसूर तहसील में 1.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। बीजापुर जिला का कुल 9.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज है।

विद्युत यांत्रिकी विभाग के 50 अफसर इधर से उधर

कोरबा । साउथ इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) में विद्युत यांत्रिकी विभाग में ई-एट से ई-वन ग्रेड में पदस्थ 50 अफसरों को इधर से उधर तबादला किया गया है। इनमें दीपका में पदस्थ ई-एट ग्रेड के महाप्रबंधक अनिल कुमार झा को कुसमुंडा एरिया, बैकुंठपुर से जयप्रकाश सिंह को कोरबा एरिया तथा ई-सेवन ग्रेड के कमल कांति देबनाथ को चिरमिरी से कोरबा एरिया भेजा गया है। ई-सेवन ग्रेड में 22, ई-सिक्स में तीन, ई-फाइव में पांच, ई-फोर में आठ, ई-थ्री में दो तथा ई-वन ग्रेड में छह अफसर शामिल हैं।

एसईसीएल मुख्यालय में पदस्थ मुख्य प्रबंधक कार्मिक अधिकारी स्थापना सुजाता रानी ने गुरुवार को आदेश जारी कर अफसरों का तबादला किया है। दीपका में पदस्थ अनिल कुमार झा का तबादला पहले बैंकुठपुर किया गया था, पर उसमें संशोधन कर कुसमुंडा कर दिया गया। इसके अलावा ई-सेवन ग्रेड चीफमैनेजर में बबुआ कुमार झा सीएसडब्ल्यू कोरबा से विश्रामपुर, नवीन कुमार साहू सोहागपुर से हसदेव, बालाराम वर्मा दीपका से भटगांव, तपन कुमार दास बैकुंठपुर से दीपका, विद्यानाथ झा विश्रामपुर से कोरबा एरिया, डी इलेंगो सीडब्ल्यूएस गेवरा से सीडब्ल्यूएस कोरबा, भक्तबंधु दास भटगांव से गेवरा, दिनेश धनोदिया बैकुंठपुर से एसओ बैकुंठपुर, भारत भूषण सिंह दीपका से जमुना कोतमा एरिया, बिभूति कुमार राय हसदेव से चिरमिरी, डी श्रीनिवास राव सोहागपुर से एसओ सोहागपुर एरिया, रविंद्र प्रसाद सिंह भटगांव से बैकुंठपुर आदि शामिल है।

निचले ग्रेड में जिले के अधिकारी प्रभावित

ईएंडएम विभाग में किए गए तबादले में निचले ग्रेड में कोरबा जिले में पदस्थ अधिकारी सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। इनमें मैनेजर ई-फाइव में शलभ सिंह बघेल बिलासपुर से गेवरा, हरजिंगर सिंह भुल्लर विश्रामपुर से कोरबा एरिया, ई-फोर में पुष्पेंद्र कुमार कोरी सोहागपुर से गेवरा, ओंकार ब्रिजनाथ गेवरा से सोहागपुर, अखिलेश कुमार झा कोरबा से विश्रामपुर, गौतम वारा प्रसाद बाबू रायगढ़ से गेवरा, निधि शर्मा गेवरा से कोरबा एरिया, नरेश यादोराव हड़के कोरबा से जमुना कोतमा, भूषण राम कुसमुंडा से भटगांव, सुनील यादव भटगांव से कुसमुंडा, निधि मंडावे कोरबा से गेवरा आदि शामिल है।

कलेक्टर एवं एसपी पहुंचे भोपालपटनम रोजगार मूलक कार्यों के लिए किया प्रेरित

- ग्राम पंचायत कोतूर के अन्नाराम पहुचें, सभी ग्रामवासियों से मिले एवं उनके मांग पर तत्काल आंगनबाडी भवन एवं किचन शेड़ स्वीकृत किया।

बीजापुर। कलेक्टर रीतेश अग्रवाल ने ग्राम पंचातय तिमेंड़ में सरपंच और ग्रामीणों से चर्चा कर गावं की समस्याओं के बारे जानकारी लिया। सरपंच मीना गोटा ने जानकारी दिया। गांव की जनसंख्या 943 है। 266 परिवार है। कलेक्टर अग्रवाल ने भूमिहीन राशनकार्ड श्रम कार्ड कुपोषित बच्चों की जानकारी लेते हुए सरपंच को मच्छरदानी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। स्व सहायता समूह के महिलाओं को सब्जी बाड़ी के लिए भूमि आंबटन करने हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया। निर्माणधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निरीक्षण करते हुए धीमी गति से कार्य चलने से नाराजगी व्यक्त किया। मौके मे ही संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कार्य जल्द से जल्द से पुरा करने का निर्देश दिया। वाटर ट्रीटमेंट पूर्ण होने से आसपास के सभी गाव पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। उसके पश्चात ग्राम पंचायत कोतूर के अन्नाराम पहुचें। सभी ग्रामवासियों से मिले एवं उनके मांग पर तत्काल आंगनबाडी भवन एवं किचन शेड़ स्वीकृत किया। गांव के बच्चों से मिलकर उनकी समस्या सुनी जिनमें कई बच्चों का जाति निवास नही होंने के कारण बीच मे ही स्कूल छोड़ चुके। उनके लिए तहसीलदार को गांव पहुचकर जाति, निवास बनाने लिए निर्देश दिए गए है। इसी गांव में राशन कार्ड सत्यापन हेतु जिला कार्यालय में राशन कार्ड जमा है। गांव के बच्चों से मिलकर पढाई जारी रखने के लिए कलेक्टर ने प्रोत्साहित किया। कुछ बच्चों से बातचीत किया।

सबक क्या करें क्या न करें का जागरूकता संदेश, फिजीकल डिस्टेंसिंग पालन, मास्क लगाये, सार्वजनिक स्थल पर तम्बाखु, खैनी न थूके

कोरोना से बचने मनरेगा कार्यस्थल पर दिये जा रहे 12 सूत्र

कोरबा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कार्यस्थलों पर कोरोना से बचने के लिए 'क्या करें क्या न करें' के संदेश का वाचन किया जा रहा है। नोवेल कोरोना वायरस से बचाव और इसके संक्रमण के रोकथाम के लिए 12 बिन्दुओं का जन जागरूकता संदेश मनरेगा के श्रमिकों सहित ग्रामीणों को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। जिसका प्रभाव यह हो रहा कि वे इस संदेश का वाचन सुरक्षा शपथ के रूप में कर रहें है। कुंदन कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा के द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिए लागातार निर्देश जारी किये जा रहे है। उन्होने लाकडाउन के दौरान श्रमिकों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने, कार्यस्थल पर पर्याप्त फिजिकल डिस्टेसिंग का पालन करने, मास्क लगाने और हाथों में सैनिटाइजर/साबुन से हाथ धोने के निर्देश दिये है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्री कुंदन कुमार ने बताया है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे निर्देशों के माध्यम से मनरेगा कार्यस्थल पर श्रमिकों, ग्रामीणों को महामारी से बचने के उपाय बताये जा रहें है। इसके तहत् क्या करें क्या न करें के 12 बिन्दुओं पर दी गई जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। श्री कुमार ने बताया कि कोरोना महामारी से बचने के लिए शासन द्वारा जारी 12 बिन्दुओं के निर्देशों के अनुसार सामुहिक वाचन कराकर, मजदूरों एवं ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी, सर्व जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सप्ताह कार्य प्रारंभ करने के पूर्व 12 बिन्दुओं के संदेश का वाचन ग्राम रोजगार सहायक, पचांयत सचिव के द्वारा कराया जाये।

क्या करे क्या न करे

कोरोना से बचने का संदेश 12 बिन्दुओ में - प्रत्येक सप्ताह मनरेगा के मजदूरों को बताया जायेगा की सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाखु खैनी न चबायें और न ही थुंके। सार्वजनिक स्थानों पर न्यूनतम 1 मीटर की भौतिक, शारीरिक दूरी बनाये रखें, श्वसन और हाथ की स्वच्छता सहित व्यक्तिगत स्वच्छता बनाये रखें, हाथ से बने, एवं पुनः उपयोग में लाये जा सकने वाले मास्क से हर समय चेहरा ढकें, मास्क न होने पर साफसुथरे कपड़े, गमछे से चेहरा ढंके साथ ही आंख, नाक एवं मुह छुने से बचें, छींकते एवं खांसते समय अपने नाक एवं मुह को ढंककर रखें, अपने हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोने, साबनु पानी उपलब्ध न होने पर कम से कम 60 प्रतिशत अल्कोहल आधारित हैंड सेनिटाइजर का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। घर के अंदर या बाहर स्वच्छता नियमित रखने और स्पर्श वाली सतहों को कीटाणुरहित करने, आनावश्यक यात्रा से बचने, कोरोना को हराने वाले या उससे लड़ने वालों को स्वीकार करें, उनका तिरस्कार न करें, सामाजिक आयोजन एवं भीड़ भाड़ वाली जगहों से दूर रहें, बिना हाथ मिलाये और गले मिले, हाथ जोड़कर अभिवादन करे, और स्वीकार करें।

-सहायक प्रचार-प्रसार अधिकारी,
मनरेगा प्रकोष्ठ, जिला पंचायत कोरबा (छ.ग.)

नक्सलियों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा समर्पित नक्सली गोपी को जनअदालत में देंगे सजा

बीजापुर। जिले के गंगालुर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोडियाम ने प्रेस नोट जारी कर समर्पित नक्सली गोपी मोडियाम को गद्दार बताते हुए जनअदालत में सजा देने की बात कही, प्रेस नोट में नक्सली

कमांडर ने समर्पित नक्सली गोपी पर पुलिस के साथ मिलकर गंगालुर क्षेत्र के पामलवाया ,चेरपाल , पदेडा, रेगडगट्टा,मुनगा पेद्दाकोरमा,मनकेलि , गोरना ,इसुलनार सहित कई जगह पर ग्रामीणों को परेशान करने और मुठभेड़ करवाने का आरोप लगाया ,ज्ञात हो कि आठ लाख के इनामी नक्सली कमांडर गोपी ने कुछ दिनों पहले ही सुकमा - रायपुर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था, गोपी मोडियाम 2002 में नक्सलियों की टीम में शामिल हुए था ओर 2006 में गंगालुर एरिया सरकार का अध्यक्ष बनाया गया था , प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 2008 में भी नक्सली विचारधारा से क्षुब्ध होकर समर्पण करने के फ़िराक में था लेकिन बड़े नक्सलियों ने समझा कर वापस पार्टी में बनाये रखा लेकिन 2020 में शादी शुदा रहने के बावजूद दो अन्य महिला नक्सलियों के साथ अवैध सबन्ध की शिकायत मिलने पर जांच की जा रही थी उसी दौरान गोपी ने अपनी नक्सल प्रेमिका के साथ पुलिस के सामने समर्पण कर दिया।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने 1 प्रधान आरक्षक को स्टार लगाकर दी पदोन्नति

सूरजपुर। जिला सरगुजा से प्रधान आरक्षक नीलम बेक का पदोन्नति पर जिला सूरजपुर स्थानान्तरण में आने पर शुक्रवार 05 जून 2020 को *पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश कुकरेजा* ने पदोन्नत हुए प्रधान आरक्षक नीलम बेक को स्टार लगाकर एएसआई(अ) के पद पर पदोन्नति प्रदान की। इस दौरान मुख्य लिपिक संतोष वर्मा, स्थापना प्रभारी अखिलेश सिंह व सुनील वर्मा मौजूद रहे।

कोरोना संक्रमण से सुरक्षा हेतु डीएवी स्कूल द्वारा किया गया मॉस्क वितरण

बचेली। डी.ए.वी.प.स्कूल बचेली की प्राचार्य डॉ.चेतना शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यालय के स्काउट एवं गाइड टीम द्वारा निरन्तर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक जून को स्थानीय सभी बैंकों छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक,स्टेट बैंक,यूको बैंक तथा बाज़ार क्षेत्र में सब्ज़ी तथा फल विक्रेताओं और ग्रामीणों महिलाओं तथा बच्चों को मॉस्क का वितरण कर उसके प्रयोग हेतु समझाइस दी गई । जिसमे दिन में कई बार साबुन से हाथ धोने,सेनेटाइजर का प्रयोग करने और एक दूसरे 1 मीटर की दूरी बनाए रखने की जानकारी दी ताकि कोरोना संक्रमण से बचा जा सके। आपको बता दे कि इस प्रशंसनीय कार्य में डी.ए.वी.की टीम को जनसहयोग भी प्राप्त हो रहा है। पहले ही प्राचार्या डॉ चेतना शर्मा ने ऑनलाइन सुविधा के उपयोग से बच्चो को शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु सार्थक पहल की है जिसके सकारात्मक परिणाम भी देखने मिल रहे है।

घर पहुंच सेवा से लाभान्वित हितग्राहियों ने दन्तेश्वरी माई मितान को दिया आशीर्वाद

बचेली। नवपदस्थ कलेक्टर श्री दीपक सोनी के सार्थक पहल पर जिले में शुरू बैंक संगवारी तुमचो दुवार योजनांतर्गत दन्तेश्वरी माई मितान के द्वारा आज एक ही दिन में 197 हितग्राहियों को 77 हजार रुपये का पेंशन भुगतान घर पहुंचकर किया गया। इस घर पहुंच सेवा से लाभान्वित हितग्राहियों ने न ही बैंक जाने और न ही डाकघर जाने की परेशानी से निजात दिलाने के इस सकारात्मक पहल की प्रशंसा करते हुए जहां जिला कलेक्टर श्री सोनी को धन्यवाद दिया। वहीं इस महत्वाकांक्षी योजना को धरात पर क्रियान्वित कर बुजुर्गों, दिव्यांगों, महिलाओं की सेवा में अहम योगदान देने वाले दन्तेश्वरी माई मितान को आशीर्वाद दिया। जिले में बैंक संगवारी तुमचो दुवार योजनान्तर्गत दन्तेश्वरी माई मितान द्वारा 4 जून को दंतेवाड़ा ब्लॉक में 20 हितग्राहियों, कुआकोण्डा ब्लॉक में 40 हितग्राहियों, नगर पालिका परिषद में 7 हितग्राहियों, नगर पालिका परिषद में 25 हितग्राहियों और नगर पालिका परिषद किरन्दुल में 102 हितग्राहियों को घर पहुंचकर पेंशन का नगद भुगतान किया गया।

नवोदय विद्यालय बसदेई परिसर में स्थित बालक छात्रावास के 8 ब्लाकों को पूर्ण रूप से घोषित किया गया कंटेन्मेंट जोन

सूरजपुर। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पत्र 05 जून 2020 के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया है कि विकासखण्ड सूरजपुर के फेसिलिटी क्वारेंटाइन सेन्टर , नवोदय विद्यालय बसदेई में रखे गये श्रमिकों में दो कोविड 19 के धनात्मक मरीज 04 जून 2020 को पाये गये हैं । तत्संबंध में नवोदय विद्यालय, बसदेई स्थित फेसिलिटी क्वारेंटाइन सेन्टर में कोरोना वायरस पॉजिटिव पाये जाने के फ्लस्वरूप कोविड -19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु नवोदय विद्यालय बसदेई के परिसर में स्थित बालक छात्रावास के 8 ब्लाकों को पूर्ण रूप से कंटेन्मेंट जोन घोषित किया गया है । उपरोक्त कंटेन्मेंट जोन में रहने वाले जो भी व्यक्ति हैं , वे सभी अपने - अपने कक्ष में ही रहेंगे । बाहर के कोई भी व्यक्ति , इस कंटेन्मेंट जोन में कोविड -19 निमित्त शासकीय कर्तव्य में कार्यरत व्यक्ति हैं , उन्हें छोड़कर , सभी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

बस्तर सांसद दीपक बैज व बस्तर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने दिया बस्तर विधानसभा में 35 करोड़ से अधिक विकास एवं निर्माण कार्यों का सौगात

जगदलपुर। बस्तर सांसद दीपक बैज व बस्तर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष लखेश्वर बघेल का दूसरे दिन भी विकास और निर्माण कार्यों को लेकर बस्तर विधानसभा में निरंतर दौरा कार्यक्रम में हाई स्कूल कुड़कानार विकासखंड बस्तर में किया छात्राओं को साइकिल वितरण, क्वॉरेंटाइन सेंटर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाकरागुड़ा एवं रेड जॉन, प्री मैट्रिक बालक छात्रावास घाटलोहंगा के अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रमिकों से किया भेंट तथा ग्राम पंचायतों में वैश्विक महामारी कोरोना के बचाव हेतु उत्कृष्ट कार्य कर रहे जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के कर्मचारी व ग्रामीणों को प्रोत्साहन राशि व प्रमाण पत्र के माध्यम से सम्मानित किया एवं क्षेत्र में करोड़ो के कार्यों का किया भूमि पूजन व उद्घाटन जिसमें मूली से बारदा pmgsy से लागत 81.19 लाख की 5.05 किलोमीटर डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन।

भेजरिपदर धोबिगुड़ा रोड आर.डी 24.10 किलोमीटर उलनार से खासपारा जुनावानी pmgsy से लागत 79.24 लाख की 5.90 किलोमीटर डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन। ह.॥.30 बस्तर से कुम्हली व्हाया नंदपुरा pmgsy से लागत 2117.82 लाख की 23.28 किलोमीटर डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन। भेजरिपदर धोबीगुड़ा रोड आर.डी. 5.00 कि. मी. से पटेलपारा दाबगुड़ा pmgsy से लागत 22.68 लाख की 1.75 किलोमीटर डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन। बड़ेपारा तारापुर से गुड़ापारा तारापुर pmgsy से लागत 10.56 लाख की 1.00 किलोमीटर डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन।

खासपारा भेजरिपदर से खासपारा बेलगांव pmgsy से लागत 74.33 लाख की 2.60 किलोमीटर डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन। ग्राम कुम्हड़ाकोट में कुम्हड़ाकोट से भाटगुड़ा (भाटपाल) तक pwd से लागत 199.19 लाख की 1.65 किलोमीटर डामरीकरण सरक निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन। ग्राम करलाकोंटा में करलाकोंटा टाटीपारा से परचनपाल तक pwd से लागत 248.25 लाख की 2.80 किलोमीटर का डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन। नगर पंचायत बस्तर में नगर पंचायत से लागत 11 लाख की की नाली निर्माण हेतु किया भूमि पूजन। कोलचुर से घाटकवाली मार्ग तक श्च2स्र से लागत 225.15 लाख की 5.50 किलोमीटर का डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन। घाटकवाली राजीव गांधी सेवा केंद्र से महूपाल बारी तक pwd से लागत 151.98 लाख की 3.20 किलोमीटर का डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन। ग्राम पंचायत भाटपाल में लागत 8 लाख की 300 मी. सी.सी सडक का किया उद्घाटन।

मुख्य सचिव पहुंचे लखनपुरी निर्माणधीन स्थल का किया निरीक्षण

- **निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव सहित आला अफसरों ने किया पौधरोपण**

कांकेर। जिले के चारामा विकासखण्ड के ग्राम लखनपुरी (कानापोड़) में 100 सीटर प्री-मैट्रिक आदिवासी आदर्श कन्या छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है, जिसे सेंटर ऑफएक्सिलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। प्रदेश के मुख्य सचिव श्री आर.पी. मण्डल ने आज लखनपुरी (कानापोड़) पहुंचकर छात्रावास निर्माण स्थल का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि छात्रावास के चारों ओर वन विभाग द्वारा फैन्सिग किया जाय, साथ ही फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया जावे। छात्रावास परिसर में खेलकूद की समस्त सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मैदान में क्रिकेट पिच, फुटबाल व व्हालीबाल ग्राऊण्ड, टेबल-टेनिस, कैरम आदि सहित ओपन एवं इंडोर खेल की सुविधा उपलब्ध होना चाहिए। उनके द्वारा छात्रावास मे बढ़िया किचन रूम, कम्प्यूटर रूम, लाईब्रेरी, स्टडी हॉल, टायलेट और 24 घण्टे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। छात्रावास के पास बाड़ी (बागवानी) लगाने के निर्देश भी उनके द्वारा अधिकारियों को दिये गये।

विश्व पर्यावरण दिवस पर आर्यन समाज सेवा दल ने रोपे दो सौ पौधे

पखांजुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर आर्यन समाज सेवा दल के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा परलकोट क्षेत्र विभिन्न स्थानों पर दो सौ से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया । आर्यन सेवा दल के पदाधिकारी अमित आर्यन पाईक ने आज अपने जन्मदिन पर पौधे रोपण कर प्रत्येक वर्ष 20 नए पौधे लगाने का संकल्प लिया । अमित ने कहा कि ये हम सबकी जिम्मेदारी हैं कि हम अपने आस-पास को हरा-भरा रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाए ताकि आने वाले हमारे पीढ़ियों को एक स्वच्छ वातावरण मिल पाए जिसमें वो साफहवा में साँस ले पाए । हम सभी को मिलकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है वरना आने वाले समय में साफहवा और पानी के लिये लोग तरसते रह जायेंगे । इस मौके पर रबिन्द्र तरफ्दार, मिलन साहू, सुनील मंडल, गुंजन मिस्त्री, रोहित मिस्त्री सहित आर्यन समाज सेवा दल के सदस्य उपस्थित रहें ।

मोदी का चुनाव के दौरान किसानों से दोगुनी आय का वादा जुमला साबित-कांग्रेस

कांकेर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा केन्द्र सरकार से यह मांग करते हु ए आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा सलाम के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जिला प्रशासन के एसडीएम यू.एस. बन्दे को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जहां की आबादी का 80 प्रतिशत हिस्सा कृषि पर आधारित है केन्द्र सरकार द्वारा धान के समर्थन मूल्य का निर्धारण के दौरान वैश्विक महामारी कोरोना के कारण से उत्पन्न किसानों को आर्थिक संकट को भी ध्यान में नहीं रखा गया है और बहुत ही अल्प राशि के वृद्धि की गई, जिसका हम विरोध करते हुए आपका ध्यान आकृष्ट करते है कि गई वृद्धि पर्याप्त नहीं है जबकि स्वामीनाथन आयोग के द्वारा किसानों के हितों के दृष्टिगत देखते हुए फसल की लागत मूल्य में डेढ़ गुना राशि का समर्थन मूल्य निर्धारण किये जाने की अनुशंसा की गई थी जिसको भी केन्द्र सरकार के द्वारा अनदेखी की गई है । किसानों के उपज धान के मूल्य में की गई समर्थन मूल्य में मात्र 53 रूपये की वृद्धि पर्याप्त नहीं है चूकि धान के उपज के लागत मूल्य का खर्च के अनुपात में समर्थन मूल्य नहीं मिल पाने से किसानों में केन्द्र सरकार द्वारा की गई इस वृद्धि से निराशा का माहौल है ।

डॉ. महंत व कोरबा सांसद ने संत कबीर को किया याद

कोरबा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी ने संत कबीर की जयंती पर उन्हें याद करते हुए ट्विट कर कहा कि काल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में प्रलय होएगी, बहुरि करेगा कब, संत कबीर के दोहे को ट्विट करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी ने संत कबीर की जयंती पर उन्हें याद किया और देशवासियों को अपनी बधाई प्रेषित की है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी संत कबीर जयंती पर कबीर के दोहा - पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय, ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय, के माध्यम से प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में संत कबीर की पूज्य स्थल कुदुरमाल, कबीरधाम, दामाखेड़ा से लेकर देश-विदेश तक उनके अनुयायियों ने आज भी उनके विचारों की अलख जगा रखी है। संत कबीर दास ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों को प्रहार किया और मानवतावादी समाज की रचना के लिए प्रेरित किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने भी कबीर जयंती के मौके पर सांसद राहुल गांधी के ट्विट को री-ट्विट करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

किसानों को कम दर पर बाहर कोचियों को मक्का फसल बेचने की मजबूरी

पखांजुर। परलकोट क्षेत्र की किसानों के रबी फसल सीजन में फ्लाया गया मक्का फसल की सरकारी सार्थन मूल्य में खरीदी करने की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम भाजपा युवा मोर्चा पखांजुर के युवाओ एवं किसानों ने पिछले 11 मई 2020 को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पखांजुर को ज्ञापन सौपा था।ज्ञापन में छत्तीसगढ़ प्रदेश का एक नेकाफ (हलह) का भी उल्लेख है जो

किसानों से 1760 रुपये की दर से मक्का खरीदना चाहता है किसानों का मांग है अगर सरकार किसानों की रबी सीजन के मक्का फसल खरीदने में असमर्थ है तो ऐसे NGO के माध्यम से खरीदी कराए जिससे किसानों को कम दर पर बाहर कोचियों को मक्का फसल बेचने की मजबूरी से होने वाली आर्थिक नुकशान से बचाया जा सके। वर्तमान में किसानों को अपनी मेहनत की फसल औने-पौने दर मात्र 1000-1200 की कम दर से कोचियों या स्थानीय व्यपारियो के पास ही मजबूरी में बेचना पड़ रहा है क्यो की क्षेत्र के किसानों के पास इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नही है ऐसे में प्रदेश सरकार अगर किसान हित में कदम न उठाएं तो किसानों को बड़ा नुकसान होने की आशंका है। कर्ज के तले दबे किसानों के सामने आत्महत्या के अलावा दूसरा कोई विकल्प नही है जो ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख है वावजूद आज माह भर बाद भी प्रदेश सरकार किसान हित मे कोई पहल नही किया है लॉक डाउन व सोशल डिस्टेंसिंग की बाध्यता के कारण किसान आंदोलन भी नही कर पाया है। वर्तमान किसानों को स्थिति को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी पखांजुर के युवा नेतृत्व किसानों के साथ मिल कर किसान हित में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौपे है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

क्वारंटाइन में रह रहे लोगों...

विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे। क्वारंटाइन सेंटर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के लिए रोस्टर तय करने करने के लिए कहा गया था। मुख्य सचिव की ओर से यह भी स्पष्ट कर दिया गया था कि अधिकारियों की कार्यकुशलता का आंकलन कोरोना संकट के समय उनके द्वारा किए जाने वाले कामों के आधार पर होगा।

पहले दे चुके टीवी, रेडियो की व्यवस्था करने के निर्देश

यह भी खास है कि इसके पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने क्वारंटाइन सेंटर पर रह रहे लोगों के मनोरंजन के लिए सेंटरों पर रेडियो, टीवी आदि की व्यवस्था करने के लिए भी कहा गया था। वहीं दूसरी ओर प्रदेश का विपक्ष क्वारंटाइन सेंटरों को लेकर सरकार को घेरने में लगा है। विपक्ष का कहना है कि क्वारंटाइन सेंटर में अव्यवस्थाओं के कारण लोगों की जान जा रही है।

डिसइन्फेक्शन बॉक्स का सीएम भूपेश ने किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को अपने रायपुर निवास कार्यालय में डिसइन्फेक्शन उपकरण बॉक्स का लोकार्पण किया। यह बॉक्स कोरोना संक्रमण की रोकथाम में बेहद उपयोगी साबित होगा। इस उपकरण में किराना सामान, मास्क, चिकित्सकीय उपकरण, पीपीई किट, मोबाईल फोन, लेपटाप, लेपटाप बैग, करन्सी नोट और बहुत सी ऐसी चीजें रख सकते हैं, जिसे हम साबुन से नहीं धो सकते। यह उपकरण (यू.व्ही. प्योर) पैराबैगनी किरणों के माध्यम से इसके अंदर रखी गई वस्तुओं को डिसइन्फेंट करता है। मुख्यमंत्री ने इस उपकरण की तारीफ की और इसे उपयोगी बताया।

वालेंटरी सर्विस फॉर कोविड-19 रिस्पांस वेबसाइट भी की लॉन्च

छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस (कोविड-19) की रोकथाम एवं नियंत्रण में सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी बढ़ाने, लोगों को जागरूक करने तथा आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वालेंटरी सर्विस फॉर कोविड-19 रिस्पांस वेबसाइट https://coronahelp.cgstate.gov.in 'कोरोना (कोविड-19) सहायता पटल का लोकार्पण किया गया।

कोरोनाः कोरबा में 40 समेत...

सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक 2 लोगों की मौत दर्ज की गई है। शुक्रवार को कोरबा से सर्वाधिक 40 नए मरीज मिले हैं। यह कोरबा जिले में एक ही दिन में कोरोना पॉजिटव पाए जाने का रिकॉर्ड है। छत्तीसगढ़ में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो अपने आप में चिंता का विषय है। हालांकि पॉजिटिव पाए जाने वाले अधिकतर प्रवासी श्रमिक हैं, जिन्हें क्वारंटाइन सेंटर पर रखा गया था।

केंद्र ने दो को छोड़...

समिति प्रस्तावों (500 करोड़ रुपये से उपर की योजना) सहित वित्तीय वर्ष 2020-21 में पहले से ही स्वीकृत या अनुमोदित नई योजनाओं की शुरुआत एक वर्ष तक निलंबित रहेगी।

निजी अस्पतालों में कोरोना...

सप्ताह में इस बारे में सरकार से निर्देश लेकर आने को कहा। मामले की सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। याचिकाकर्ता ने निजी अस्पतालों में कोरोना वायरस 'कोविड 19' के इलाज खर्च की ऊपरी सीमा तय करने का केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की है।

मजदूरों की बदहाली...

कहा कि वह इस मामले में नौ जून (मंगलवार) को अपना आदेश सुनाएगा। इसके अलावा खंडपीठ ने कहा कि सभी राज्यों को प्रवासियों के लिए रोजगार का सृजन करना चाहिए।सुनवाई के दौरान न्यायालय ने लॉकडाउन की वजह से पलायन कर रहे कामगारों को उनके पैतृक स्थानों तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को 15 दिन का समय देने का संकेत दिया। मामले की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने अपनी यह मंशा जाहिर की।

भाजपा नेत्री ने अफसर...

जिसके बाद वहां विवाद हुआ। अधिकारी ने कथित रूप से सोनाली के टिकटॉक वीडियो को लेकर कोई टिप्पणी की थी, जिससे वह भड़क गईं। इस बीच उकलाना के पूर्व विधायक नरेश सेलवाल ने सोनाली के खिलाफ सरकारी अफसर की ड्यूटी में बाधा डालने व मारपीट करने का मामला दर्ज किये जाने की मांग की। सेलवाल ने उस पुलिसकर्मी के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की जो 'तमाशबीन' की तरह खड़ा होकर यह सब देखता रहा और जिसने अधिकारी को पिटाई से बचाने का प्रयास तक नहीं किया।

पहाड़ी इलाकों में रहने वालों...

में अभी तक 1000 से अधिक प्रकरण हैं। लेकिन इसमें राज्य के समतल क्षेत्र में काफी प्रकरण हैं। ऊंचाई वाले स्थान पर भी जो प्रकरण मिले हैं, उनमें अधिकतर वे लोग हैं, जो समतल क्षेत्र से ऊपरी भाग में गए हैं।

पैराडाइज स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों ने घर पर पौधे लगाकर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

कांकेर। पैराडाइज के शिक्षक एवं बच्चों ने अपने घर पर ही रहकर विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधो को रोपण कर उसे विकसित करने का संकल्प लेते हुये एवं पैराडाइज प्राचार्य रश्मि रजक अपने घर पर गुलाब, अनार, अमरुद, नींबू आदि के पोधो का रोपण किया और विश्व पर्यावरण दिवस अपने घर परिवार के साथ मनाया। पैराडाइज स्कूल के सिकिम्म के शिक्षक यागचीन डोमा एवं मेघा सेवा अपने घर पर पौधे रोपण किया अन्य शिक्षकों ने भी अपने अपने घर पर पौधे रोपण कर प्रकृति के प्रति प्रेम एवं जीवन में पर्यावरण के महत्व को समझा।

पैराडाइज स्कूल की प्री-प्रायमरी से लेकर 12वी तक के छात्र/छात्राओं के द्वारा अपने घरो पर विभिन्न प्रकार के पौधो का रोपण किया गया इसके साथ ही साथ पैराडाइज स्कूल द्वारा आनलाइन चित्रकला , निबंध, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिससे बच्चों ने बढ चढकर हिस्सा लिया और पर्यावरण के विषय में अपनी भावना को अभिवयक्त किया। बच्चो ने घर पर रहकर मिट्टी से विभिन्न प्रतिमा एवं खिलौने बना कर मिट्टी के महत्व का समझने का प्रयास किया ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा सूचना
निविदा संख्या :- द.पू.म.रे.-लेमु-प्रशा-एचवी-प्रविस-1-20
कार्य : प्रविस, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर के कार्यालयीन उपयोग के लिए एक पेट्रोल चालित ए.सी. रोड वाहन (होंडा सिटी, सियाज, इनोवा, वोक्सवैगन-वैंटो या समान) किराये पर लेना। निविदा मूल्य : ₹ 3,15,560/- (रुपये तीन लाख पंद्रह हजार पांच सौ साठ) मात्र। अग्रधन राशि : ₹ 6,300/- (रुपये छः हजार तीन सौ) मात्र। निविदा की अंतिम तिथि एवं समय : 26.06.2020 को 15:30 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि एवं समय : 26.06.2020 को 16:00 बजे।
विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु प्रधान वित्तीय सलाहकार का कार्यालय, द्वितीय तल, डी-ब्लॉक, महाप्रबंधक भवन, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर-495004 (छ.ग.) में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसको डाउनलोड कर/देख सकते हैं।
प्रधान वित्तीय सलाहकार
सीपीआरओ/10/102 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

उर्वशी को सता रही है बीच की याद

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की हॉट अभिनेत्री उर्वशी रौटेला को बीच की याद सता रही है। कोरोना वायरस के कारण उर्वशी रौतेला लॉकडाउन के चलते अपने घर में कैद हैं, लेकिन इस बीच वह सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव हैं। लॉकडाउन के चलते मिले खाली समय में उर्वशी अपने पुराने वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं, जो कि उनके फैंस को भी काफी पसंद आ रहे हैं। इस बीच उर्वशी रौतेला ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है। इस फोटो में उर्वशी समुद्र किनारे दिखाई दे रही हैं। फोटो में उर्वशी ऑरेंज बिकिनी में पोज देती दिख रही हैं, जिसमें वह बेहद हॉट लग रही हैं। उर्वशी रौतेला की ये फोटो सोशल मीडिया यूजर्स को खासी पसंद आ रही है, जिसके चलते लोग इस पर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं और फोटो को लाइक भी कर रहे हैं। फोटो देखने के बाद लोग उनकी फिटनेस के भी कायल हो रहे है। लोगों को उर्वशी की यह तस्वीर कितनी पसंद आ रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ ही घंटों में इस तस्वीर को 10 लाख से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं।

कृति सेनन ने ऐश्वर्या के कजरा रे गाने पर किया डांस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन ने ऐश्वर्या राय के आइकॉनिक सॉन्ग 'कजरा रे कजरा रे' पर डांस से धमाल मचा दिया है।

कृति सेनन सोशल मीडिया पर हमेशा एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस में से हैं।कृति ने अपने स्टेज परफॉरमेंस का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह लाल रंग का लहंगा और काले रंग की चोली पहने दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में कृति सेनन ,ऐश्वर्या राय के आइकॉनिक सॉन्ग 'कजरा रे कजरा रे' पर डांस करती नजर आ रही हैं। साथ ही वो अपने स्टेज परफॉरमेंस के दिनों को याद कर रही हैं। कृति सेनन ने वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा: फ्स्टेज परफॉमेंस को मिस कर रही हूं। वो एनर्जी वो, वो गाने और वो लोगों की आवाज, जिससे डांस करने वालों को लगातार सुपर एनर्जी मिलती रहती है। कृति की आने वाली फिल्मों में 'मिमी' और 'बच्चन पांडे' शामिल है।

मुंबई को मिस कर रही है सनी लियोनी

मुंबई (वार्ता)।बॉलीवुड की बोल्ड अभिनेत्री सनी लियोनी मुंबई को मिस कर रही है और भारत वापस आना चाहती है। सनी लॉकडाउन के बीच में ही अपने पति और बच्चों के साथ मुंबई से यूएस निकल गई थीं। उनका कहना था कि वो अपने बच्चों की सुरक्षा चाहती थीं। लेकिन अब एक बार फिर वो भारत वापस लौटना चाहती हैं। सनी अपने मुंबई के घर को बेहद मिस कर रही हैं और वो उसे छोड़कर बेहद दुखी भी हैं। सनी ने बताया कि जल्द से जल्द फ्लाइट से अपने पति और बच्चों के साथ वापस भारत आना चाहती हैं। इसके अलावा सनी ने लॉकडाउन के बीच भारत से यूएस जाने का कारण भी बताया। सनी लियोनी ने यूएस पहुंचकर अपने बच्चों के साथ गार्डन की तस्वीर साझा की थी। जिसमें सनी लियोनी अपने बच्चों के साथ काफी खुश दिखाई दे रही थीं। सनी अक्सर अपनी फोटोज और वीडियोज़ शेयर करती रहती हैं। फैंस उनकी हर पोस्ट को खूब पसंद भी करते हैं।

दीपिका को रॉकिंग स्टार मानती है माधुरी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित, दीपिका पादुकोण को रॉकिंग स्टार मानती है। माधुरी दीक्षित को बॉलीवुड में शानदार अभिनेत्रियों में शुमार किया जाता है। माधुरी ने फिल्मों में महत्वपूर्ण किरदारों के साथ दर्शकों के दिलों में अपनी गहरी छाप छोड़ी है।हाल ही में माधुरी से पूछा गया कि वह किस अभिनेत्री को इस पीढ़ी से इंडस्ट्री की रॉकिंग स्टार मानती हैं। माधुरी ने इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का नाम लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें दीपिका पसंद हैं क्योंकि ÷वह उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो किरदार को अपने भीतर उतार लेती हैं। माधुरी ने कहा, ÷दीपिका बड़ी-बड़ी भूमिकाओं को भी बखूबी निभा लेती हैं।

दुनिया में सर्वाधिक कमाई करने वाले सेलेब्स में अक्षय कुमार शामिल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सेलेब्स में शामिल हो गये हैं। फोर्ब्स ने वर्ल्ड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सेलेब्स 2020 की सूची जारी की है। इसमें इस बार सिर्फ अक्षय कुमार ही शामिल हैं। इस साल की 100 लोगों की लिस्ट में अक्षय कुमार 365 करोड़ रुपये की कमाई के साथ 52वें नंबर पर हैं। हालांकि पिछले साल के मुताबिक उनकी रैंकिंग में थोड़ी गिरावट हुई है। बीते साल अक्षय कुमार 490 करोड़ की कमाई के साथ 33 वें नंबर पर थे।

फोर्ब्स के साथ एक इंटरव्यू में अक्षय ने अपनी सफलता पर कहा था, ÷आपको समय के साथ-साथ खुद को बदलना होता है। आज फिल्मों की कहानियां बदल गई हैं, ऑडियंस बदल गए हैं यहां तक की मेरे चेक में जीरो भी बदल गए हैं। हर एक चीज बदल रही है। बस यही मेरी सफलता का मूल मंत्र है'। पहले मैं फिल्मों में सिर्फ पैसों के लिए आया था, लेकिन अब पैसा कमाने के बाद मैं खुद को एक अच्छे एक्टर के तौर पर स्थापित करने में लगा हुआ हूं। अक्षय कुमार ने कहा, मैं बस 10 करोड़ रुपये कमाना चाहता था। मैं आखिरकार इंसान हूं।

मौजूदा हालात में यूएस ओपन में भाग नहीं ले सकता: नडाल

मेड्रिड (वार्ता)। विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल का कहना है कि मौजूदा हालात में वह यूएस ओपन में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क की यात्रा नहीं कर सकते हैं।

कोरोना वायरस के कारण टेनिस गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई हैं लेकिन यूएस ओपन के होने को लेकर संभावनाएं बनी हुई हैं। नडाल ने कहा, ÷अगर आप अभी मुझसे पूछे कि क्या मैं मौजूदा समय में यूएस ओपन में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क की यात्रा करुंगा तो मेरा जबाव होगा नहीं। लेकिन अगले कुछ महीनों में मुझे नहीं पता, हो सकता है कि मैं जाऊं।

नडाल ने कहा, ÷हमें वायरस और मौजूदा हालात के बारे में ज्यादा जानने की जरुरत है। न्यूयॉर्क उन शहरों में से एक हैं जहां कोरोना वायरस का काफी प्रभाव रहा है। दर्शकों के बिना टेनिस मैच शुरु करने पर नडाल ने कहा, ÷ईमानदारी से कहूं तो मुझे यह योजना पसंद नहीं आयी। लेकिन अगर यह एकमात्र तरीका है तो क्यों नहीं। मेरा इस मामले में यह मानना है। मैं टेनिस को दर्शकों की ऊर्जा के बिना नहीं समझ सकता। इस बीच अमेरिकी युगल खिलाड़ी राजीव राम ने कहा कि जब तक कोरोना वायरस का टीका नहीं बन जाता तब तक खिलाड़ी खुद को 100 फीसदी सुरक्षित महसूस नहीं कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यूएस ओपन का आयोजन तभी किया जाना चाहिए जब सभी खिलाड़ी न्यूयॉर्क की यात्रा करने में सक्षम हो।

इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष युगल में अपना पहला ग्रैंड स्लेम जीतने वाले राजीव ने कहा, ÷मुझे नहीं लगता कि कोई खिलाड़ी टीका के बिना खुद को सुरक्षित महसूस करेगा क्योंकि ऐसे में खिलाड़ियों को हमेशा यह वायरस से संपर्क में आने का खतरा रहेगा।

राजीव राम ने कहा, ÷यह वायरस फैलता है और किसी भी खेल में खिलाड़ी एक दूसरे के संपर्क में आते हैं। टीका के बिना हमेशा इस वायरस का खतरा रहेगा। मेरे ख्याल से यूएस ओपन या कोई भी टूर्नामेंट तब तक नहीं कराया जाना चाहिए जब तक ज्यादातर खिलाड़ी खेलते समय खुद को सुरक्षित महसूस ना करें।

अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित होने से मिलेगी प्रेरणा: वंदना-मोनिका

बेंगलुरु (वार्ता)। भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर वंदना कटारिया और मिडफील्डर मोनिका ने प्रतिष्ठितअर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि इससे भविष्य में उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

हॉकी इंडिया ने मंगलवार को महिला टीम की कप्तान रानी को राजीव गांधी खेल रत्न और वंदना, मोनिका तथा पुरुष टीम के हरमनप्रीत सिंह को अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित किया था। वंदना ने इस अवॉर्ड के लिए नामित होने पर टीम की साथी खिलाड़ियों का धन्यवाद दिया। 28 वर्षीय वंदना ने कहा, ÷अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित होना सुखद है। मुझे यकीन है कि इससे हमें आने वाले समय में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। अगर मेरी टीम की साथी खिलाड़ी मेरा समर्थन नहीं करती तो मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती। इन लोगों ने हमेशा मेरा साथ दिया और मेरे प्रदर्शन का सारा श्रेय साथी खिलाड़ियों का जाता है। उन्होंने कहा, ÷यह जानना बेहतरीन है कि रानी को खेल रत्न के लिए नामित किया गया है। मैं रानी को खेल रत्न और मोनिका तथा हरमनप्रीत को अर्जुन अवॉर्ड के लिए बधाई देना चाहती हूं।

अंजू जैन बड़ौदा महिला क्रिकेट टीम की कोच नियुक्त की गई

वड़ोदरा (वार्ता)। बड़ौदा क्रिकेट संघ (बीसीए) ने पूर्व भारतीय महिला कप्तान और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित अंजू जैन को बड़ौदा महिला क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया है।

बड़ौदा टीम के पूर्व कोच अतुल बेदादे पर कुछ महिला खिलाड़ियों ने शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया था जिसके बाद बीसीए ने उन्हें निलंबित कर दिया था और उनके खिलाफ मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की थी। हाल में समिति की सिफारिशों के बाद संघ ने उनका निलंबन वापस ले लिया था लेकिन उन्हें कोच पद से हटा दिया था। बीसीए ने अंजू के अलावा भारतीय टीम की पूर्व खिलाड़ी देविका पलशिखर को सहायक कोच बनाया है। अंजू ने कहा कि वह बीसीए से दिशा-निर्देश मिलने के बाद जल्द ही टीम के साथ जुड़ेंगी। विकेटकीपर अंजू भारतीय टीम में 12 वर्षों तक रही और उन्होंने 2000 के महिला क्रिकेट विश्वकप के दौरान टीम की कप्तानी संभाली थी। अंजू ने 2005 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और वह भारतीय महिला टीम की चयनकर्ता भी बनी थी।

टोटेनहम फुटबॉल क्लब का खिलाड़ी कोरोना से सक्रमित

लंदन (वार्ता)। ब्रिटेन के प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब टोटेनहम ने बताया है कि उनके टीम का एक खिलाड़ी कोरोना से संक्रमित पाया गया है। प्रीमियर लीग ने इस सप्ताह खिलाड़ियों का कोरोना टेस्ट किया था। यह खिलाड़ी पांचवें राउंड के टेस्ट में कोरोना से संक्रमित पाया गया है। क्लब ने हालांकि खिलाड़ी के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि उसे एक सप्ताह के लिए अलग-थलग रखा गया है। क्लब ने बयान जारी कर कहा, ÷हमें प्रीमियर लीग द्वारा बताया गया कि हमारी टीम का एक खिलाड़ी कोरोना टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया है। मेडिकल गोपनीयता के कारण खिलाड़ी के नाम का खुलासा नहीं कर सकते लेकिन उसे प्रीमियर लीग के प्रोटोकॉल के तहत सात दिनों के लिए अलग-थलग रखा गया है। प्रीमियर लीग द्वारा किए गए टेस्ट में अब तक 13 लोग कोरोना से संक्रमित पाए जा चुके हैं।

कोरोना के कारण हैदराबाद ओपन बैडमिंटन रद्द

नई दिल्ली (वार्ता)। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने कोरोना वायरस के कारण इस साल होने वाले हैदराबाद बैडमिंटन ओपन टूर्नामेंट को गुरुवार को रद्द कर दिया। कोरोना वायरस के कारण दुनियाभर में खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई है और कई टूर्नामेंटों को स्थगित या रद्द किया जा चुका है। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, बीडब्ल्यूएफ और भारतीय बैडमिंटन संघ हैदराबाद ओपन 2020 को रद्द करने पर सहमत हुए हैं।

अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित होना सुखद : हरमनप्रीत सिंह

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह ने अर्जुन अवॉर्ड के लिए उन्हें नामित करने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह उनके लिए काफी सुखद अनुभव है।

बेंगलुरु (वार्ता)। 24 वर्षीय हरमनप्रीत ने कहा, ÷इस खबर को सुनना मेरे लिए बेहद सुखद है। अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित होना गर्व की बात है और मुझे यकीन है कि इससे मुझे आने वाले समय में और भी अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने कहा, ÷हम सभी को पिछले कई वर्षों से हॉकी इंडिया का भरपूर सहयोग मिला है और मुझे जानकर खुशी है कि रानी को राजीव गांधी खेल रत्न और वंदना तथा मोनिका को अर्जुन अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। इन लोगों ने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन किया है और मैं इन्हें बधाई देना चाहता हूं।

हरमनप्रीत डिफेंडर होने के साथ ही टीम के उपकप्तान भी है।

उन्होंने एफआईएच सीरीज फाइनल्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। टोक्यो ओलंपिक टेस्ट इवेंट में मनप्रीत सिंह की अनुपस्थिति में उन्होंने टीम की कमान संभाली थी। हरमनप्रीत पिछले साल रुस के खिलाफ हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स मुकाबले में भी टीम का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि उन्हें टीम के साथी खिलाड़ियों का हमेशा समर्थन मिलता है जिस कारण वह बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। हरमनप्रीत ने कहा, ÷मैंने जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में अपनी टीम के लिए योगदान दिया है उससे मैं बहुत खुश हूं। हालांकि मैं ऐसा इसलिए कर पाया क्योंकि टीम के साथी खिलाड़ियों ने मेरा हमेशा साथ दिया है। हॉकी टीम का खेल है और हम सभी को यह सुनिश्चित करना है कि सभी टीम की जीत में अपना योगदान देने कोशिश करें। अगर कोई गोल करता है तो इसका मतलब यह नहीं कि व्यक्तिगत तौर पर उसने गोल किया है, इसका श्रेय पूरी टीम को जाता है। उन्होंने बताया कि टोक्यो ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करना 2019 में टीम का सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, ÷पिछले साल अपनी घरेलू जमीन पर टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना बेहद सुखद था। यह पल हमेशा मेरे लिए यादगार रहेगा। हमारी टीम का संतुलन बेहतरीन है।

हरमनप्रीत ने कहा, ÷अब टीम में सभी का ध्यान अगले साल होने वाले ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने पर केंद्रित है। इस वक्त यह हमारा एकमात्र लक्ष्य है और हम सभी इस चुनौती के लिए तैयार हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि जब हम टोक्यो में अपना पहला मुकाबला खेले तो हम बेहतर टीमों में से एक रहें।

महिला एशिया कप 2022 फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत 2022 में होने वाले एएफसी महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल्स की मेजबानी करेगा।

एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को 2022 महिला एशिया कप की मेजबानी सौंपी है। यह फैसला एएफसी महिला फुटबॉल समिति ने लिया। एएफसी के महासचिव दातो विंडसर जॉन ने एआईएफएफ के महासचिव कुशल दास को लिखे पत्र में कहा कि समिति ने महिला एशिया कप की मेजबानी करने का अधिकार एआईएफएफ को देने का फैसला किया है। एआईएफएफ के अध्यक्ष प्रफुल पटेल ने मेजबानी मिलने पर एएफसी को धन्यवाद दिया और कहा कि इससे भारत में महिला फुटबॉल को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। कुशल दास ने भी कहा कि यह टूर्नामेंट देश में महिला फुटबॉल की लोकप्रियता का बढ़ावा देगा। भारत 17 फरवरी से सात मार्च 2021 तक फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी भी करेगा।

क्वारन्टीन सेंटर पर खेल-कूद की सामग्री और अच्छी-अच्छी प्रेणादायक पुस्तकें भी रखने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। रायपुर-दुर्ग संभाग के कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने गुरुवार को देर रात कबीरधाम जिले के भागुटोला और कन्या शिक्षा परिसर क्वारेन्टीन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कबीरधाम जिले में कोरोना वायरस के रोकथाम, नियंत्रण तथा संक्रमण से बचाव के तहत अपनाई जा रही उपायों के बारे में जानकारी भी। उन्होंने आईसोलेशन सेंटर पहुच कर उपचार के बाद स्वस्थ होकर लौटे व्यक्तियों से भी मिले और उनका हालचाल जाना।

कमिश्नर श्री चुरेन्द्र ने क्वारेन्टीन सेंटरों का निरीक्षण करते हुए देश के अन्य राज्यो के रेड, ऑरेंज तथा ग्रीन जोन से आने वाले प्रवासी श्रमिको की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस के रोकथाम और नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे है। प्रवासी श्रमिको को 14 दिनों तथा चिकित्सा परामर्श अनुसार और अधिक दिनों के लिए क्वारेन्टीन में रखा जा सकता है। प्रवासी श्रमिको की इस

बात की जानकारी अवश्य दे कि क्वारेन्टीन में रखने के पीछे उनके खुद की सुरक्षा के लिए है। ऐसी परिस्थिति में शासन-प्रशासन का सहयोग करे। उन्होंने क्वारेन्टीन सेंटर पर खेल-कूद की सामग्री और अच्छी-अच्छी प्रेणादायक पुस्तकें भी रखने के निर्देश दिए।

कमिश्नर श्री चुरेन्द्र ने क्वारेटांइन सेंटर में ठहरे प्रवासी श्रमिकों से चर्चा करते हुए उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने क्वारेटांइन सेंटर के व्यवस्था प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने व्यवस्था प्रभारी से भोजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम नियत्रंण और संक्रमण से बचाव के उपायों के तहत अपनाई जा रही आवश्यक सावधानी के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने व्यवस्था प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रवासी श्रमिकों के रिश्तेदार और उनके जान पहचान वाले व्यक्तियों का क्वारेटांइन सेंटर में प्रवेश वर्जित किया गया है। इस आदेश का पालन कड़ाई से करें। क्वारेटांइन सेंटर में ठहरे प्रवासी श्रमिकों को अनावश्यक सेंटर से बाहर जाने न दे। क्वारेटांइन सेंटर में श्रमिकों के बीच सोशल डिस्टेंसिग का पालन कराएं।

न्यूज गैलरी

युवा विंग द्वारा कोरोना से बचने के उपाय व मास्क किया गया वितरण

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत युवा विंग राजनंदगाँव द्वारा समाज के सभी दुकानदारों और ग्राहकों को कोरोना महामारी से बचने और सुरक्षित रहने की हिदायत दी। साथ ही सभी दुकानों पे पोस्टर लगा के मास्क भी वितरण किया। युवा विंग की इस सेवा कीं सभी ने सराहना करते हुए दुकानदारों और समाज के सदस्यों ने बहुत प्रशंसा भी की। इस सेवा से प्रभावित हो दुर्ग जिले में भी युवा विंग के सदस्यों ने यह सेवा बड़े सफ्ल रूप से की गई। इस सेवा में संस्था के सभी सदस्यों ने अपना सहयोग किया जिसमें युवा विंग राजनांदगाँव के अध्यक्ष कौशल शर्मा, उपाध्यक्ष कमल गंगवानी, कमलेश वाधवा और सहयोगी सदस्य राकेश भिमनानी, रमेश आहूजा, जितेन्द्र गंशनी, राजेन्द्र पंजवानी, विजय तोतवानी, पंकज जेठानी, अमित पंजवानी, आशीष परसनी, नरेश मोटलानी, सुनील लिखवानी, बंटी भीमनानी, कमलेश मोटलानी और दीपक चांदनी सहित सभी सदस्यों का पूर्ण रूप से सहयोग रहा।

आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

कवर्धा। पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत भटरूसे के आश्रित ग्राम कंझेटा में आकाशीय बिजली गिरने से गुरूवार को सुबह 6 बजे 42 वर्शीय व्यक्ति की मौत हो गई। बिजली गिरते ही आस-पास के इलाके में अफ्रा-तफ्री मच गई। मौसम दो दिनों से बिगड रहा है। किसान जिस बारिश की उम्मीद कर रहे थे वैसे ही बारिश होने लगी है। बुधवार को देर शाम के बाद गुरूवार की सुबह भी झमाझम बारिश हुई। इसी दौरान ग्राम कंझेटा में आकाशीय बिजली गिरने से फग्गु दास कुर्रे की मौत हो गई।

पौधरोपण कर, सरंक्षण करने का लिया संकल्प

पंडरिया। शुक्रवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पंडरिया के युवाओं ने पौधा रोपण किया। सभी ने उसके संरक्षण की जिम्मेदारी ली। सुमित तिवारी ने बताया कि पेड़ो को बचाना बहुत ही आवश्यक है और अत्यधिक हो रही वनों की कटाई पर रोक लगा, कार्यवाही करने की आवश्यकता हैं। बताया कि पंडरिया में लंबे समय से कार्य कर रहे पर्यावरण संरक्षण समिति के सदस्यों का कार्य सराहनीय है और इस कार्य मे साथ देने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। इसमे मुख्य रुप से अरुण, विजय, मृगेद्र, सिद्धार्थ, अमन, अपेन्द्र, चेतन, अजय, राहुल, आशुतोष, मयंक सभी युवा साथी उपस्थित रहे।

बंदर की करेंट लगने से मौत, युवाओं ने किया अंतिम क्रिया

पंडरिया । पंडरिया के युवाओ का जानवरों के प्रति प्रेम देखने को मिलता रहा है ,युवाओं की एक टीम लगातार दुर्घटना हुए जानवरो का इलाज करते है और यदि मृत्यु ही जाने पर उनकी अंतिम क्रिया भी करते है, शुक्रवार को फ्रि एक बड़े बन्दर के करंट लग जाने से मृत्यु हो गयी घर वालो से जानकारी मिलने पर उसको ले जाकर उनकी अंतिम क्रिया की गई, इसमे मुख्य रुप से सुमित तिवारी, अरुण, विजय, मृगेद्र, सिद्धार्थ, अमन, अपेन्द्र, चेतन, अजय, राहुल, आशुतोष मयंक सभी युवा साथी उपस्थित रहे मुख्य रुप सेये टीम ये सभी से निवेदन करती है कि जानवरो के प्रति आप सभी भी सहानुभूति रखे।

आक्रोशित लोगों ने किया थाने का घेराव, पुलिस अधिकारी ने समझाया तब हुए शांत

कवर्धा। ग्राम पोंडी में 9 आरोपियों की गिरतारी नही होने से यहां के लोग आक्रोशित हो गए और गुरूवार को चैंकी का घेराव कर दिया। चैकी के सामने और आसपास सैकडो लोग मौजूद रहे। मामला स्थानीय पोंडी का ही है। यहां पर 25 मई को एक दर्जन से अधिक लोगो द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर कब्जा करने की कोशिश किया गया। मामले मे लिखित शिकायत किया गया, इस पर मात्र 2 आरोपियों की गिरतारी हुई। 9 आरोपी अब भी फ्रार है। एक सप्ताह बाद भी आरोपियों की गिरतारी नही होने पर चैंकी घेराव की चेतावनी दी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नही लिया। इसके चलते 4 जून को गांवभर के लोग चैंकी के पास ही गार्डर में एकत्रित हुए और रणनीति बनाकर वही से चैंकी का घेराव कर दिया। मामले में पुलिस जवानो ने लोगो को काफ्री समझाईश दी, लेकिन वहीं नही माने और दो घंटे तक वहीं घेराव में बैठे रहे।

देवकट्टा जलाशय से लबालब हुए पांच गांवों के निस्तारी तलाब

■ **खरीफसीजन में 2500 एकड़ में होती है सिंचाई**

राजनांदगांव। जिले के तहसील मुख्यालय डोंगरगढ़ से लगभग 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित देवकट्टा सिंचाई जलाशय से इस गर्मी में 5 गांवों के निस्तारी तलाबों को लबालब भरने के साथ ही इस जलाशय के कमाण्ड एरिया में आने वाले ठाकुरटोला एव छीपा के एनीकट सहित कुल 5 एनीकट में भी जलापूर्ति की गई है। इस सिंचाई जलाशय के जल भराव क्षमता 3.03 एमसीएम है। देवकट्टा जलाशय में वर्तमान समय में 50 फीसद जलभराव है। खरीफसीजन में इस जलाशय से 2500 एकड़ में सिंचाई के लिए

जलापूर्ति की जाती है।

देवकट्टा सिंचाई जलाशय के बंड में दरार की शिकायत के संबंध में मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार श्री डीसी जैन ने बताया कि इसकी तकनीकी अधिकारियों से जांच कराई गई है। देवकट्टा सिंचाई जलाशय का बंड और उसका शीर्ष पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि डोंगरगढ़ के जल संसाधन विभाग के एसडीओ श्री प्रदीप नादिया ने इस संबंध में प्रेषित अपनी रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस जलाशय के कमाण्ड एरिया के ग्राम बेलगांव, करेली, रींवागहन, कन्हारगांव एवं देवकट्टा के निस्तारी तलाबों सहित ठाकुरटोला, छीपा एवं अन्य एनीकट को जलापूर्ति के बाद जलाशय का स्लूज गेट बंद करते समय पत्थर का टुकड़ा फंस जाने की वजह से जल द्वार से पानी वर्तमान में लीकेज कर रहा है। गेट में फंसे पत्थर को हटाकर गेट को पूरी तरह बंद करने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्य अभियंता श्री जैन ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पूर्व निर्मित इस सिंचाई जलाशय की 8 किलोमीटर लम्बाई वाली मुख्य केनाल तथा 7 किलोमीटर की लम्बाई लघु नालों से वितरिका नहरों से बेलगांव, कटली, रीवांगहन, कन्हारगांव एवं देवकट्टा में सिंचाई के लिए जलापूर्ति होती है।

सर्प दंश से एक ही परिवार के तीन लोग की मृत्यु होने से नीलू चंद्रवंशी ने मृतक परिवार को 12 लाख मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया

कवर्धा। विगत दिनों विधानसभा पंडरिया अंतर्गत ग्राम मुनमुना में एक ही परिवार के 3 व्यक्तियों के सर्पदंश से मृत्यु हुआ था वही अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के नीलू चंद्रवंशी' एवं साथ मे युवा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश केशरवानी व टीकम शर्मा ग्राम मुनमुन के जनपद सदस्य प्रतिनिधि चिंता मंडवी ने ग्राम मुनमुना में मृतक के घर पहुंचकर कर मृतक के परिवार से मुलाकात कर उन तीनो के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त कर ढाढस बंधवाया एवं अध्यक्ष नीलू चन्द्रवंशी ने मृतक के परिवार से कहा की भगवान की मर्जी के आगे किसी की नही चलता इस दुख की घड़ी में जिला कांग्रेस परिवार आपके परिवार के साथ खड़ी है आपके परिवार के लिए शासन से हर सम्भव मदद कराया जयेगा,पी.एम.रिपोर्ट पर सर्प दंश से मृत्यु होने पर तीनों मृतक को 4-4 लाख कुल 12 लाख रुपये मुआवजा राशि प्रयास कर दिलाने का आश्वासन दिया, अध्यक्ष जिला कांग्रेस नीलकंठ चंद्रवंशी ने बताया कि विपदा के इस समय मे कांग्रेस परिवार,पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ी है वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तत्काल पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है ।

पांडातराई का सप्ताहिक बाजार हर सोमवार बंद

पांडातराई । शहर में सप्ताहिक बंद व शहर की ट्रैफ्कि व्यवस्था को सुचारू व व्यवस्थित रूप से करने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर पंचायत पांडातराई में व्यापारी संघ तथा पुलिस विभाग का संयुक्त बैठक रखा गया। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि सप्ताह में 1 दिन सोमवार प्रति सोमवार को नगर के सभी व्यापारिक संस्थान बंद रहेंगें। साथ ही नगर के ट्रैफ्कि व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए सड़क के दोनों और दुकान से 6 फीट की दूरी पर एक सफेद पट्टी डाला जाएगा। सभी व्यापारियों से निवेदन किया गया कि ग्राहकों को उस सफेद पट्टी के अंदर ही वाहनों को खड़ी कराए जिससे नगर में आवागमन को किसी प्रकार की बाधा ना उत्पन्न हो। इस अवसर पर नगर के व्यापारी संघ से सतीश गुप्ता भूपेंद्र गुप्ता पुलिस विभाग से टीआई बी पी तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर नेताम के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष फ्रिोज खान के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ।

कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की प्रबंध समिति के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

■ **पदभार ग्रहण करने के बाद ली अधिकारियों की बैठक**

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव की प्रबंध समिति के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया। श्री वर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक लेकर बैंक के क्रियाकलापों की विस्तार से समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि बैंक द्वारा वर्तमान में खरीफमौसम के लिए राजनांदगांव जिले में किसानों को 222 करोड़ रूपए तथा कबीरधाम जिले में 172 करोड़ रूपए का कृषि ऋण नगद एवं कृषि आदान सामग्री के रूप में वितरित किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 44 प्रतिशत ऋण का वितरण किया जा चुका है। खाद-बीज के भण्डारण एवं वितरण में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव प्रदेश में शीर्ष स्थान पर है। लक्ष्य के 75 प्रतिशत खाद का भण्डारण किया जा चुका है। 56 प्रतिशत का वितरण भी पूरा हो चुका है। इसी प्रकार बीज का 58 प्रतिशत भण्डारण कर 37 प्रतिशत का वितरण किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से दो गुना है। बैठक में दुर्गम क्षेत्रों में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एलपीजी गैस वितरण के लिए राजनांदगांव जिले के वासड़ी, औंधी और खड़गांव में किए गए कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एलपीजी गैस वितरण कार्य में पूरी तरह पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए।

सामान्य सभा की पहली बैठक में कोरोना वायरस के बचाव और नियंत्रण पर हुई चर्चा

कवर्धा। जिला पंचायत कबीरधाम के समान्य सभा का प्रथम बैठक अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट की अध्यक्षता में गुरूवार को संपन्न हुआ। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण एवं प्रसार तथा बचाव के संबंध और पेयजल आपूर्ति पर चर्चा की गई। सोशल डिस्टेंस के साथ मास्क लगाकर आयोजित बैठक में नोवेल कोरोना वायरस पर जिला पंचायत सदस्यों को जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुरेश तिवारी ने बताया कि जिले में 1126 कोरंटाइन सेंटर बनाया गया है जिसमें 808 एक्टिव कोरंटाइन सेंटर है। इन केन्द्रों में 23,898 प्रवासी श्रमिकों को कोरंटाईन किया गया है। कोरोना जांच हेतु रैपिड किट के माध्यम से 1231 लोगों का जांच किया गया है तथा 2654 लोगों को वी.टी. एम. कीट, आर. टी.पी.सी.आर. के माध्यम से सैम्पल जांच किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि कवर्धा शहर एवं गांव में बाहर से आए लोगों को कोरंटाईन करने की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। बैठक में चर्चा के दौरान कोरंटीन सेंटरों में भोजन व्यवस्था पर भी बात की गई । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री विजय दयाराम के. ने सभी सदस्यों को बताया कि जिले के सभी कोरंटाइन सेंटरों में शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश अनुसार भोजन व्यवस्था की जा रही है।

सदस्यता अभियान के पहले चरण में व्यापारियों का मिला समर्थन

कवर्धा। कैट ने कवर्धा जिले में सदस्यता अभियान के अंतिम चरण का शुभारंभ किया है जिसमे कवर्धा शहर के अलावा जिले भर में सदस्यता प्रारम्भ की है सदस्यता अभियान 15 जून तक चलेगा। इस हेतु अलग अलग प्रभारी भी बनाये गए है, कवर्धा शहर के लिए द्वारिका गुप्ता, सोनू चावला, विकास सेठिया, बोड़ला के लिए गौतम गुप्ता, पांडातराई के लिए विक्की गुप्ता, पंडरिया के लिए द्वारिका गुप्ता, लोहारा के लिए संजय पांडे, पिपरिया के लिए अनिल दानी को अधि.त किया गया है। कैट की सदस्यता अभियान के पहले चरण में व्यापारियो का काफी समर्थन मिला है और लगातार सक्रियता से व्यापारियो के हित मे कार्य करने से कैट की लोकप्रियता भी काफी बढ़ी है, अब दूसरे चरण में कैट कवर्धा जिले के सभी ब्लॉक स्तर में सदस्यता चलाकर जिले स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने की तैयारी में है। कवर्धा जिले से कैट ने दो व्यापारियों को प्रदेश प्रतिनिधित्व में स्थान भी दिया है।

सभी व्यापारियों को कैट के विषय मे बताते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश आहूजा ने कहा कि कॉन्फेडरेशन आफ आल इंडिया टेडर्स (कैट) एक राष्ट्रीय व्यापारिक संगठन है जो विगत सत्ताईस साल से पूरे भारत वर्ष में निरंतर कार्यरत है। इस संस्था में लगभग पूरे भारत वर्ष से चालीस हजार एसोसिएशन जुड़े हुए है, जिनके माध्यम से साढे छै करोड़ ट्रेडर्स जुडे हुए है, इस संगठन के अध्यक्ष श्री बी. सी. भरतिया जी एवं महासचिव श्री प्रवीण खण्ड़ेलवाल जी है, जो कि जी.एस.टी. कॉऊन्सिल के सदस्य भी है, साथ ही वे केन्द्रीय सरकार के विभिन्न विभागीय कमेटी के सदस्य भी है।

10 प्रवासी मजदूर बेरोजगार होने से बचे

राजनांदगांपव। राष्ट्रीय राज्यमार्ग क्रमांक-6 के निर्माण कार्य में लगे अशोका हाईवेज की लाखनी महाराष्ट्र में कार्य करने वाले 10 प्रवासी मजदूर जो कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉक डाऊन में फंस कर रह गए थे और ड्यूटी में गैर हाजिर रहने के कारण इनकी नौकरी जाने वाली थी। उक्त सभी मजदूरों का रोजगार आज छीनने से बच गया। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस यूथ इटक जिला अध्यक्ष युवा नेता आशीष रामटेके के अनुरोध पर जैसे ही यह मामला राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक और

एसडीएम मुकेश रावटे के संज्ञान में आया। दोनों ही अधिकारियों ने मामले की गंभीरता से लेते हुए अशोका हाईवेज के प्रबंधक (व्यवस्थापक) मंडल के सुनील शर्मा से बातचीत की। साथ ही उपरोक्त सभी मजदूरों को नौकरी पर वापस रखने की बात कही। वहीं बीते दो माह का वेतन देने का भी निर्देश दिया गया। यही नहीं प्रवासी मजदूरों को उनके कार्यस्थल लाखनी महाराष्ट्र भी पहुँचाया गया।

विदित हो किए यदि उक्त अधिकारियों ने इस पर पहल न कि होती तो मजदूर अपनी नौकरी से हाथ धो बैठते। इस प्रकार से प्रवासी मजदूरों को उन्हें रोजगार वापस दिलाकर बेरोजगार होने से बचा लिया। युवा नेता आशीष रामटेके ने इसके लिए राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक और एसडीएम का आभार माना है। राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष और एसडीएम द्वारा उठाए गए इस कदम का सभी ने स्वागत किया। वहीं उक्त फैसले की भूरी-भूरी प्रसंशा भी हो रही है। प्रवासी मजदूरों में भागचंद साहू, तरूण जामुरिया, हीरू राम साहू, रतन साहू, जितेन्द्र यादव, विश्वजीत जंगम आदि शामिल हैं।

राधाकृष्ण बड़े मंदिर तालाब मौसम बदलते ही हुआ आकर्षक

■ **यात्रा-भ्रमण व पर्यटन से प्र.ति से सीधे जुड़कर,विद्यार्थी अनुभव से सीखता है,जिससे नई कल्पनाएं सृजित होती है और विद्यार्थी में उमंग व खुशी का संचार होता है - दुर्गेश कुमार साहू**

दशरंगपुर । ''पढई तुंअर,दुआर'' योजनांतर्गत, कवर्धा विकासखंड की आन लाईन वर्चुअल क्लासेस में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय-महराटोला में कार्यरत शिक्षक दुर्गेश कुमार साहू ने, कक्षा-8वीं के पोयम(कविता)-6,''फ्राम ए रेल्वे कैरिज'' का रोचकपूर्ण कक्षा ली, पाठ के कठिन शब्दों के अर्थ, व अंग्रेजी को लिखना-पढना व वाक्यों में प्रयोग बताकर, चित्रों का प्रदर्शन कर, पोयम को गीत के रूप में सस्वर गाकर सारांश से बच्चों को प्रभावित किया। शिक्षक दुर्गेश कुमार साहू ने बताया कि रेल की यात्रा या किसी भी भ्रमण,व

पर्यटन सेप्रा.तिक .श्यों को देखकर,बच्चे का मन प्रफुल्लित व आनंदित होता है तथा नयी कल्पनाओं का सृजन भी स्वतःही बच्चे के मन-मस्तिष्क पर हो जाता है। बच्चे उस यात्रा के अनुभव से सीखता भी है। यही इस पाठ का मूल सार व उद्देश्य है।

विदित हो कि शिक्षक दुर्गेश कुमार साहू,पं.जवाहरलाल नेहरू नवोदय विद्यालय-डोंगरगढ से''अंग्रेजी माध्यम''से सीनियर सेकेण्डरी परीक्षा विज्ञान समूह में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर,पंथश्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में बी.एस.सी.विज्ञान,'''अंग्रेजी माध्यम'' से उत्तीर्ण हैं,वे पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से ''एम.ए.अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण'' योग्यता रखते हैं। दुर्गेश कुमार साहू ''एम.एड.(मास्टर आफ एजुकेशन) की परीक्षा भी शासकीय शिक्षक-शिक्षा महाविद्यालय-रायपुर से नियमित रूप से कक्षा में अध्ययन करते हुए प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है,वर्तमान में वे शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय-महराटोला में''शिक्षक''के पद पर पदस्थ होकर,अध्यापन कार्य कर रहे हैं।आन लाईन वर्चुअल कक्षा के संचालन में जिला नोडल अधिकारी यू.आर.चंद्राकर, एम.आई.एस. प्रशासक सतीश यदु, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम.एल.पटेला, विकासखंड नोडल अधिकारी अनिल केशरवानी,संकुल प्रभारी मनोज कुमार साहू,का विशेष योगदान रहा।

■ न्यूज गैलरी

शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद

नई दिल्ली (ए.)। जून के पहले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 306.54 अंकों की उछाल के साथ 34,287.24 के स्तर पर बंद हुआ तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 113.05 (1.13त्न) अंक चढ़कर 10,142.15 के स्तर पर बंद हुआ। आज निफ्टी टॉप गेनर में टाटा मोटर्स 13.65 फीसद की उछाल के साथ बंद हुआ। वहीं स्टेट बैंक ऑफइंडिया की चौथी तिमाही के नतीजे आने के बाद उसके शेयर 8.73 फीसद 189.25 रुपये पर बंद हुए।

लगातार चौंथे दिन सस्ता हुआ सोना

नई दिल्ली। अनलॉक भारत में अब जीवन धीरे-धीरे पटरी पर आने लगा है। शादी के सीजन के बीच सर्राफा बाजार में रौनक अब दिखने लगी है। आज 5 जून यानी शुक्रवार को सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की हाजिर कीमतों में लगातार चौथे दिन भी गिरावट देखने को मिल रही है। 22 कैरेट से लेकर 24 कैरेट तक का सोना सस्ता हुआ है। वहीं चांदी भी 255 रुपये प्रति किलोग्राम सस्ती हुई है। एक जून को 24 कैरेट सोना 47043 के रेट से बिका था। वहीं सोना दो जून को 47075, तीन जून को 46845 और 4 जून को 46767 रुपये बिका था।

पेट्रोल-डीजल हो सकता है महंगा

अहमदाबाद (ए.)। महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और मिजोरम के बाद अब कोरोना से उत्तपन्न आर्थिक संकट से खाली खजाने को भरने के लिए गुजरात सरकार भी पेट्रोल-डीजल पर वैट बढ़ाने का विचार कर रही है। गुजरात के उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा कि राज्य सरकार लॉकडाउन के कारण राजस्व में हुए नुकसान की भरपाई के लिए पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) बढ़ाने पर विचार कर रही है। हालांकि, शुक्रवार को भी देश में पेट्रोल-डीज़ल के दाम स्थिर रहे। दिल्ली में पेट्रोल का रेट 71.26 रुपये और डीजल का रेट भी 69.39 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। गुजरात सरकार अभी पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर 21 प्रतिशत कर वसूल करती है। इसमें 17 प्रतिशत वैट और चार प्रतिशत उपकर है। पटेल ने कहा कि गुजरात में वैट की दरें और ईंधनों की कीमतें, दोनों देश में सबसे कम हैं। उन्होंने गांधीनगर में संवाददाताओं से कहा, हमने माल एवं सेवा कर के संग्रह में गिरावट के कारण महत्वपूर्ण राजस्व खो दिया है, क्योंकि लॉकडाउन के कारण व्यवसाय बंद थे। हमने लॉकडाउन से प्रभावित लोगों के लिये राहत पैकेज जारी करने में अतिरिक्त व्यय भी किया है।

छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज आधारित उद्योगों की अपार संभावनाएं : बघेल

उद्योगपतियों से स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार दिलाने का आग्रह

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में लघु वनोपज पर आधारित उद्योगों की अपार संभावनाएं है। वनोपज आधारित उद्योगों से जहां स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा वहीं इसका लाभ उद्योगों को भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत सी बहुमूल्य औषधि और लघु वनोपज है, जिनका वेल्यू एडिशन कर देश भर में फैले बाजार का लाभ उठाया जा सकता है। श्री बघेल आज अपने निवास कार्यालय में उरला इंडिस्ट्रीज एशोसिएशन के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वनोपज आधारित उद्योगों के लिए उद्योगपति उत्पादों की गुणवत्ता और उनकी कीमत के संबंध में स्व-सहायता समूहों और संबंधित जिला कलेक्टरों से बातचीत कर उन्हें अपनी आवश्यकता के बारे में बता सकते हैं। इस आधार पर समूह उत्पाद उद्यमी को उपलब्ध कराएंगे। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कहा कि उद्योगों के संचालन का अनुभव, पूंजी और दक्ष लोगों

की टीम आपके साथ है। इसका उपयोग वन क्षेत्रों में उद्योग लगाने पर भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन उत्पाद के वेल्यू एडिशन और ब्रांडिंग करने से देश भर में फैले बाजार का लाभ उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के बस्तर और सरगुजा अंचल के जंगलों में बहुमूल्य लघु वनोपजों का भण्डार है। महिला स्व सहायता समूहों और वन समितियों के माध्यम से लघु वनोपज संग्रहण किया जा रहा है। महिला समूहों को संग्रहण के अलावा प्रसंस्करण कार्यों से भी जोड़ा गया है। यदि उद्योगपति लघु वनोपज जैसे शहद, इमली, चिरौंजी, तिखुर, आवला, हर्रा, बहेरा आदि पर आधारित उद्योग लगाते है और इसकी ब्रांडिंग करते है तो पूरे देश भर के बाजार का लाभ उठाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 44 प्रतिशत हिस्सा वनाच्छादित है। जहां कई प्रकार की बहुमूल्य वनौषधी पायी जाती है। इसके अलावा कई प्रकार के लघु वनोपज संग्रहित किए जाते है। छत्तीसगढ़ में लगभग 1200 करोड़ रूपए के लघुवनोपज का कारोबार होता है। यदि उद्योग इन वस्तुओं का वेल्यू एडिशन और ब्रांडिंग करते है तो उनकी कीमत बढ़ेगी। इससे वनों को बचाने के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी साथ ही उद्योगों को भी इसका भरपूर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति में वन आधारित उद्योगों को प्राथमिकता एवं कई प्रकार की रियायत की सुविधा दी जा रही है। उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य में भरपूर विद्युत, सस्ता श्रम और पर्याप्त पानी भी उपलब्ध हैं। इसका लाभ स्थानीय उद्योगपतियों को लेना चाहिए।

व्यापारियों ने सरकार से पूछा, क्या करेंसी नोट से वायरस फैलता है?

■ **स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन से पूछा है कि क्या करेंसी नोट भी संक्रामक रोगों के वाहक**

नई दिल्ली (ए.)। लॉकडाउन और तमाम सावधानी के बावजूद कोरोनावायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए व्यापारियों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन से पूछा है कि क्या करेंसी नोट भी संक्रामक रोगों के वाहक हैं?

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भेजा पत्र

कंफेडरेशन ऑफ़आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन को आज भेजे गए एक पत्र में कहा है कि अनेक रिपोर्ट के अनुसार करेंसी नोट्स संक्रामक रोगों के वाहक हैं। यदि ऐसा हो सकता है तो यह बेहद चिंता का विषय है। कैट का कहना है कि करेंसी नोट विभिन्न लोगों की एक अनजान श्रृंखला के माध्यम से लोगों तक पहुंचते हैं। ऐसे में क्या इनके जरिये भी कोरोना फ़ैल सकता है, इस पर सरकार को एक प्रामाणिक स्पष्टीकरण जारी करना चाहिए।

तीन रिपोर्टों की ओर दिलाया गया है ध्यान

कैट ने इस संबंध में हर्षवर्द्धन का ध्यान तीन रिपोर्टों की और दिलाया है जो करेंसी नोटों को वायरस के वाहक के रूप में साबित करती हैं। इस सन्दर्भ में कैट ने कहा कि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा वर्ष 2015 में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि 96 बैंक नोटों और 48 सिक्कों का लगभग पूरा नमूना वायरस, फंगस और बैक्टीरिया से दूषित था। वर्ष 2016 में तमिलनाडु में किए गए एक अध्ययन में 120 से अधिक नोट डाक्टरों, गृहिणियों, बाज़ारों, कसाई, क्षेत्रों से एकत्र किये गए जिसमें से 86.4 त्न नोट संक्रमण से ग्रस्त थे। वहीं वर्ष 2016 में कर्नाटक में हुए एक अध्ययन की रिपोर्ट में 100 रुपये, 50 रुपये, 20 और 10 रुपये के नोटों में से 58 नोट दूषित पाए गए थे।

इससे बचने के क्या हैं उपाय

कैट ने सवाल किया है कि यदि करेंसी नोट संक्रामक रोगों के वाहक हैं तो इससे बचने के क्या निवारक और सुरक्षा उपाय हैं? यह जानकारी न सिर्फ व्यापारियों के लिए बल्कि देश के आम लोगों के लिए भी फायदेमंद सिद्ध होगी। इससे करेंसी नोटों के जरिये कोरोनावायरस फैलाने की किसी भी संभावना पर रोक लगाई जा सकेगी।

चिंता का कारण बना हुआ है

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि संक्रामक रोगों को फैलाने में सक्षम मुद्रा नोटों का मुद्दा कुछ वर्षों से बेहद चिंता का कारण बना हुआ है। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी में, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय रिपोर्टों में इस बात की पुष्टि की गई है। अज्ञात लोगों के बीच करेंसी नोटों का लेन-देन होने के कारण विभिन्न वायरस और संक्रमणों के लिए करेंसी नोटों को बेहद घातक बताया गया है और इस तरह यह स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा दिखाई देता है।

एसबीआई के शुद्ध मुनाफे में चार गुना उछाल

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 2019-20 की मार्च तिमाही में चार गुना उछलकर 3,580.81 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2018-19 की इसी तिमाही में उसे 838.4 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। बैंक की कुल आय 31 मार्च 2020 को समाप्त तिमाही में 76,027.51 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 2018-19 की इसी तिमाही में 75,670.5 करोड़ रुपये थी। बैंक का सकल एनपीए पिछले वित्त वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में सुधरकर कुल कर्ज का 6.15 प्रतिशत रहा जो 2018-19 की इसी तिमाही में 7.53 प्रतिशत था।

आरबीआई ने की पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड बनाने की घोषणा

मुंबई (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को 250 करोड़ रुपये के एक शुरुआती योगदान के साथ एक पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (पीआईडीएफ) बनाने की घोषणा की। इस फंड से टीयर-3 से लेकर टीयर-6 तक के केंद्रों और पूर्वोत्तर राज्यों में कारोबारियों को पॉइंट्स ऑफ सेल (पीओएस) मशीन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पीओएस मशीनों के जरिए कारोबारी डिजिटल तरीके से भुगतान स्वीकार सकते हैं। इससे उन्हें नकदी के साथ सौदा करने की जरूरत नहीं रहती, जिससे जोखिम भी नहीं उठाना पड़ता। पिछले कुछ समय से रिजर्व बैंक देश में ई-भुगतान प्रणालियों के उपयोग को बढ़ावा दे रहा है। आरबीआई ने एक बयान में कहा, पिछले वर्षों के दौरान देश में भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र बैंक खातों, मोबाइल फोन, कार्ड आदि जैसे कई विकल्पों के साथ विकसित हुआ है। आरबीआई ने अपने बयान में कहा कि भुगतान प्रणाली के डिजिटीकरण को और बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में एक्सेप्टेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देने की जरूरत है।

एचडीएफसी बैंक ने लॉकडाऊन के बाद की जरूरतों को पूरा करने के लिए 'समर ट्रीट्स' की लॉन्च

मुंबई (ए.)। देश को लॉकडाऊन से राहत मिलनी शुरू होने के साथ आज एचडीएफसी बैंक ने 'समर ट्रीट्स' लॉन्च कीं, जो मर्चेंट्स, वेतनभोगी एवं स्वरोजगारी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए आकर्षक ऑफर प्रस्तुत करेंगी। कोविड-19 को फैलने से रोकने के प्रयासों ने उपभोक्ता की जीवनशैली एवं मांगों को बदल दिया है। वर्क फ्रॉम होम एवं स्कूल फ्रॉम होम के चलते फोन, टेबलेट, कंप्यूटर एवं संबंधित एक्सेसरीज़ की मांग बढ़ी है। सुरक्षित डिजिटल पेमेंट्स एवं प्राईवेट ट्रांसपोर्ट की मांग भी बढ़ रही है। इसी प्रकार शॉप्स एवं व्यवसाय दोबारा शुरू हो रहे हैं, इसलिए उन्हें बिज़नेस फाईनेंस की जरूरत है। एचडीएफसी बैंक ने इन सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए समर ट्रीट्स लॉन्च की हैं। समर ट्रीट्स के बारे में, पराग राव, कंट्री हेड - पेमेंट्स, कंज़्यूमर फाईनेंस, डिजिटल बैंकिंग एंड मार्केटिंग ने कहा, ''लॉकडाऊन ने नई कंज़्यूमर आदतों को जन्म दिया है। वर्क फ्रॉम होम एवं लर्न फ्रॉम होम का दौर शुरू हो गया है और यह भविष्य में भी जारी रहेगा।

मुख्य ऑफरों में शामिल हैं:

आईफोन एसई लॉन्च के लिए एक्सक्लुसिव डिस्काउंट, बड़े अप्लायंसेस के लिए नो कॉस्ट ईएमआई एवं नो डाउन पेमेंट, चुनिंदा ब्रांड्स पर डिस्काउंट एवं कैशबैक, क्रेडिट कार्ड द्वारा ऑनलाईन खर्चों पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त रिवार्ड प्वाईंट, बैंक के लेंडिंग उत्पादों पर एक्सक्लुसिव ऑफर, जिनमें शामिल हैं, कार लोन पर पहले तीन माह के लिए 70 फीसदी कम ईएमआई, टू-व्हीलर लोन पर तीन माह के लिए 50 प्रतिशत कम ईएमआई, वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए ओवरड्राफ्ट की सुविधा, स्वरोजगारी ग्राहकों के लिए कस्टम-मेड फाईनेंस स्कीम्स का संग्रह, पर्सनल लोन, गोल्ड लोन, क्रेडिट कार्ड पर लोन, संपत्ति पर लोन, बिज़नेस एवं होम लोन पर ऑफर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या पेज़ैप द्वारा ऑनलाईन खरीद करने पर अतिरिक्त रिवार्ड प्वाईंट।

व्यापारियों को आत्म निर्भर भारत के फायदे बताने वेबिनार का आयोजन

■ **छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कामर्स की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आत्मनिर्भर भारत स्कीम के तहत व्यापारियों को होने वाले आर्थिक फायदों की जानकारी हेतु वेबिनार मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सिडबी के स्टेट हेड प्रभु, सीए विकास गोलछा, सीए दिलीप गोलछा व सीए अंकिता मुंदड़ा की उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष जैन जीतेन्द्र बरलोटा, महामंत्री लालचन्द गुलवानी, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, प्रवक्ता द्वय ललित जैसिंघ एवं योगेश अग्रवाल ने यह जानकार दी है। इन्होंने बताया कि कार्यक्रम के विशेष वक्ता सीए विकास गोलछा ने बताया कि आत्म निर्भर स्कीम के तहत केन्द्र सरकार व्यापारियों के लिए जो 3 लाख करोड़ का पैकेज उनके वर्तमान में चल रहे बिजनेस लोन का 20 प्रतिशत तक दिया जा सकता है, इस स्कीम का फायदा वही व्यापारी उठा सकते है जिनका वर्ष 2019-20 का टर्नओवर 100 करोड़ से अधिक नहीं है।

साथ ही उनकी वर्तमान में चल रहे लोन का आउटस्टैंडिंग बैलेंस 25 करोड़ से अधिक नहीं है, साथ यह अतिरिक्त लोन चार वर्षो के लिये मिलेगा जिसमे 1 साल का मोरेटोरियम पीरियड रहेगा और उसके बाद 36 किश्तों में इसका रीपेमेंट होगा, इस लोन पर अधिकतम 9.25 प्रतिशत की ब्याज दर बैंको द्वारा चार्ज की जाएगी, यह दर एनबीएफसी के केस में अधिकतम 14 प्रतिशत रहेगी, इसमें अतिरिक्त कोलेटरल सिक्योरिटी की जरूरत नहीं होगी साथ ही प्रोसेसिंग फीस भी नहीं लगेगी, इसकी गारंटी भी सरकार देगी । इस स्कीम की आवेदन करने की समय सीमा 23 मई, 2020 से 31 अक्टूबर, 2020 तक है, साथ ही 3 लाख करोड़ के लोन के अप्रूवल तक ही यह स्कीम लागू रहेगी और व्यापारी इसका फायदा उठा पाएंगे ।

इस वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप से उपस्थित सिडबी प्रमुख सी वी के डी प्रभु ने जानकारी दी की व्यापारियों को किस प्रकार उनकी बैंक स्माल एवं मध्यम सेक्टर के उद्यमियों को लोन उपलब्ध कराती है। कोविड-19 को देखते हुए सरकार आधारित मैन्युफैक्चरिंग अथवा सर्विस सेक्टर को 5 प्रतिशत की दर से लोन उपलब्ध करा रही है । इस सूची में मास्क, ग्लव्स, हैंड सनटीज़र्स को शामिल किया गया है साथ ही उन्होंने बताया कि आत्म निर्भर भारत स्कीम का संचालन करने के जिम्मेदारी सिडबी को ही दी गई है । विशेष वक्ता सीए दिलीप जैन जी ने 20 लाख करोड़ की स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कैसे केन्द्र सरकार मार्केट में कैश फ्लो करने के लिए किया तरह विभिन्न स्कीम्स के तहत उद्योगों को फंड्स उपलब्ध करा रही है, क्या राहत सरकार ने उद्योगों को कोविड-19 की दुष्प्रभावों से उभरने के लिए दिए, जिससे वे अपने व्यापार को पहले जैसे संचालित कर पाये । एमएसएमई की परिभाषा में क्या परिवर्तन किया गया और इसका क्या परिणाम देखने को मिल सकता है इसमें भी विस्तार से जानकारी प्रदार की ।

विशिष्ट वक्ता सीए अंकिता मूंदड़ा जी ने बताया कि वर्तमान में किन किन उद्योगों की डिमांड है, फूड प्रोसेसिंग, फार्मास्यूटिकल आदि साथ ही ओर्गानिक फार्मिमग क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं है। उन्होने स्टार्टअप चालू करने की प्रक्रिया साथ ही इसके पंजीयन के संबंध में बताया, इसके कौन-कौन सेलोआन स्कीम वर्तमान में उपलब्ध है उसके बारे में भी व्यापारियों को जानकारी दी । व्यापारियों का वर्तमान में जो लोन चल रहा है उनकी ब्याज दरे कैसे घटाई जा सकती है इस प्रक्रिया से भी अवगत कराया व महिला उद्यमियों के लिए दी उपलब्ध स्कीम की जानकारी प्रदान की।

उद्योग नीति का भरपूर लाभ उठा सकते है

इसके अलावा उन्होने छत्तीसगढ़ सरकार की उद्योग नीति 2019-24 के बारे भी बताया जिसमे उच्च प्राथमिक, प्राथमिक एवं अपात्र उद्योगों के अनुसार साथ ही क्षेत्र की श्रेणी के अनुसार ब्याज में सब्सिडी जो कि 10 लाख से लेके अधिकतम 55 लाख तक वार्षिक हो सकती है साथ ही स्थायी पूंजी निवेश भी सूक्ष्म उद्योगों के लिये 10 लाख से 24 लाख तक मिल सकते है । व्यापारी उद्योग नीति के अनुसार नए व्यापार भी शुरू कर सकता है और उद्योग नीति का भरपूर लाभ उठा सकता है। कार्यक्रम का संचालन चेम्बर कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष लोकेश जैन ने किया।

आज का भविष्यफल

मेष: मेष राशि वालों का दिन आमोद-प्रमोद में बीतेगा। वृश्चिक राशि का चंद्रमा आपके सामने ढ़ेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा। मंगल क्रियाशील और पुरूषार्थी ग्रह है इसलिए सुव्यवस्था करने में आपका कोई सानी नहीं है।

वृषभ: राशि का स्वामी शुक्र प्रथम तन भाव में होने से शुभ हो गया है। राजनीतिक प्रतिद्वंदी आज आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

मिथुन: राशि का स्वामी बुध प्रथम लग्न केंद्र भाव में राहु के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा।

कर्क: आज का दिन मिश्रित फलदायी है। राशि का स्वामी चंद्रमा वृश्चिक राशिगत होने से जाति व श्रेणी में हीन कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है। आज आपकी मनःस्थिति और स्वास्थ्य कुछ प्रतिकूल रहेगा।

सिंह: मानसिक रूप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

कन्या: ग्रह-नक्षत्र आज आप को धन के लेन-देने पर सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। राशि का स्वामी बुध अपने के घर दशम भाव घर में संचार कर रहे हैं। फलस्वरूप वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यो पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा।

तुला: आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। तन-मन से स्वस्थ होकर कार्य कर पाएंगे, जिससे कार्य में उत्साह एवं उर्जा अनुभव करेंगे। घर का वातावरण प्रफुल्लित रहेगा। प्रतिद्वंदियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे।

वृश्चिक: आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आपकी राशि पर शनि योग एवमं वृश्चिक राशि गत चंद्रमा से आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहेगा। आज किसी से पैसों की लेन-देन न करें।

धनु: आज आपका दिन बहुत लाभदायी है। व्यापार या नौकरी में लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। पूर्णतः लाभदायक दिन है।

मकर: राशि का स्वामी शनि यद्यपि प्रथम भाव में उदय है लेकिन चंद्रमा जो दैनिक जीवन का बीज है, एकादश भाव में राज्य विजय कारक है। राज्य कार्यो में सफलता, घर में धन-धान्य की वृद्धि होगी।

कुंभ: राशि स्वामी शनि द्वादश भाव व्यय में मकर राशि में शुक्र चतुर्थ संचार कर रहा है। कर्मफल की सिद्धि कारक है। आज सत्पुरूषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी।

मीन: आपकी राशि का स्वामी देव गुरू बृहस्पति राशि से एकादश भाव में मकर राशि का होकर विद्यमान है। चंद्रमा आज वृश्चिक राशि पर एकादश का चल रहा है। घर एवं बाहर दोनों जगह सावधानी बरतें।

सू- दोकू क्र.044

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 43 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -044

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, दुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, बेड़ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तलाक करने वाला,विवाहक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुलमेंह, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 43 का हल

कोरोना संक्रमण के खौफ पर राहत भरी खबर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया 10 जड़ी-बूटी से तैयार चूर्ण लॉन्च

वायरस से बचाएगा आयुर्वेदिक काढ़ा, बढ़ाएगा इम्युनिटी पॉवर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस के लगातार प्रदेश में मिल रहे मरीजों की संख्या से सभी चिंतित हैं। संक्रमण के खौफ के बीच आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक ऐसे जादुई काढ़े और चूर्ण उत्पाद को लॉन्च किया जिसमें शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और कोरोना वायरस के संक्रमण से शरीर लड़ सके। सर्तकता के साथ आयुर्वेदिक चूर्ण काढ़े से कोरोना वायरस के अटैक को रोका जा सकता है।

वैश्विक मुसीबत की घड़ी में लाभदायी आयुर्वेदिक काढ़े की लांचिंग की खबर से प्रदेश के खौफजदा लोगों को राहत मिली है। आज मुख्यमंत्री ने अपने निवास में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक आयुर्वेदिक सर्वज्वरहर चूर्ण (काढ़ा) लॉन्च किया। यह चूर्ण गरियाबंद जिले के केशोडार में भूतेश्वर हर्बल वन धन केन्द्र की महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 10 जड़ी बूटियों को मिलाकर तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि इम्युनिटी बढ़ाकर ही कोरोना वायरस से बचा जा सकता है। समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किया गया यह आयुर्वेदिक सर्वज्वरहर चूर्ण कोरोना वायरस से बचाव में काफी मददगार होगा। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज और अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा कोरोना महामारी से निपटने के लिए लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु वितरित किए जा रहे आयुर्वेदिक काढ़े की सराहना भी की। इस अवसर पर राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव वन मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, विनोद वर्मा, राजेश तिवारी, रूचिर गर्ग, प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी, पीसीसीएफ एवं प्रबंध संचालक लघु वनोपज संघ संजय शुक्ला, राज्य योजना आयोग के सदस्य के.सुब्रमण्यम और सदस्य सचिव राजेश राणा भी उपस्थित थे।

जादुई लाभ वाले काढ़े में यह मिश्रण

गरियाबंद की महिला समूह द्वारा यह चूर्ण सौंठ, काली मिर्च, पीपली, लौंग, छोटी इलायची, बड़ी इलायची, दाल चीनी, जायफल, जावित्री एवं तुलसी पत्र के मिश्रण से तैयार किया गया है। इस चूर्ण का उपयोग करने के लिए 10 मिली लीटर पानी उबालने के बाद उसमें डेढ ग्राम चूर्ण मिलाकर पानी उबालना बंद कर 10 मिनट के लिए टंडा करने और फिर इसे छानकर इसके सेवन से लाभ होता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए इस चूर्ण का न्यूनतम तीन दिनों का तक सेवन करना होगा। इस वन धन केन्द्र की महिलाओं द्वारा अश्वगंधा से तैयार नवायष चूर्ण, पुनर्नवा चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, सतावरी चूर्ण, कौंच चूर्ण, तुलसी चूर्ण, महाविषगर्भ तेल, भृंगराज तेल जैसे उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इस मिश्रण से केशोडार में भूतेश्वर हर्बल वन धन केन्द्र की महिला स्व-सहायता समूह ने तैयार किया है।

ई-किचन मोबाइल एप: फलों व सब्जियों की होम डिलवरी

***रायपुर।** देश व दुनिया के सामने संकट पैदा करने वाली कोरोना महामारी से बचाव ही सुरक्षा है। कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार को तीसरे स्टेनप यानी समुदाय स्तर पर फैलाव को रोकने के लिए लॉकडाउन के बाद अनलॉक के इस दौर में लोग घरों से निकलने से कतरा रहे हैं। ऐसे में हरी व ताजी सब्जी व फल की दरकार हर घर में होती है जिसकी वजह से लोग बाजार की भीड़ में जूझते हुए नजर आते हैं। वायरस के खतरे से बचाव के लिए इंदिरागांधी एग्रीकल्च र यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी ने ई-किचन मोबाइल एप इजात किया है। अब 'ई किचन मोबाइल एप भीड़ वाले सब्जी के बाजारों से निजात दिलाएगा। मोबाइल एप कोरोना वारियर्स बनकर घर बैठे सीधे किसानों के खेतों से ताजी-हरी सब्जी उपलब्ध कराएगा।*